RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 54
फरीदाबाद, शुक्रवार, 31 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




12 भाषाओं में होगी आईपीएल की कमेंट्री

पेज - 12


INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad
Tel.: 0129-2221469, 9891547947


**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 25.00°C
न्यूनतम 17.00°C

## क्विक न्यूज

### अनियमितता मामले में जेडीएस विधायक अयोग्य करार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तुमकुरु ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (सेकुलर) के विधायक डीसी गौरीशंकर स्वामी को कथित चुनावी अनियमितता के एक मामले में बृहस्पतिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सदस्यता से अयोग्य करार दिया। हालांकि अदालत ने अयोग्यता को एक महीने के लिए निलंबित करते हुए स्वामी को उच्चतम न्यायालय में अपील दाखिल करने की अनुमति दी।

### शराब कारोबारी समीर महेंद्रू की अंतरिम जमानत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में चिकित्सा आधार पर शराब कारोबारी समीर महेंद्रू की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के यह कहने के बाद एक हफ्ते की राहत दी कि उसे जमानत बढ़ाने की अर्जी पर जवाब देने के लिए समय चाहिए।

पतंजलि योगपीठ में यूनिवर्सिटी का उद्घाटन समारोह संपन्न

# अगली रामनवमी तक भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगे : शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** हरिद्वार

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर हरिद्वार पहुंचे। वे गुरुकुल कांगड़ी यूनिवर्सिटी के 113 वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने गृहमंत्री का स्वागत किया। शाह को विद्या मार्तंड की उपाधि भी दी गई। इसके बाद उन्होंने दीक्षांत समारोह में 182 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए। अमित शाह ने पतंजलि योगपीठ में

### शाह को विद्या मार्तंड की उपाधि दी गई

### योग गुरु रामदेव ने सौ युवाओं को संन्यास की दीक्षा दिलाई

यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। अमित शाह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद हैं कि अगली रामनवमी तक भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान हो



जाएंगे। शाह ने कहा गुरुकुल कांगड़ी 100 साल से अपने सिद्धांतों पर चल रहा है। गुरुकुल कांगड़ी एक वटवृक्ष बनकर हमारी पुरानी शिक्षा पद्धति को दुनिया में फैला रहा है। इसने वैदिक शिक्षा की परंपरा को जिंदा रखा है।

हरिद्वार में पतंजलि संन्यास आश्रम में संन्यास दीक्षा महोत्सव में आठवें दिन बुधवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ऋषिग्राम पहुंचे और चतुर्वेद पारायण यज्ञ में आहुति दी। आज रामनवमी के अवसर पर उन्होंने स्वामी रामदेव वीआईपी घाट पर 100 युवाओं को संन्यास की दीक्षा दिलाई।

# हुंकारो ने मेटा थिएटर अवार्ड्स में सात पुरस्कार जीते

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**महिंद्रा** एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स (मेटा) 2023 के 18वें संस्करण में राजस्थानी कथा नाटक 'हुंकारो' ने 13 श्रेणियों में सात पुरस्कार जीते। मोहित टकलकर द्वारा निर्देशित और जयपुर स्थित उजागर ड्रामाटिक एसोसिएशन द्वारा निर्मित, हुंकारो ने सात श्रेणियों में पुरस्कार जीते। इसमें लाइट डिजाइन (विक्रांत ठाकर), कॉस्ट्यूम डिजाइन (देविका काले), कलाकारों की टुकड़ी, मूल पटकथा (चिराग खंडेलवाल और



अरविंद चरण), सर्वश्रेष्ठ मंच डिजाइन और निर्देशन (मोहित टकलकर) और निर्माण शामिल है। हुंकारो तीन कहानियों पर आधारित नाटक है, जिसमें उम्मीद की ताकत के बारे में बताया गया है कि कैसे बिना उम्मीद के जीना संभव नहीं है।

दिग्विजय द्वारा जर्मनी को धन्यवाद कहना राजनीतिक मुद्दा बना

# भाजपा ने कांग्रेस को राष्ट्र का कलंक कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी पार्टी पर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी ताकतों को आमंत्रित करने का आरोप लगाया तथा उन्हें व उनकी पार्टी को राष्ट्र के लिए कलंक करार दिया। दरअसल, राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने पर जर्मनी देश की तरफ से प्रतिक्रिया आई थी। इस प्रतिक्रिया पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने जर्मनी को धन्यवाद कहा। धन्यवाद कहने के बाद ही भाजपा ने कांग्रेस को अब आड़े हाथ लिया है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और किरेन रिजीजू सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जर्मनी की प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत किसी भी विदेशी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय और डॉयचे वेले के मुख्य अंतरराष्ट्रीय संपादक रिचर्ड वॉकर को राहुल गांधी के उत्पीड़न के जरिए भारत में लोकतंत्र से समझौता करने का संज्ञान लेने के





लिए धन्यवाद दिया था। दिग्विजय सिंह ने वाकर का एक ट्वीट टैग किया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता पर प्रतिक्रिया देते हुए जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का एक वीडियो है।

साथ ही उन्होंने लिखा, राहुल गांधी को परेशान करके भारत में लोकतंत्र से समझौता किया जा रहा है और इसका संज्ञान लेने के लिए जर्मनी के विदेश मंत्रालय तथा डॉयचे वैले के मुख्य अंतरराष्ट्रीय संपादक रिचर्ड वाकर का शुक्रिया। जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, हमने भारत में विपक्षी नेता राहुल गाधी के खिलाफ फैसले और उनकी संसदीय सदस्यता निलंबित किए जाने का संज्ञान लिया है। प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हमारी जानकारी के मुताबिक, गांधी फैसले को चुनौती दे सकते हैं। तब यह स्पष्ट होगा कि क्या यह फैसला टिक पाएगा और क्या निलंबन का कोई आधार है? प्रवक्ता ने कहा कि जर्मनी को उम्मीद है कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्यवाही पर न्यायिक स्वतंत्रता के मानक और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत समान रूप से लागू होंगे।

भाजपा के कई नेताओं ने कांग्रेस और दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित कर रहा है। केंद्रीय विधि मंत्री किरेन रिजीजू ने दिग्विजय सिंह के ट्वीट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने की खातिर राहुल गांधी का आभार। रिजीजू ने कहा, याद रखिए, भारतीय न्यायपालिका विदेशी हस्तक्षेप से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब और विदेशी प्रभाव को सहन नहीं करेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

सिंह के ट्वीट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, यह देश के लिए अपमानजनक है कि कांग्रेस और राहुल गांधी भारत की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और कानूनी लड़ाई को देश के भीतर लड़ने में विश्वास नहीं करते, वे विदेशी शक्तियों को हमारे आंतरिक मामलों मे दखल देने के लिए आमंत्रित करते हैं। परंतु प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में नया भारत किसी विदेशी दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।


# इंदौर में बावड़ी की छत ढही, 13 लोगों की मौत, 17 को बचाया

**एजेंसी।** इंदौर

**इंदौर** के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी पर बावड़ी की छत धंसने से 13 लोगों की मौत हो गई। 40 फीट गहरी बावड़ी में 30 से ज्यादा लोग गिरे थे। बावड़ी से कुल 11 शव निकाले गए, जबकि पुलिस ने रस्सियों की मदद से 19 लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया। बावड़ी में चार से पांच फीट पानी है। नगर निगम ने तीन पंप की मदद से पानी निकाला। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर में निर्माण और खुदाई का काम चल रहा है। आशंका है कि यह भी हादसे की वजह हो सकता है। कुछ रहवासियों ने चूहों के कारण कुआं खोखला होने की बात भी कही है।

हादसा सपना संगीता रोड स्थित स्नेह नगर में हवन के दौरान हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लोग बावड़ी की छत पर बैठे थे। वजन से उसकी छत टूट गई और लोग नीचे गिर गए। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है। मंदिर में दर्शन करने आया एक बच्चा अब भी लापता है। कलेक्टर ने घटना की मजिस्ट्रियल जांच कराने की बात





करीब 30 लोग 40 फीट नीचे बावड़ी में गिरे

कही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों के 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार घायलों का इलाज कराएगी।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया बावड़ी से निकाली गई डेडबॉडी में से 10 महिलाओं की हैं। अभी तक हादसे में 13 लोगों को खो चुके हैं। मौके पर प्रशासन रेस्क्यू कार्य में जुटा था। हादसे की जांच के आदेश भी दिए जा चुके हैं। मरने वाले अधिकांश इंदौर पटेल नगर के रहने वाले हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

बुजुर्गों का ख्याल रखिए, यही हमारी धरोहर

# आइएएस के दादा-दादी ने सुसाइड नोट लिख जहर खाकर आत्महत्या की

**पायनियर समाचार सेवा।** चरखी दादरी

**चरखी** दादरी में परिवार द्वारा सताए जाने से आहत होकर बुजुर्ग दंपति ने बुधवार रात को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इनका पोता विवेक आर्य आइएएस अधिकारी है। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर दंपति के एक बेटे, दो पुत्रवधू और एक भतीजे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट में एक लाइन यह भी लिखी है कि मेरे बेटों के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, लेकिन उनके पास हमें देने के लिए दो रोटी नहीं हैं। दंपति का नाम जगदीशचंद्र आर्य (78) और भागली देवी (77)है। दोनों मूल रूप से गांव गोपी के रहने वाले थे। फिलहाल अपने बड़े बेटे वीरेंद्र के पास बाढ़डा में रह रहे थे। वीरेंद्र का पुत्र विवेक आर्य ही 2021 बैच का आइएएस अधिकारी है। रात को ढ़ाई बजे के करीब इन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया।

जगदीश चंद्र द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट हूबहू छाप रहे हैं। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी इस सुसाइड नोट की यह पुष्टि नहीं करते हैं कि यह जगदीश चंद्र द्वारा ही लिखा गया है। इस सुसाइड नोट को जांच के लिए मधुबन एफएसल विभाग भेजा जाएगा। वहां से हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस सुसाइड नोट को सही व पुष्ट माना जाएगा। लेकिन पुलिस जो जांच कर रही है, वह नीचे दिए गए नोट के आधार पर ही कर रही है।

'मैं जगदीश चंद्र आर्य आपको अपना दुख सुनाता हूं। मेरे बेटों के पास बाढ़ड़ा में 30 करोड़ की संपत्ति है, लेकिन उनके पास मुझे देने के लिए दो रोटी नहीं हैं। मैं अपने छोटे बेटे के पास रहता था। छह साल पहले उसकी मौत हो गई। कुछ दिन



### सुसाइड नोट में लिखा, 30 करोड़ की संपत्ति, लेकिन नहीं मिल रही थी दो रोटी

उसकी पत्नी ने उसे रोटी दी, लेकिन बाद में उसने गलत व्यवहार करना शुरू कर दिया। मेरे भतीजे को अपने साथ ले लिया। मैंने इसका विरोध किया तो उनको यह बात अच्छी नहीं लगी। क्योंकि मेरे रहते हुए वे दोनों गलत काम नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने मुझे पीटकर घर से निकाल दिया। मैं दो साल तक अनाथ आश्रम में रहा और फिर आया तो इन्होंने मकान को ताला लगा दिया। इस दौरान मेरी पत्नी को लकवा आया और हम दूसरे बेटे के पास रहने लगे। अब उन्होंने भी रखने से मना कर दिया और मुझे बासी आटे की रोटी और दो दिन का दही देना शुरू कर दिया। ये मीठा जहर कितने दिन खाता, इसलिए मैंने सल्फास की गोली खा ली। मेरी मौत का कारण मेरी दो पुत्रवधु, एक बेटा व एक भतीजा है। जितने जुल्म इन चारों ने मेरे ऊपर किया, कोई संतान अपने माता-पिता पर न करें। मेरी सुनने वालों से प्रार्थना है कि इतना जुल्म मां-बाप पर नहीं करना चाहिए और सरकार और समाज इनको दंड दे। तब जाकर मेरी आत्मा को शांति मिलेगी। मेरी जमा पूंजी बैंक में दो एफडी और बाढ़ड़ा में दुकान है, वो आर्य समाज बाढडा को दी जाए।'

## कश्मीरी महिला ने दुनिया का सबसे छोटा मंडला शिकारा बनाया

**पहलगाम।** बचपन से ही चित्रकारी का शौक रखने वाली माहिरा शाह मंडला कला की ओर आकर्षित हुईं और उनके नाम सबसे छोटा मंडला शिकारा बनाने का विश्व रिकॉर्ड है। मंडला एक प्राचीन भारतीय कला पद्धति है, जिसमें जटिल डिजाइन में गोलाकार चित्रण शामिल है।



कला के इस रूप को भारतीय कलाकार एसएच रजा ने लोकप्रिय बनाया, जिन्होंने मंडला कला के कई चित्र बनाए, जिससे उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। माहिरा शाह ने मंडला कला में दुनिया का सबसे छोटा शिकारा बनाने के लिए इंडियन बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया। कलाकृति कमोबेश ए-3 शीट के आकार की है। शाह ने एजेंसी से कहा, मैं खाली समय में मंडला (कला) में हाथ आजमाती थी। मेरे पति और ससुर ने देखा कि मुझमें कुछ प्रतिभा है और उन्होंने मुझे इसमें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# वड़ोदरा में राम नवमी के जुलूस पर पथराव, सुरक्षा कड़ी की



**एजेंसी।** वड़ोदरा

**गुजरात** के वड़ोदरा शहर में फतेहपुरा इलाके में राम नवमी के जुलूस पर बृहस्पतिवार को पथराव किया गया। पुलिस उपाधीक्षक यशपाल जगनिया ने कहा कि इस दौरान कुछ गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। जुलूस पुलिस सुरक्षा में पूर्व निर्धारित मार्ग से निकाला गया। जगनिया और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटना का पता चलने के बाद मौके पर पहुंचे।

बजरंग दल के एक नेता ने आरोप लगाया कि पहले भी इस तरह की घटनाएं होने की जानकारी के बावजूद जुलूस के दौरान कहीं पुलिस नहीं दिखी। हर साल इसी मार्ग से जुलूस निकाला जाता है। हालांकि, जगनिया ने दावा किया कि बृहस्पतिवार को शहर में निकाले गए हर जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था की गई।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हालत नियंत्रण में है। घटना उस समय की है, जब जुलूस एक मस्जिद के निकट पहुंचा और लोगों ने मौके पर पहुंचना शुरू कर दिया। यह सांप्रदायिक दंगा नहीं है। हमने भीड़ को तितर-बितर किया और जुलूस आगे बढ़ा। अवर पुलिस आयुक्त मनोज निनामा भी मौके पर पहुंचे और शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करने का आदेश दिया।

## गठबंधन सरकार नैतिकता के आधार पर नहीं बनी : हुड्डा



**जींद।** कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बृहस्पतिवार को हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जननायक जनता पार्टी (जजपा) गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नैतिकता के आधार पर नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के आधार पर बनी है।

उन्होंने उचाना के हलेवा गांव में हाथ जोड़ो अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि जजपा ने बुजुर्गों को वादे के मुताबिक 5100 रुपये महीने पेंशन न देकर धोखा दिया है। हुड्डा ने साथ वादा किया कि कांग्रेस की प्रदेश में सरकार बनने पर बुजर्गों को देश में सबसे अधिक 6000 रुपये महीने की पेंशन दी जाएगी।

# सरकार सुनिश्चित करे कि भूटान के साथ साझेदारी मजबूत बनी रहेगी: कांग्रेस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भूटान के साथ भारत की साझेदारी मजबूत और गहरी बनी रहे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान जारी कर यह दावा भी किया कि भूटान और भारत के बीच अब तक के अटूट संबंधों को आक्रामक चीन से चुनौती मिल रही है। उन्होंने यह बयान उस वक्त दिया है, जब हाल ही में ऐसी खबर आई थी कि भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने कहा कि डोकलाम विवाद के समाधान में चीन की भी भूमिका है।

रमेश ने कहा, भूटान और भारत के बीच 1949 से अति घनिष्ठ संबंध रहे हैं। सितंबर 1958 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में भूटान की पहली राजकीय यात्रा की। उस समय 69 वर्ष की आयु में नेहरू 10 दिनों तक 15000 फीट की ऊंचाई को छूने वाले



दुर्गम रास्तों पर पैदल चलकर लगभग 105 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए भूटान पहुंचे। उनका कहना था, उसके बाद से भूटान और भारत के बीच बेहतरीन द्विपक्षीय संबंध रहे हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ पहुंचा है।

रमेश ने दावा किया, मोदी सरकार ने 2017 के डोकलाम गतिरोध को एक बड़ी जीत के रूप में प्रस्तुत किया। फिर भी तब से, चीनी इस क्षेत्र में एक अभूतपूर्व सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया, चीन की इस नई मौखिक, भौगोलिक और सैन्य आक्रामकता का जवाब मोदी सरकार कब देगी?

# दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश के साथ फिर मौसम हुआ सर्द

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**सक्रिय** हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते गुरुवार को भी एक बार फिर मौसम का मिजाज शाम होते-होते बदल गया। सुबह के समय आसमान साफ रहा लेकिन दोपहर के बाद अचानक बादल छाए। शाम तक कई इलाकों में तेज हवा चलने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। हालांकि मौसम विभाग ने पहले ही समूचे हरियाणा समेत दिल्ली एनसीआर के इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जता दी थी।

हरियाणा एवं दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में गुरुवार शाम को

### हरियाणा में कई स्थानों पर गिरे ओले

### चार अप्रैल के बाद तापमान बढ़ने के आसार

काफी तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश का यह दौर 30 मार्च के अलावा 31 मार्च को तक जारी रह सकता है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में ओलावृष्टि व 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना जताई है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज होगी। चार अप्रैल के बाद से एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है।

दिल्ली एनसीआर के फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद, सोनीपत, दिल्ली में खूब तेज बारिश हुई। इस बारिश के कारण अप्रैल की शुरुआत भी सुहावने मौसम के साथ होगी। चार अप्रैल तक अधिकतम तापमान 28 से 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15-16 डिग्री के बीच बना रहेगा। अमूमन एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक अधिकतम तापमान 33.5 और न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होता है।



### शहर का तापमान

- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 17.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में सिंदुर खेला कार्यक्रम: दोपहर 12 बजे।
- बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे।
- जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे।
- जिलेभर के आयुष्मान मित्रों की हड़ताल जारी: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड के पोर्टफोलियो में कई शेयर, बॉन्ड और कई अन्य वित्तीय उपकरण होते हैं। परिणामस्वरूप, व्यक्ति म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करके, विभिन्न उपकरणों में अपनी होल्डिंग को विविधता प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा, व्यक्ति विभिन्न म्यूचुअल फंड योजनाओं में अपनी होल्डिंग को भी विविधता प्रदान कर सकते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

#### फिर खोला एमएफएमबी पोर्टल

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार ने किसान हित में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराने से वंचित रहे किसानों के लिए पोर्टल को पुनः खोलने का फैसला लिया है। पोर्टल पर पंजीकृत होने के बाद ये किसान अब क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल में हुए नुकसान का ब्यौरा भर सकते हैं। डीसी ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त टीवीएसएन प्रसाद की वीडियो कॉन्फ्रेंस उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बेमौसम बरसात तथा ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में फसलों को नुकसान हुआ है, जिसके लिए हरियाणा सरकार किसानों को मुआवजा देगी। इसके लिए सरकार ने स्पेशल गिरदावरी के आदेश दिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल नुकसान वाले गांवों के लिए खोल दिया गया है।

### क्विक न्यूज

#### फरार झपटमार गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी की टीम ने स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम मानसिंह है आरोपी राजस्थान के करौली जिले के गांव सलावद का तथा हाल में नई दिल्ली के प्रहलादपुर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से फरीदाबाद की लक्कड़पुर एरिया के शमशान घाट के पास से थाना सराय ख्वाजा के स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी के अन्य साथी बनवारी को पहले ही गिरफ्तार कर फोन बरामद किया जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# अरावली : प्रशासन की अघोषित छूट से सरेआम नष्ट कर रहे जंगल और पहाड़

## चारों तरफ हो रहे अवैध निर्माण फिर भी सिर्फ एक खिलाफ कराया गया केस दर्ज

**राजेश दास। फरीदाबाद**

**वन** विभाग, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही के कारण लगातार भूमाफिया अरावली पर्वत का चीरहरण करने में जुटे हुए हैं। अरावली के जंगलों में चारों तरफ पेड़ों को काटकर और पहाड़ों को समतल कर सरेआम अवैध निर्माण किये जा रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी ने पहले ही अरावली पर बने सभी अवैध निर्माणों को गिराने के आदेश दिये हुए हैं। आदेश आने पर प्रशासन की तरफ से दिखावे के लिए अरावली पर बने कुछ फार्म हाउसों में तोड़फोड़ भी की गई थी, लेकिन इसके बाद प्रशासन ने न जाने किन कारणों से कार्रवाई रोक दी। जिसके बाद लोगों ने तोड़े गए फार्म हाउसों का फिर से निर्माण कर लिया। प्रशासन की इस अघोषित छूट का लाभ उठाकर लोगों ने चारों तरफ निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यहां तक कि घने जंगलों के भीतर भी धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण हो रहे हैं। लेकिन हाल ही में वन विभाग द्वारा अरावली पर अवैध रूप से बनाए जा रहे एक फार्म के मालिकों पर केस दर्ज किया है। दर्जनों की संख्यां में पहुंच वालों ने फार्म हाउस बरकरार रखने के लिए केंद्र सरकार के पोर्टल पर अनुमति पाने को आवेदन तक किया हुआ है। जिसमें कई तरह की दलीलें तक दी गई।



अरावली के घने जंगलों का दृश्य।



जंगल में बने फार्म हाउसों के लिए जाने का रास्ता।

### हाल ही में एक केस दर्ज

**अरावली** पर्वत पर जिले की सीमा में चारों तरफ धड़ल्ले के साथ फार्म हाउस और अन्य निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। काफी समय बाद अब 23 मार्च को वन विभाग की शिकायत पर थाना सूरजकुंड पुलिस ने एक मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें सूरजकुंड बीट के वन रक्षक नवीन कुमार ने कहा है कि वे अपनी टीम के साथ अरावली पर डेथ वैली के पास गश्त कर रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि पेड़ों की कटाई करने के बाद जड़ों में आग लगाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। फार्म हाउस में लेवलिंग करने के लिए जेसीबी की मदद से मिट्टी भी डाली हुई थी। वहीं पर ट्रैक्टर ट्रॉली भी खड़ी हुई पाई गईं। वहीं अवैध खनन कर गेट तक पत्थरों से रास्ता भी बनाया गया था। वहां मौजूद एक महिला और पुरूष से पूछताछ करने पर फार्म हाउस मालिकों का पता लगाकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। यह फार्म विपक्षी नेता का होने पर केस दर्ज हुआ है। अन्यथा चारों तरफ पहुंच वाले लोगों के फार्म हाउस बन रहे हैं।

### अरावली पर प्लॉटिंग भी हो रही



अरावली के जंगलों में बने फार्म हाउस।

**अरावली** के वन क्षेत्र के हालात देख कर स्पष्ट लगता है कि भूमाफियाओं को किसी का डर ही नहीं हैं। राजनेताओं की शह पर यह खेल हो रहा है। सड़क किनारे कब्जा करना भूमाफियाओं के लिए आम बात है। अब भूमाफिया जंगल की प्राचीन धरोहरों के आसपास भी कब्जे करने से नहीं चूक रहे हैं। अनंगपुर में आनंद वन रिजॉर्ट से करीब एक किलोमीटर आगे कच्चे रास्ते में 11वीं शताब्दी का अनंगपुर बांध बना हुआ है। इस बांध को किसी समय में दिल्ली को पानी में डूबने से बचाने के लिए बनाया गया था। यह बांध फिलहाल पुरातत्व विभाग की सम्पति है। नियमों के मुताबिक किसी भी प्राचीन धरोहर के आसपास 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं करवाया जा सकता है। 300 मीटर की दूरी पर अनुमति के बाद निर्माण करवाया जा सकता है। जबकि इस प्राचीन बांध के 100 मीटर के दायरे में ही धड़ल्ले के साथ वन क्षेत्र की जमीन पर अवैध रूप से पक्के मकानों का निर्माण कार्य करवाया जा चुका था। दबाव के बाद निगम ने कार्रवाई की थी। लेकिन अब फिर वहीं स्थिति है।

### फिर बन गए तोड़े गए निर्माण

**एनजीटी** ने भी करीब ढाई साल पहले अरावली पर्वत से अवैध निर्माणों को हटाने के आदेश दिये थे। उस समय पहले तो वन विभाग व जिला प्रशासन बैठकें करने और फिर नोटिस बांटने में व्यस्त होता रहा। बाद में डेडलाइन नजदीक आने पर वन विभाग द्वारा मात्र दो फार्म हाउसों की दीवारों को तोड़कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया था। पिछले दिनों खोरी में तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने फिर से जंगल की जमीन खाली करवाने के लिए सभी अवैध निर्माणों को तोड़ने के आदेश दिये थे। लेकिन उस समय भी नगर निगम ने अरावली पर बने कुछ फार्म हाउसों की चारदीवारी तो कुछ फार्म हाउसों में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की थी। लेकिन इसके बाद निगम ने कार्रवाई बंद कर चुप्पी साध ली। जिसके कुछ समय बाद ही तोड़े गए फार्म हाउसों की चारदीवारी और अन्य निर्माण फिर से शुरू हो गए। ज्यादातर फार्म हाउसों में निर्माण कार्य पूरा भी हो चुका है।

### फैसले से जागी थी उम्मीद

**सुप्रीम** कोर्ट का फैसला आने के बाद पर्यावरण प्रेमियों के मन में अरावली को दोहन से बचाने की उम्मीद जागी थी। फरीदाबाद और गुरूग्राम के सैंकड़ों पर्यावरण प्रेमी पिछले लंबे समय से अरावली को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। कुछ लोग अदालत का दरवाजा खटखटा कर तो कुछ लोग आंदोलनों के माध्यम से अरावली को बचाने में जुटे हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट आदेश आने पर उन्हें काफी बल मिला था। लेकिन देखना यह है कि प्रशासन अरावली से अवैध निर्माणों को हटाने के लिए कब कदम उठाता है।

# उद्देश्यपूर्ण जीवन की प्रेरणा देते हैं ऐसे शिविर: प्रो.भगत

## 2047 के भारत के लिए अपने को अभी से तैयार करना होगा : डॉ. पवन सिंह

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



दीप जलाते हुए प्रो. सविता भगत।

**समाज** कार्य प्रायोगिक गतिविधि है जिसने सामाजिक तानाबाना समझ कर नित नये प्रयोग संभव है। ऐसे शिविर समाजकार्यकर्ताओं कोप्रैक्टिकल एक्सपोजर देता है। शिविर में मिले अनुभव को छात्रों ने जीवन और आगे प्रोफेशनल करियर में प्रयोग करना चाहिए। यह बतौर मुख्य वक्ता प्रो. सविता भगत, प्राचार्य, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद ने समाजकार्य पाठयक्रम, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा ग्राम सीकरी में आयोजित सात दिवसीय समाज कार्यशिविर के समापन सत्र में कहें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया विभाग द्वारा आयोजितसात दिवसीय समाज कार्य शिविर बीएसडब्लू वितीय वर्ष के छात्रों के लिए ग्रामीण शैक्षिक शिविर पाठ्यक्रम के एक अनिवार्य भाग केरूप में आयोजित किया गया था, जो छात्रों को समूह कार्य, टीम भावना और ग्रामीण जीवन के विभिन्न आयामों को सीखने में सक्षमबनाता है। कार्यक्रम की शुरुआत 24 मार्च को ग्राम सीकरी में 3 पेड़ (त्रिवेणी) लगाकर की गई। समापन सत्र में कार्यक्रम के मुख्यअतिथि फ्लेम्स के डीन प्रो. अतुल मिश्रा थे। उन्होंने छात्रों को समाज के बारे में अधिक जानने और इसके विकास में योगदान करने केलिए प्रोत्साहित किया और कहा कि जीवन जीने की कला ग्रामीण परिवेश से सीखी जा सकती। उन्होंने कहा कि विज्ञान के युग में छात्रों को समाज कल्याण की गतिविधियों में भाग लेते देखकर मुझे प्रसन्नता होती है, इसके लिए उन्होंने डॉ. पवन सिंह को गतिशील नेतृत्व के लिए बधाई दी। डॉ. पवन सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवा देश के भविष्य है। ऐसे में छात्रों को 2047 के भारत हेतु अपने को अभी से तैयार करनाहोगा जिससे हम स्वर्णिम भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। डॉ. पवन सिंह ने बताया इन इन सात दिनों में छात्रों ने ग्रामीण जीवन और समाज के प्रत्येक आयाम का गहराई से अध्ययन करने किया।

# एमबीपी स्कूल ने जीते दोनों कैटेगरी के पुरुस्कार

## चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने विद्यार्थियों व स्टाफ को शुभकामनाएं दीं

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



जिला शिक्षा अधिकारी से प्रमाण पत्र पाते हुए एमबीपी स्कूल के अध्यापक।

**सेक्टर**-16 स्थित जिला शिक्षा विभाग के दफ्तर में स्वच्छ विद्यालय पुरूस्कार वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों को आमंत्रित किया गया था। स्वच्छ विद्यालय पुरूस्कार को दो कैटेगरी में बांटा गया। इन दोनों ही कैटेगरी के पुरूस्कारों को मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने नाम करवा लिया है।

जानकारी के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वच्छ विद्यालय पुरूस्कार अपने दफ्तर में वितरित किए गए। जिसमें दो कैटेगरी रखी गई थी। जिसमें पहली कैटेगरी में ऑवरऑल प्रफोमेंस को लेकर पुरूस्कार था तो वहीं दूसरी कैटेगरी में सब्जेक्ट वाइस पुरुस्कार दिया जाना था। दोनो कैटेगरी में माडर्न बीपी पब्लिक स्कूल को पुरुस्कृत किया है। इसमें ऑवरऑल प्रफोर्मेंस में भी मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल का चयन हुआ और दूसरी कैटेगरी में सैनिटाइजेशन (टॉयलेट) में भी स्कूल का नाम रहा। कोविड के समय में स्कूल में लगी हुई सैनिटाइजेशन मशीन की काफी सराहना की गई। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार तथा स्कूल के प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

# मां दुर्गा की विदाई में होगा सिंदूर खेला

## कार्यक्रम में बंगाल की पारम्परिक धुनुची नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



धुनुची नृत्य करते भक्तगण।

**सेक्टर**-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में बृहस्पतिवार को चैत नवरात्रि एवं बसंती दुर्गापूजा के नौवें दिन की पूजा बड़े धूमधाम से संपन्न की गई। भारी संख्या में भक्तों ने पुष्पांजलि देकर माता दुर्गा को अपनी भक्तिपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूजा के बाद मंदिर में आयोजित लंगर प्रसाद का भोग लगाया। कालीबाड़ी में प्रसाद साल के पत्तों में परोसा गया, जोकि पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है।

माता की संध्या आरती के पश्चात मंदिर के महिला सदस्यों द्वारा बहुत ही सुन्दर बंगाली सांस्कृतिक नृत्य व रबिन्द्र संगीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही साथ बंगाल की पारम्परिक धुनुची नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमें दर्शन को आये हुए भक्तो एवं मंदिर के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस विषय में जानकारी देते हुए फरीदाबाद कालीबाड़ी के प्रधान डॉ. प्राणजीत भौमिक ने बताया कि 30 मार्च को नवमी के दिन मंदिर में लगभग 800 दर्शानार्थियों ने लंगर प्रसाद का लाभ उठाया। आज यानी 31 मार्च दशमी के दिन पूजा के बाद मंदिर में महिलाओं द्वारा दोपहर 12 बजे से सिन्दूर खेला निर्धारित की गयी है। जिसके बाद भारी मन से माता की बिदाई और बिसर्जन होगा। सारे भक्त फिर से माता के आने का एक वर्ष इंतजार करेंगे।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम से उद्यमियों में खुशी की लहर : कपूर



**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का नारा है कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। उनके इस कथन के कारण देश व प्रदेश में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम रंग ला रही है।

हरियाणा के एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अगुवाई में प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचारियों को जेल की हवा खिलाई जा रही है। एआइएफओएम संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामसुंदर कपूर और राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व एसीबी के महानिदेशक से अपील की थी कि वे भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करवाएं। एक अप्रैल को इसी दिशा में 3ई-24 पर केंद्रीय राज्यमंत्री का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जा रहा है।

# नौ दिन की पूजा के बाद स्लेजहैमर में हुआ यज्ञ-भंडारा

## पूर्णाहुति के पश्चात प्रसाद भंडारे का मातारानी को भोग लगाया गया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



**प्रतिष्ठित** ऑयल टूल्स कंपनी प्रांगण में बृहस्पतिवार को रामनवमी के अवसर पर यज्ञ और भंडारा हुआ। हर वर्ष की तरह कंपनी परिसर में माता दुर्गा मंदिर में नौ दिन तक अखंड ज्योत चली और इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती ने देश व राज्य के सभी लोगों को रामनवमी की बधाई दी। सभी के लिए खुशहाली की कामना की। इस उपलक्ष्य में सुबह यज्ञ हुआ, जिसमें पूर्णाहुति के पश्चात प्रसाद का मातारानी को भोग लगाया। तत्पश्चात कंपनी अधिकारी, पदाधिकारियों, कर्मचारियों ने एक साथ भोजन प्रसाद का आनंद लिया। नौ दिवसीय पूजा उत्सव में केसी मोहंती, प्रवीण मोहंती, अंकुर कौशिक, महाप्रबंधक (जीएम) भरत गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख वीरेंद्र बैसला, एलसी पाल, संजीव कौशिक एवं सभी संभागों के अधिकारी-पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**फ़िज़ाओं में घुली नफ़रत बचालो अब हमें रघुबर**
**सहारा आपका है बस संभालों अब हमें रघुबर**
**सियासी रहनुमाई ने जो हैं सौपें ज़बरदस्ती**
**बहुत गहरे अँधेरों से निकालो अब हमें रघुबर**

# श्रद्धालुओं ने पूजा के बाद हवन कर खोला व्रत



नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के पदाधिकारी राम नवमी पर भंडारा वितरित करते हुए।



वैष्णो देवी मंदिर के प्रधान जगदीश मेयर सुमन बाला को स्मृति चिन्ह देते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**मंदिरों** में बृहस्पतिवार को मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद मंदिरों में हवन किया गया। अंतिम नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन करके अपना व्रत खोला। इस अवसर पर घरों में भी नौवीं पूजन के बाद कंजक पूजन का कार्यक्रम किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ वैष्णों देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां के नौवें स्वरूप की पूजा अर्चना के बाद हवन किया। इस हवन में उद्योगपति व मंदिर के गणमान्य लोगों के साथ साथ श्रद्धालुओं ने भी आहुति दी। श्रद्धालुओं ने अपने व्रत का समापन किया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने कन्याओं को भोजन करवाया। अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है। पूजा अर्चना के बाद मां के नवरात्रों की समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने मां से सुख व शांति की मनोकामनाएं मांगी।

**करवाया भंडारा :** नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर नेहरू ग्राउण्ड ई ब्लॉक में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह पाठ का भी आयोजन किया गया। नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने बताया कि भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया है। प्रत्येक वर्ष नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के सदस्यों के सहयोग से भंडारा आयोजित किया जाता है। बीते कोरोना काल में भी संस्था ने इस भंडारे को लगातार जारी रखा। जिससे कि किसी भी जरूरतमंद को बिना भोजन के न रहना पड़े। इस अवसर पर सीएमए फरीदाबाद चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सचिन कथूरिया, जिला टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.आर.चौधरी, महासचिव राजेन्द्र शर्मा, एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खटाना, दीपक छाबड़ा, समाजसेवी दर्शनलाल कुकरेजा, एडवोकेट एसएन त्यागी, आम आदमी पार्टी के नेता परविन्दर राजपाल, एडवोकेट एके चौधरी, एडवोकेट दीपक गेरा, प्रशांत मेहता, किशन बांगा, हंसराज नागर, एडवोकेट राजेश गुप्ता, एडवोकेट अभिषेक जोशी, एड. अजय कुमार, रोहित कुमार, सुनील कुशवाहा, सीए तरूण गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिला भाजयुमो ने बनाए 40 हजार से ज्यादा सदस्य

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



सदस्यता ग्रहण कर पुस्तकें लेते भाजपा कार्यकर्ता।

**अटल** कमल भाजपा जिला कार्यालय पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने अपनी सदस्यता कर पुस्तकों को भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा को सौंपा। इस अवसर पर भाजपा जिला विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ,योगेश तेवतिया,जिला सचिव मनीष यादव व भाजयुमो जिला मिडिया प्रमुख गौतम भड़ाना उपस्तिथ रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चल रहा है। इस सदस्यता अभियान में नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य संगठन के द्वारा किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी इस कार्य में लगे हुए हैं और उनके मागदर्शन में सभी मोर्चे, व्यावसायिक और व्यापार प्रकोष्ठ भी इस कार्य में लगे हुए हैं। भाजयुमो फरीदाबाद को भी नए लोगों और युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य मिला हुआ था इसी कढ़ी में भाजयुमो फरीदाबाद ने आज 40250 सदस्य पूर्ण कर जिला को अपनी सदस्यता पुस्तकें सौंपी हैं । इन नए बने सदस्यों से पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि भाजयुमो फरीदाबाद के सभी जिले व मंडल के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जिसमें सभी भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# बरसात ने बढ़ाई मुश्किलें : कोरोना के साथ अन्य रोग भी बढ़े

### बरसात से हुए जलभराव के कारण शहर में छाया मच्छरों का प्रकोप

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में कभी बारिश तो कभी उमस और गर्मी के चलते बार-बार मौसम में आने वाले बदलाव ने इन दिनों नवजात, बच्चों व बुजुर्गों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। आमजन को इन दिनों कई बीमारियों ने जकड़ रखा है। जहां एक तरफ कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ डेंगू व मलेरिया का खतरा भी पनप रहा है, क्योंकि शहर में मच्छर भी लगातार बढ़ रहे हैं। शहर में मच्छरों की बढ़ती संख्या से मलेरिया व डेंगू के डंक का खतरा उत्पन्न हो गया है।

ऐसे में खतरे की आशंकाओं को खारिज नहीं किया जा सकता। बीके सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश गुप्ता का कहना है कि ऐसे मौसम में कोरोना के अलावा डेंगू, डायरिया और अन्य बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ओपीडी में प्लेटलेट्स कम होने के मरीज भी सामने आ रहे हैं।



घरों में भरे ड्रम के पानी में लार्वा की जांच करता स्वास्थ्य कर्मी, जागरूकता कार्यक्रम में महिलाएं।

**कर रहे हैं जागरूक:** बायोलॉजिस्ट पीके अरोड़ा ने बताया कि बारिश के बाद पैदा होने वाले मच्छरों ने डेंगू को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ठहरे पानी में पनपने वाले मच्छरों के काटने से डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारी फैल रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों की रोकथाम के लिए जागरूकता और जांच अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा।

**बढ़ रहा खतरा:** डॉ. योगेश ने बताया कि मच्छर डेंगू व मलेरिया जैसे रोगों के संवाहक होते हैं। बारिश के मौसम में इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शहरी क्षेत्र में पाए जाने वाले एडीज डेंगू जैसी बीमारी का कारण बनते हैं। बारिश के ठहरे हुए पानी, पानी की टंकी, टायर और सड़कों पर जलभराव में लार्वा तेजी से पनपते हैं। बारिश के मौसम में संक्रमण से होने वाली बीमारियां बढ़ जाती है। इन दिनों डायरिया, सर्दी-खांसी, गले में इंफेक्शन के साथ ही कॉमन वायरल की समस्या भी बढ़ गई है।

**लिख रहे जांच:** बदलते मौसम में चिकित्सक वायरल बुखार के मरीजों को एहतियातन जहां एक तरफ कोरोना की जांच लिख रहे हैं, वहीं डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों की जांच लिख रहे हैं। जिससे कि मरीज का सही इलाज हो सके। वहीं दूसरी तरफ जिला डेंगू/मलेरिया विभाग की तरफ से डोर टू डोर अभियान चलाकर भी घरों में मौजूद पानी की जांच की जा रही है।

# सेक्टर-56 की समस्याओं को लेकर विधायक ने किया अधिकारियों संग दौरा

### छह करोड रुपये की लागत से बनने वाले समुदायिक भवन के लिए किया जगह का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-56** में मौजूद विभिन्न तरह की समस्याओं को लेकर इलाके के लोग पिछले लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं। जिसे देखते हुए एनआइटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराया था। वहीं इस सेक्टर में सामुदायिक भवन बनवाने के लिए एचएसवीपी की प्रशासक को पत्र लिखा था। इसे लेकर विधायक नीरज शर्मा ने एचएसवीपी की प्रशासक गरिमा मित्तल और अन्य अधिकारियों के साथ सेक्टर 56 का दौरा किया था। इस दौरान समस्याओं का जायजा लेने के साथ यह बनने वाले सामुदायिक भवन के लिए जमीन का चयन भी किया गया। साथ ही एचएसपीपी प्रशासक ने समस्याओं का जल्दी ही समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया है।



सामुदायिक भवन के लिए जगह का निरीक्षण करते एमएलए नीरज शर्मा व अन्य अधिकारीगण।

एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा छह फरवरी 2022 को मुख्यमंत्री, मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग, प्रधान सचिव, नगर एंव ग्राम आयोजन विभाग, प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्रधिकरण फरीदाबाद को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया था कि उनके विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ दो सेक्टर 55 और 56 आते है। जिसमें सिर्फ सेक्टर-55 में सामुदायिक केन्द्र बना हुआ है।

जोकि कई वर्ष पुराना है और जर्जर हो चुका है। इसलिए लोगों की मांग अनुसार एवं जनहित को देखते हुए सेक्टर-56 में सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाएं। विधायक नीरज शर्मा ने मौके पर गरिमा मित्तल को मौके पर स्थान दिखाया था। उसके उपरांत सामुदायिक भवन का एस्टीमेंट बनाकर भेज दिया गया था। अब मुख्य प्रशासक हरियाणा शहरी प्रधिकरण विभाग द्वारा लगभग छह करोड रुपये की राशि 12 अगस्त 2022 को जारी कर दी गई है। अब जल्द ही इस कार्य का टेंडर लगाकर समुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।

इसके साथ ही विधायक नीरज शर्मा ने प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, फरीदाबाद की प्रशासक गरीमा मित्तल को सेक्टर 56 का दौरा कराया। सेक्टर 56 की टूटी सड़कों एवं पार्कों की बदतर स्थिति से अवगत कराया। सेक्टर 56 सीआईए दफ्तर के साथ जो पानी का तालाब बना पड़ा है, उसको दिखाया। गरीमा मित्तल ने आश्वासन दिया है कि जल्दी इन सभी कामों को कराया जाएगा।

# चौथे दिन भी जारी रही क्रमिक भूख हड़ताल



कर्मचारियों को सम्बोधित करते नरेश शास्त्री।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**निगम** के सैकड़ों कार्यकर्ताओं तथा कर्मचारियों ने चौथे दिन भी बेलदार यूनियन के प्रधान शहाबुद्दीन की अध्यक्षता में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। छुट्टी के बावजूद भी कर्मचारी निगम मुख्यालय पर भारी संख्या में मौजूद रहे।

भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का मनोबल उस वक्त और अधिक बढ़ गया। जब सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह व हरियाणा बिजली वितरण निगम के राज्य के नेता विनोद कुमार ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार को चेतावनी दे डाली, यदि सरकार पालिका कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं करती है तो अन्य विभागों के कर्मचारी भी इस आंदोलन में कूद पड़ेगे। इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री उपाध्यक्ष कमला उप महासचिव सुनील चंडालिया राज्य ऑडिटर प्रधाना भी उपस्थित रहे। कर्मचारियों को संघ के कार्यकारी जिला प्रधान सुदेश कुमार, जिला सचिव नानक चंद, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या, रघुवीर चौटाला, वेद भढ़ाना, मनोज शर्मा, अजय शास्त्री, अनिल चिंडालिया ने फूल मालाएं पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया।

# अहिंसा रन को किरेन रिजिजू दिखाएंगे हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों और विश्व के कई देशों में JITO के जरिए अहिंसा रन का आयोजन किया जाएगा ।2 अप्रैल को देश में करीब 55 से ज्यादा जगहों पर और दुनिया में करीब 22 से ज्यादा देशों में JITO की ओर से अहिंसा रन का आयोजन किया जाएगा। वहीं जीतो नई दिल्ली चैप्टर के जरिए जेएलएन स्टेडियम में अहिंसा रन की शुरुआत होगी। जीतो नई दिल्ली चैप्टर के तहत अहिंसा रन को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू मुख्य अतिथि के तौर पर हरी झंडी दिखाएंगे।

वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला समेत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी सरीखे नेताओं के साथ ही पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर और अजय जडेजा के अलावा कई बॉलीवुड कलाकारों के जरिए भी अहिंसा रन का समर्थन किया गया है। JITO पूरे भारत में 2 अप्रैल 2023 को 55+ शहरों में 1,10,000+ प्रतिभागियों के साथ और 22 देशों में अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए अहिंसा रन का आयोजन कर रहा है. सभी एक ही समय में, एक ही दिन चलेंगे।

साथ ही जीतो को एक हफ्ते में विश्व भर से अहिंसा रन के लिए सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन के लिए आधिकारिक तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने भी मान्यता दी है। विश्व भर से 1 लाख से ज्यादा लोगों ने इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। सिर्फ दिल्ली-एनसीआर में ही 5 अलग-अलग जगहों पर 15000 से ज्यादा प्रतिभागी इस दौड़ में हिस्सा लेंगे। वहीं 2 अप्रैल को इस दौड़ में हिस्सा लेने के



लिए लोगों के लिए एंट्री भी ओपन है। जीतो नई दिल्ली चैप्टर के मुताबिक अहिंसा रन के जरिए इस वैश्विक मैराथन का आयोजन संयुक्त राज्य अमेरिका (SA) और यूनाइटेड किंगडम (UK) सहित कई देशों में किया जाएगा। भगवान महावीर की जयंती से पहले जियो और जीने दो के इरादे के साथ आयोजित होने वाली शांति और अहिंसा का संदेश देने के लिए यह सबसे बड़ी दौड़ है। साथ ही विश्व भर में करीब 1 लाख से ज्यादा लोग अहिंसा रन में शामिल होने वाले हैं।

इस दौड़ का उद्देश्य लोगों को शांति और अहिंसा के पथ पर अग्रसर करना है। अहिंसा रन में तीन श्रेणियां होंगी- 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर, जो कि सुबह 5.30 बजे से शुरू होगी। वहीं दौड़ में जीतने वाले प्रतिभागियों को नकद प्राइज भी दिया जाएगा। साथ ही उम्मीद है कि अहिंसा रन के बाद भी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में जीतो के ओर से कई अहम कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे।

# ट्रांसपैरेंसी से मनाया विश्व इडली दिवस का जश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** के सबसे बड़े और सबसे इनोवेटिव फ्रेश फूड ब्रांड, आईडी फ्रेश फूड ने आज अपने अनूठे लाइव स्ट्रीमिंग अभियान-ट्रांसपैरेंसी के साथ विश्व इडली दिवस मनाया। दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी फैक्ट्री में घंटे भर चला रीयल-टाइम, नो-फिल्टर डेको, दुनिया भर के हजारों दर्शकों को एक आम आभासी मंच पर एक साथ लाया। पिछले विश्व इडली दिवस के मौके पर ट्रांसपैरेंसी कैंपेन को लॉन्च किया गया था। इसके माध्यम से कर्नाटक के अनेकल में 80,000 वर्ग फीट में बनी आईडी फ्रेश की पूरी तरह से ऑटोमेटेड व आधुनिक फैक्ट्री को दिखाया गया, जिसे घर की बड़ी रसोई भी कहा जाता है।

इस साल कैंपेन के तहत सीईओ एवं सह-संस्थापक पीसी मुस्तफा ने चीफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर जीएलएन मूर्ति के साथ दोपहर 12 से 1 बजे तक लाइव सत्र का आयोजन किया। दर्शकों को सीधे कच्चे माल से उनकी पसंदीदा इडली एवं डोसा के बैटर को बनते देखने का मौका मिला। लाइव सत्र में ग्राइडिंग एरिया, पैकेजिंग सेगमेंट और फर्मेंटेशन एवं कोल्ड रूम भी दिखाया गया। दोनों अधिकारियों ने दर्शकों द्वारा पूछे जा रहे लाइव सवालों के जवाब भी दिए। इनमें फैक्ट्री की शुरुआत, मशीन, सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियों, हाईजीन स्टैंडर्ड आदि के बारे में पूछे गए सवाल शामिल थे। आईडी फ्रेश ने हर पखवाड़े में स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के लिए फैक्ट्री विजिट की सुविधा भी शुरू की है। आईडी फ्रेश फूड के सीईओ एवं सह-संस्थापक पीसी मुस्तफा ने ट्रांसपैरेंसी के



दूसरे संस्करण के बारे में कहा, 'पिछले साल दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया को देखते हुए हम विश्व इडली दिवस के मौके पर इस सालाना कैंपेन को पुन: आयोजित करने के लिए उत्सुक थे। पिछले साल पांच दिन में कैंपेन को 25 करोड़ व्यू मिले थे। लोगों के इसी उत्साह ने हमें प्रेरित किया।'

बिना केमिकल, प्रिजर्वेटिव, आर्टिफिशियल कलर और फ्लेवर के बैटर तैयार करने का 100 प्रतिशत प्राकृतिक एवं घरेलू तरीका आईडी फ्रेश की सबसे बड़ी खूबी है। यहां उत्पाद किसी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि एक बड़ी रसोई में तैयार होते हैं। आईडी फ्रेश फूड के चीफ मैन्यूफैक्चरिंग ऑफिसर जीएलएन मूर्ति ने कहा, 'आईडी फ्रेश में पारंपरिक भारतीय भोजन के प्रति हमारे प्रेम को इनोवेशन का साथ मिलता है। बेहतरीन कच्चे माल से इडली और डोसा का बैटर तैयार किया जाता है। ट्रांसपैरेंसी एक पहल है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहकों को पूरी प्रक्रिया को लाइव देखने का मौका मिलता है।' 2005 में अपनी शुरुआत से ही आईडी फ्रेश को ग्राहकों का प्यार मिला है, जो इन वर्षों में एक भरोसे का संबंध बन गया है।

# नौ दिन चलाया कन्या भ्रूण हत्या जागरूकता अभियान




**फरीदाबाद।** सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक की आरडब्ल्यूए सदस्यों ने कीर्तनों में जाकर कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूक किया। जिसमें वूमेन वैलफेयर एसोसिएशन क्यू ब्लॉक और सतत फाउंडेशन फरीदाबाद द्वारा नौ दिनों तक दुर्गापूजा के दौरान कन्या भ्रूण हत्या बंद कराने को अभियान चलाया गया।

महिला एसोसिएशन की सेकेट्री और अभियान संयोजिका कविता अहलावत ने बच्चियों के संग मिलकर लघु नाटक के जरिये प्रस्तुति दी। आरडब्ल्यू क्यू ब्लॉक और सतत फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा भारद्वाज ने बताया कि नाटक द्वारा बच्चियों ने समाज से अपील की कि आपको नवरात्रि के भोज में पड़ोसी की बेटी चाहिए और अपने घर में पुत्र। बच्चियों ने हरियाणा में लिंगानुपात पर करारी चोट की। जब तक स्वयं मां बनने वाली महिला इसका विरोध नहीं करेंगी। नाटक में वारिश, कासवीं और लक्षिता ने भाग लिया। बच्चियों ने नाटक में अपनी भूमिका से सबकी आंखों को नम कर दिया। इसके साथ ही महिलाओं को शपथ दिलाई कि जिस भी परिवार में भ्रूण हत्या का पाप हुआ हो, वहां महिलाएं अपनी बेटियों को नवरात्रि के भोज में न भेजें। इस मौके पर सीमा भारद्वाज, कविता अहलावत, अरूणिमा सिंह, मिथलेश शर्मा, विनीता, माया शर्मा, सुष्मिता मोहंती, रेखा, पूनम डागर की भूमिका अहम रही।

# अनुसूचित एवं विमुक्त जाति परिवार बेटी की शादी पर लें आर्थिक सहायता : उपायुक्त

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीकरण करवाना है जरूरी

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कल्याण विभाग के माध्यम से गरीब व बेसहारा परिवारों को उनकी बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। ताकि गरीब व बेसहारा परिवारों में बेटी की शादी पर होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने के लिए विवाह पंजीकरण करवाना जरूरी है।

बता दें कि विवाहित जोड़े की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होता है। डीसी ने बताया कि जिला में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत



उपायुक्त विक्रम सिंह।

जो पात्र लाभार्थी परिवार मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपनी बेटी की शादी के छह महीने पूरे होने से पहले 'शादी डॉट ई दिशा डाट जीओवी डॉट ईन' पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करवाएं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में पंजीकरण होने के पश्चात ही विवाहित कन्या के माता-पिता को मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुदान धनराशि का लाभ दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये की धनराशि का लाभ मिलेगा। सभी वर्गों की विधवा महिलाएं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। वहीं बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये की धनराशि का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उनको 31 हजार रुपये की धनराशि का अनुदान दिया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि विवाहित युगल चालीस प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपए की धनराशि और पति-पत्नी में से एक जन चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी।

# झपटमारी में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी की टीम ने स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में संदीप उर्फ कोबरा तथा कृष्ण और अंडा का नाम शामिल है। आरोपी फरीदाबाद के फतेहपुर चंदीला गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपियों को विवेकानंद पार्क फतेहपुर चंदीला गांव से थाना एनआईटी के चोट मारकर स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने के मामले में गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपियों मे 22 मार्च 2023 को एक मोबाइल फोन और 3000 रुपये छीने थे। आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपियों से पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन ओप्पो, लोहा रोड एवं बेसबॉल का डंडा बरामद हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क नेत्र जांच और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** शहर की संस्था संभार्य फाउंडेशन द्वारा संचालित चैरिटेबल हेल्थ क्लिनिक संभार्य मेडिकल हेल्थ सेंटर द्वारा पलवल के गांव दुर्गापुर के ओडी मेमोरियल स्कूल में छात्र छात्राओं के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच व निशुल्क चश्मा वितरण कैम्प के आयोजन किया गया। कैम्प में स्कूल में 114 बच्चों का चेकअप हुआ। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया कि अप्रैल के बाद लगातार पूरे जिले में प्रत्येक स्कूल में ये कैम्प लगवाए जाएंगे। संभार्य फाउंडेशन के सदस्य पुनीत ने बताया कि इस कैम्प में विजन स्प्रिंग की टीम ने काम किया और सदस्य दीपक डगर व साहिल देशवाल ने आयोजन में हम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान दुर्गापुर गांव के नवनिर्वाचित सरपंच मंजीत जैलदार व प्रिंसिपल जय जैलदार के साथ स्टाफ भी मौजूद रहा।

### कोरोना के 11 पॉजिटिव मिले, 17 मरीज हुए स्वस्थ्य

**फरीदाबाद।** शहर में कोरोना का कहर कम नहीं हो रहा है। बृहस्पतिवार को कोरोना के 11 नए मामले सामने आए है, लेकिन राहत की बात यह रही कि 17 मरीजों की ठीक होने की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने कर दी है। जिसमें अस्पताल में भर्ती दो मरीजों के अलावा बाकि 15 होम आईसोलेशन में रह रहे मरीज शामिल हैं। वहीं 11 नए संक्रमित आने से जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 63 पर पहुंच गया है। जिसमें 60 होम आईसोलेशन में हैं और अन्य तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं जिले में रामनवमी के अवकाश के कारण कुल 114 सैम्पल ही जांच किए गए। वहीं सरकारी अस्पताल के 59 और निजी अस्पतालों के 34 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### खोया हुआ आईफोन 12 पुलिस ने किया मालिक के हवाले



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज थाना सेक्टर-8 प्रभारी नवीन कुमार की टीम ने खोए हुए आईफोन-12 की तलाश कर फोन के मालिक (सोनाली) तक पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सोनाली का फोन खरीदारी करते समय 26 मार्च को सेक्टर 7-10 की मार्केट में गुम हो गया था। जिसकी सूचना थाना सेक्टर 8 में दी गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मोबाइल फोन को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 4 के एरिया मथुरा रोड के पास से बरामद किया है। मोबाइल फोन को सोनाली को सूचना देकर हवाले कर दिया है। सोनाली ने मोबाइल फोन पाकर खुशी जाहिर करते हुए तुरंत कार्रवाई को देखते हुए पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया है।

### सात दिन से लापता व्यक्ति को पुलिस ने तलाशा



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने 39 वर्षीय गुमशुदा व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हावाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि व्यक्ति 23 मार्च को अपने घर के बिना बताए निकल गया था। जिसकी सूचना परिजनों ने थाना डबुआ को दी। सूचना पर थाना डबुआ में मामला दर्ज कर गुमशुदा व्यक्ति की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने कार्रवाई करते हुए गुमशुदा व्यक्ति को अजरौंदा चौक फरीदाबाद से सकुशल तलाश कर बरामद किया गया है। व्यक्ति से घर वालों के सामने पूछताछ की गई तो व्यक्ति ने बताया कि वह किसी बात को लेकर नाराज था। जिसको लेकर वह घर से निकल गया था। परिजनों को हिदायत देते हुए व्यक्ति को हवाले किया। व्यक्ति के परिजनों ने पुलिस टीम का तहेदिल से धन्यवाद किया।

### राम नवमी पर दिलाई कन्या रक्षा की शपथ



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रामनवमी के पर्व पर पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी इंचार्ज मनोज कुमार ने चौकी में कन्या रक्षा की शपथ दिलाते हुए पर्व को मनाया है। पर्वतीय कालोनी चौकी के पुलिसकर्मियों ने चौकी परिसर में पूजा-अर्चना की व कन्या पूजन किया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है कि क्षेत्र प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करें लेकिन महिला के प्रति हो रहे अपराध को देखते हुए बालिकाओं की रक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को आदेश दिए कि रात्रि ड्यूटी के समय अगर कोई महिला या बालिका आपको मिलती है तो उसे तुरंत सरकारी गाड़ी में सुरक्षा के साथ उसकी मंजिल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है।

### मानव को सिखाने के लिए मर्यादा में बंधे श्रीराम : पुरुषोत्तमाचार्य



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण दिव्यधाम (श्री सिद्धदाता आश्रम) में श्रीराम नवमी का पर्व बड़े ही जोर शोर और भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि मानव को मर्यादा सिखाने के लिए भगवान ने श्रीराम के रूप में जन्म लिया और लीलाएं कीं। उन्होंने कहा कि भगवान तो सब कुछ कर सकते हैं लेकिन उन्होंने मानव को मर्यादा में रहना सिखाया। उन्होंने करके दिखाया कि मानव को क्यों श्रेष्ठ कहा जाता है। उन्होंने करके दिखाया कि कैसे चरित्र को समाज में स्थान मिलता है। उन्होंने स्वयं के चरित्र द्वारा समाज को संदेश दिया कि हमें कैसे जीना चाहिए। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य ने बताया कि भगवान श्रीरामचंद्र ने एक राजा के घर जन्म लेने के बाद भी कभी अहंकार नहीं किया और उन्होंने परिवार और समाज के हिसाब से आचरण किया। हमें उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि यदि हम श्रीराम के चरित्र को देखेंगे तो पाएंगे कि वहां पर सुथरे चरित्र की बात हो रही है। इसे बनाए रखने के लिए व्यक्ति को कीमत भी चुकानी पड़ेगी लेकिन उसका अंत हमेशा सुखदायी होगा। पुरुषोत्तमाचार्य ने कहा कि हमें भगवान पर भरोसा रखना चाहिए लेकिन भगवान के घर की सीढ़ी दिखाने वाले गुरु पर विश्वास जरूर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो गुरु के दर पर जाता हैए भगवान उसके दर पर जाते हैं। उन्होंने राजा दशरथ व अन्य उदाहरणों के माध्यम से बताया कि जीवन में हर रुकावट गुरुकृपा से दूर हो सकती है। भगवान भी उनको पसंद करते हैं जो अपने गुरु की बात को मानते हैं। इससे पूर्व उन्होंने दिव्यधाम, समाधि स्थल पर पूजन अर्चन किया और भगवान श्रीराम चंद्र के मूर्तरूप का नाना प्रकार से अभिषेक किया।

# 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का विधायक सिंगला ने किया शुभारंभ

## सेक्टर-4 क्षेत्र में बनाई जाएगी यह सड़क

## विधायक सुधीर सिंगला ने जनता के बीच गिनाए विकास कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेक्टर-4 में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**विधायक** सुधीर सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-4 क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ये सड़कें करीब 80 रुपये की लागत से तैयार होंगे। टूटी सड़कों को लेकर क्षेत्र के लोगों ने विधायक से गुहार लगाई थी।

इस अवसर पर बोलते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम का विकास पूरे हरियाणा में सरकार विशेष तौर पर कर रहो है। शहर के भीतर के क्षेत्र में और बाहरी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण का युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। अच्छी सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर से बहुत फायदे होते हैं। व्यापार का काम अच्छा होता है और अन्य कार्य तय समय में पूरे होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला मूलभूत सुविधाओं के लिहाज से जहां हरियाणा में पहले नंबर पर है, वहां दूसरे राज्यों के बड़े शहरों की तुलना में भी इसकी विशेषता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष फोकस गुरुग्राम पर है। सबसे अधिक राजस्व देने वाला यह जिला है। इसलिए जरूरी भी है कि यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो। उन्होंने निकट भविष्य में होने वाले नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर के चुनावों को लेकर भी जनता से आग्रह किया है कि विकास का पहिया थमे नहीं, इसलिए भाजपा को ही चुनें। जैसा विकास अभी तक हुआ है, इससे भी कहीं बढ़कर आगे विकास के काम होंगे।

उन्होंने कहा कि नेक नीयति से सरकार काम कर रही है। सरकार का हर कदम, हर निर्णय प्रदेश की जनता के हित में होता है। व्यापारियों के हित में होता है। सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ के दौरान विधायक सुधीर सिंगला के साथ निवर्तमान पार्षद सीमा पाहुजा, मनोज भारद्वाज, महेंद्र वियानी, अरशू पाल, प्रशांत माहेश्वरी, मनीष खटाना, आनंद कश्यप, पूनम रोहिल्ला, रूचिका शर्मा, मल्लिका नौटियाल, योगिता कटारिया, देवेन्द्र गोयल, आशीष सैनी, खंडेलवाल जी, दीपक रोहिल्ला, ब्रजेश सैहरा, शालू रोहिल्ला व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सेवा भाव से किए गए काम सदा याद रखते जाते हैं : सुधीर सिंगला

## सेक्टर-4 राम मंदिर में विधायक ने किया चैरिटेबल आयुर्वेदिक क्लीनिक का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-4 राम मंदिर में चैरिटेबल आयुर्वेदिक क्लीनिक का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सेवा भाव से किए गए काम हमारे समाज में सदा याद किये जाते हैं। गुरुग्राम में समाजसेवियों की निस्वार्थ सेवा भावना से लाखों लोगों को फायदा मिल रहा है। विशेषकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में यहां संस्थाओं का अहम कार्य नजर आता है। यह बात उन्होंने सेक्टर-4 क्षेत्र के राम मंदिर में चैरिटेबल आयुर्वेदिक क्लीनिक का शुभारंभ करते हुए कही।

इस क्लीनिक के माध्यम से डा. मोहित अग्रवाल व दीप्ति कौशिक अग्रवाल लोगों को सेवार्थ भाव से इलाज मुहैया कराएंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि समाजसेवा के कई रूप होते हैं। किसी की सेहत के लिए नि:स्वार्थ भाव से की गई सेवा अपने आप में बहुत बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि डा. मोहित अग्रवाल व दीप्ति कौशिक अग्रवाल का यह प्रयास गुरुग्राम के लोगों के लिए काफी फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति जिस भी प्रोफेशन में हो, वह समाजसेवा के क्षेत्र में जरूर आए। डॉक्टर हों तो वे लोगों को परामर्श व चिकित्सा सेवाएं दे सकते हैं। शिक्षक हों तो वे गरीब बच्चों को पढ़ा सकते हैं। इस तरह से अगर समाज का हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में अपनी सेवाएं देगा तो लाखों लोगों को इसका फायदा पहुंचेगा। ऐसे व्यक्तियों को समाज में उचित मान और सम्मान भी मिलता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि अपने काम में हर कोई माहिर होता है। हमें इस धारणा को त्यागकर सेवाओं का लाभ लेना चाहिए। जिन वंचित लोगों को हम जानते हैं, उन्हें यहां का रास्ता जरूर दिखाएं, ताकि हमारे प्रयासों से उनका भला हो सके। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष नितिन शांडिल्य, राजेन्द्र शर्मा प्रधान, मनोज भारद्वाज, श्याम सुंदर दत्त, विनोद अग्रवाल, अमिताभ गुप्ता, आरपी शर्मा, राम अवतार कौशिक, जीआर गुप्ता, प्रमोद शर्मा, सतीश वत्स व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# रोजगारपूरक उद्योग स्थापित करके रोजगार सृजित करें उद्योगपति


गुरुग्राम स्थित एक होटल में फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से हुई इंडस्ट्रियल मीट मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आरसी बिढान को स्मृति चिन्ह देते उद्योगपति।

## फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से हुई इंडस्ट्रियल मीट

**गुरुग्राम।** मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने कहा कि उद्योगपति रोजगारपूरक उद्योग स्थापित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक रोजगार पहुंच सके। उद्योगों का देश के विकास में अहम योगदान है। प्रशासनिक स्तर पर उद्योगों से संबंधित सभी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। यह बात उन्होंने फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से आयोजित इंडस्ट्रियल मीट कार्यक्रम में कही।

इंडस्ट्रियल मीट की अध्यक्षता एफआईआई के डीजी दीपक जैन ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर वरिष्ठ उद्योगपति व आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के संरक्षक हरीश घई, गुरुग्राम श्रम विभाग के डिप्टी लेबर कमिश्नर भगत प्रताप सिंह व दिनेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में काफी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारीगण भी विशेष तौर पर शामिल रहे। मंडलायुक्त रमेश चंद्र बिढान ने कहा कि आद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का निपटारा प्राथमिक तौर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों से संबंधित समस्या का समाधान सभी सरकारी विभाग आपस में तालमेल करके निपटाएं। उन्होंने कहा कि चाहे एमसीजी, एचएसआईडीसी, बिजली विभाग, श्रम विभाग या अन्य सम्बंधित विभागों की एक तालमेल कमेटी बने। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों में चैम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक कोहली, उद्योग विहार इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिमेश सक्सेना, मानेसर इंडस्ट्रीयल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन मानेसर के अध्यक्ष अतुल मुखी, हरियाणा इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन कपूर, दौलताबाद इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन जिंदल, पायनियर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से महासचिव कंवर सिंह जून, जीआईए के महासचिव सुमित राव ने अपने-अपने एरिया की रोड, ट्रैफिक, संसाधनों से सम्बंधित समस्याओं से मंडलायुक्त को अवगत करवाया। जिनका शीघ्र ही समाधान करवाने का उन्होंने आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान एफआईआई हरियाणा के महासचिव व आयोजक दीपक मैनी ने सेक्टर-37 से सम्बंधित समस्याओं का एक ज्ञापन पत्र मंडलायुक्त को सौंपा। जिसमें सीवर, साफ-सफाई, मेट्रो ओर ईएसआई डिस्पेंसरी की समस्या शामिल रही। दीपक मैनी ने औद्योगिक क्षेत्रों से सम्बंधित समस्यायों के बारे में सुझाव भी दिए। कार्यक्रम को एफआईआई के डीजी दीपक जैन ने कहा कि सरकार उद्योगो के लिए सकारात्मक रूप से काम कर रही है और हरियाणा प्रदेश पूरे देस में निवेशकों की पहली पसंद है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ उद्योगपति हरीश घई व श्रम विभाग के दोनों डीएलसी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एफआईआई के जीएसटी काउंसिल के चेयरमैन अतुल गुप्ता ने जीएसटी से संबंधित बहुत ही महत्वपूर्ण और अक्सर नजरंदाज किए जाने वाले पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# समानता की भावना को मजबूत करता है भंडारा

## बोधराज सीकरी ने सनातन पुरातन वैदिक अनुष्ठान में दिखाई आस्था

## हमारी सनातन संस्कृति में है भंडारों का विशेष महत्व

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में राम नवमी पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते बोधराज सीकरी।

**हमें** सभी पर्व, त्योहार और उत्सव समभाव से मनाने चाहिए। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए बोधराज सीकरी ने अपने निवास के नजदीक विशाल भंडारा आयोजित कि। इसमें बिना किसी भेदभाव के लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस पुनीत कार्य में सुशांत लोक वासियों ने भी पूरा सहयोग किया। अनिल आरती यादव पार्षद ने भी सेवा की। इसके अतिरिक्त भारत विकास परिषद लाल बहादुर शास्त्री शाखा के सभी पदाधिकारी भी इस आयोजन में पहुंचे। महिलाओं की ओर से श्रीमती सुरेश सीकरी, नीलम ओबरॉय ने सेवाभाव से चार घंटे तक निरंतर सेवा की। भंडारा होने के उपरांत बोधराज सीकरी ने यह सुनिश्चित किया कि जगह की ढंग से सफाई हो। भंडारे में एक हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद लिया। बोधराज सीकरी ने कहा कि हिन्दू शास्त्रों के अनुसार अन्नदान को महादान माना गया है। भंडारे का आयोजन ईश्वरीय कृपा पाने के साथ-साथ समाज को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने मैरियट होटल सुशांत लोक के आगे पहले उस स्थान की सफाई करवायी, जिसमें विष्णु खन्ना अध्यक्ष आरडब्ल्यूए, दीपक वर्मा, संजय टंडन, राजीव छाबड़ा, बिनू छाबड़ा व अन्य लोगों ने अपना-अपना सहयोग दिया। सेवा का बीड़ा अजय भार्गव, सतीश चावला, रमेश नरूला, मोहित वत्स, रोहित चौरसिया, संतोष कुमार, उदय कुमार, सतीश खन्ना आदि ने बखूबी निभाया।

# भूमि की उत्पादन क्षमता बनाए रखना किसानों की सबसे बड़ी चुनौती



## एसजीटी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**आईसीएआर**-सीएसएसआरआई (करनाल) के निदेशक डॉ. आरके यादव ने कहा कि भूमि की उत्पादन क्षमता बनाए रखना किसानों की सबसे बड़ी चुनौती है। वर्ष 2050 तक 450 लाख टन अन्न प्रतिवर्ष उगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में किसानों की उपलब्धियों की सराहना की, वहीं किसानों को आने वाले समय की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। यह बात उन्होंने एसजीटी यूनिवर्सिटी में उत्तर भारत के सबसे बड़े कृषि सम्मेलन इनोवेटिव अपरोचेस इन एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर एण्ड अलाएड साइन्सेज (आईएएएचएएस) 2023 के तीन दिवसीय सम्मेलन में बोलते हुए कही।

समारोह की अध्यक्षता एसजीटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. राकेश कुमार शर्मा व प्रो. वाइस चांसलर (एकेडमिक) डॉ. विकास धवन ने की। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहायक महानिदेशक (एचआरएम) डॉ. एसके शर्मा ने शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

# अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण पर कार्रवाई न होने पर देंगे नोटिस : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## कहा, तोड़फोड़ टीम के ड्यूटी मजिस्टेट समेत नप अधिकारियों को जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

## मांग पर डीसी ने चिह्नित करीब 27 फार्म हाउसों को गिराने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और टीम की थी गठित

**नगर** परिषद द्वारा अरावली पहाड़ी में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों के प्रति की जाने वाली तोड़फोड़ को नजरअंदाज किए जाने पर प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आ गए हैं। जल्द ही तोड़फोड़ के लिए नियुक्त किए गए ड्यूटी मैजिस्टेट समेत परिषद अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी होंगे।

नगर परिषद प्रशासन ने वार्ड-1 के गांव रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में चल रहे अवैध निर्माणों कार्यों की सर्वे करते हुए करीब 27 फार्म हाउसों को चिंहित किया था। जिन्हें धराशाही करने के लिए जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर ड्यूटी मजिस्टेट और पुलिस बल की की मांग की गई थी। जानकारी के अनुसार परिषद अधिकारियों की इस मांग पर 20 मार्च को ड्यूटी मजिस्टेट नायब तहसीलदार सोहना लछीराम को नियुक्त करते हुए परिषद कार्यालय को सूचित कर दिया था और 27 मार्च को अरावली में चल रहे अवैध निर्माणों को गिराने की अनुमति प्रदान कर दी गई थी। लेकिन परिषद प्रशासन की तरफ से निरधारित दिन पर अरावली पहाड़ी में अवैध निर्माण के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिससे परिषद प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान उठ रहे है।

**24 फरवरी को भी हुई खानापूर्ति:** इससे पहले नगर परिषद प्रशासन ने अरावली पहाड़ी के रायसीना क्षेत्र में करीब 15 अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ का अभियान चलाया था, लेकिन परिषद प्रशासन मात्र 3-4 फार्म हाउसों में ही अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करके मात्र खानापूर्ति कर दी गई थी। जब परिषद द्वारा की गई खानापूर्ति को लेकर ड्यूटी मैजिस्टेट नायब तहसीलदार लछीराम से जानकारी प्राप्त की गई। ड्यूटी मैजिस्टेट लछीराम को परिषद अधिकारियों ने जेसीबी खराब होने की बात कहते हुए अभियान को बीच में ही छोड़ दिया था।

> **अरावली** में अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ न करने में नियुक्त ड्यूटी मजिस्टेट समेत परिषद के अधिकारियों को जल्द ही कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। जिसमें लिखित जबाव मांगा जाएगा। उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **प्रदीप मलिक**
> **एसडीएम सोहना**

**ऐसा कहना है ड्यूटी मजिस्टेट का** : 27 मार्च को अरावली में होने वाली अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड में ड्यूटी मजिस्टेट नायब तहसीलदार लछीराम का कहना है कि उन्होंने 27 मार्च को परिषद के एसडीओ राजपाल को फोन करके तोड़फोड़ करने के लिए कहा गया था। तब एसडीओ राजपाल ने उन्हें इस विषय की जानकारी पहले से न होने तथा तुरन्त प्रभाव से तोड़फोड के लिए संसाधन जुटाने में असमर्थता जताई थी।

# बॉक्सिंग में मेडल लेकर आई दृष्टि को कैनविन फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**गुरुग्राम।** गाड़ौली में आयोजित श्रीराम मेमोरियल टूर्नामेंट के बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर पदक जीतने वाली उम्दा खिलाड़ी दृष्टि शर्मा पुत्री विनीत शर्मा को यहां कैनविन टावर में सम्मानित किया गया।

खिलाड़ी के साथ उसके कोच भूषण सैनी को कैनविन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। इस अवसर अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमारे गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। गुरुग्राम व प्रदेश के खिलाड़ी देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों, युवाओं को खेलों में अधिक रुचि लेनी चाहिए। इस क्षेत्र में भी करियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। हमारे गुरुग्राम के युवा आगे बढ़ें, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि हमें किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि हर क्षेत्र में महारत हासिल होनी चाहिए। यह खुशी की बात है कि हमारे हरियाणा ने अच्छे डॉक्टर, अच्छे इंजीनियर, अच्छे पायलट, अच्छे सैनिक, अच्छे खिलाड़ी दिए हैं। सभी ने अपने हरियाणा का नाम रोशन किया है।

# गेहूं की सरकारी खरीद बिना आढ़ती, मार्केट कमेटी बनेगी बिचौलिया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## हेफेड और हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी मिलकर गेहूं और सरसों की खरीद करेंगी


सोहना की अनाज मंडी में किसान द्वारा लाई सरसों की सफाई करतीं महिला मजदूर।

**स्थानीय** अनाज मंडी में आढ़तियों के बिना एक अप्रैल से गेंहू व सरसों की सरकारी खरीद एक साथ होगी। गेहूं व सरसों को एजेंसियों या मार्केट कमेटी के माध्यम से खरीद करा दी जाएगी। हेफेड और हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी मिलकर खरीद करेंगी।

स्थानीय अनाज मंडी में सरसों की 14 मार्च से सरकारी खरीद शुरू की थी, लेकिन यह खरीद मात्र पांच दिन ही चल कर रह गई। हेफेड ने छह दिन में मात्र 85 क्विंटल ही सरसों की खरीद की। वह भी एक ही दिन 16 मार्च को की गई। उसके बाद 19 मार्च तक सरसों का एक भी दाना सरकार के खाते में नहीं खरीदा गया। जिसका कारण बरसात होने से सरसों में नमी की मात्रा अधिक होना बताया जा रहा है।

जबकि हेफेड सरसों में अधिकतम नमी 8 फीसदी तक ही कर सकती है। इससे अधिक नमी वाली सरसों की ढेरियों को फेल कर दिया गया। 19 मार्च के बाद किसानों की सरसों को सरकार के खाते में खरीद करना बंद कर दिया गया।

**समर्थन मूल्य से कम दाम पर खरीद** : इस वर्ष बीते लगभग एक माह में सरसों की स्थानीय मंडी में मात्र 6600 क्विंटल सरसों की आवक हुई। जिसमें करीब 6500 क्विंटल सरसों को आढ़तियों ने निजी स्तर पर खरीदा।

आढ़ती ने सरसों को प्रदेश सरकार के समर्थन मूल्य से कम कीमत पर खरीदा है। किसानों की सरसों को आढ़तियों ने अपने स्तर पर अधिकतम कीमत 5200/-प्रति कुंटल तथा कम से कम 4800 रुपये पर खरीद की गई। जबकि प्रदेश सरकार का समर्थन कीमत 5450 रुपये है।

**गेहूं की खरीद से अनभिज्ञ बने हैं आढ़ती** : हर वर्ष की भांति इस बार भी प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी, लेकिन मार्केट कमेटी या सरकारी एजेंसी द्वारा स्थानीय आढ़तियों को इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी है। जबकि गेहूं की सरकारी खरीद शुरु होने में एक दिन मात्र शेष रह गया है। स्थानीय मंडी में हर बार 22 से 23 आढ़ती गेहूं की सरकारी खरीद में सहयोग देते हैं।

> **प्रदेश** सरकार गेहूं की सरकारी खरीद किस शर्त पर किसानों से खरीद करेगी। इसकी जानकारी आढ़तियों को अभी तक नहीं दी है। सरकार गेहूं ही खरीद पर क्या नियम बना रही है। सरकार जब भी आढ़तियों से गेहूं या सरसों की खरीद में जो भी सहयोग मांगेगी।
>
> **महेश आर्य, प्रधान आढ़ती एसोसिएशन।**

> **सरकार** चाहती है कि गेहूं की खरीद को मार्केट कमेटी के माध्यम से एजेंसी को खरीदवाया जाएगा। जिससे आढ़तियों को मिलने वाला कमिशन की बचत होगी। एक अप्रैल से 30 मई तक एक माह गेहूं व सरसो की खरीद एक साथ होगी।
>
> **मुकेश कुमार खरीद निरीक्षक, हेफेड।**

# अनाज मंडी में दिन दहाड़े दो इको हुई चोरी

**सोहना।** अनाज मंडी परिसर में दिन दहाड़े इको कार चोरी हो गई। तीन दिन में दो इको शहर में से चोरी हुई हैं। थाना भोंडसी का गांव गढ़ीबाजीदपुर निवासी पप्पू ने शहर थाना पुलिस को बताया कि वह बुधवार को अपनी इको कार को लेकर आया था।

उसने अपनी कार को अनाज मंडी परिसर में सुबह साढ़े 10 बजे खड़ा किया था। करीब सवा घंटा के बाद वह वापस अनाज मंडी में आया तो उसकी कार मौके से गायब थी। शहर में इको चोरी की वारदातें बढ़ने लगी है। सोमवार की रात को शहर के वार्ड-7 में घर के बाहर खड़ी इको रात के अंधेरे में चोरी हो गई।

मालिक के पुत्र ने मंगलवार की सुबह उठकर देखा तो इको मौके से नहीं थी। शहर में बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों से आम नागरिकों में रोष पनपने लगा है। बाइक व स्कूटी चोरी होना शहर में आम बात हो गई है।

# लैंक्सेस इंडिया ने प्रतिष्ठित सीआईआई वेस्टर्न रीजन एसएचई एक्सिलेंस एंड इनोवेशन पुरस्कार 2022 जीता

## वाइस प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक नमितेश रॉय चौधरी ने अपनी सफलता पर बात रखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**लैंक्सेस** इंडिया ने अपनी झागड़िया साइट के लिए निर्माण श्रेणी (वृहद) के लिए प्रतिष्ठित 17वां सीआईआई वेस्टर्न रीजन सेफ्टी, हेल्थ और एनवॉयरमेंट (एसएचई) एक्सिलेंस और इनोवेशन पुरस्कार 2022 हासिल किया।

यह पुरस्कार सुरक्षा स्वास्थ्य और बेहतर पर्यावरण में लीक से हटकर तरीकों को लागू करने के लिए नेतृत्व, विजन और प्रयासों की श्रेणी में लैंक्सेंस को दिया गया। यह पुरस्कार लैंक्सेंस के प्रयासों को सीआईआई की मान्यता का प्रतीक है। यह एसएचई की सर्वोत्कृष्टता के प्रति इंडस्ट्री की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करता है। इससे सभी कर्मचारी सुरक्षा स्वास्थ्य और बेहतर पर्यावरण के प्रति बेहद जागरूक रहते हैं। इसे हासिल करने के लिए वह बेहतरीन तरीकों का इस्तेमाल करते हैं।

इसके मूल्यांकन के मानदंडों में संस्थानों द्वारा अपनाया गया नवाचार, विशिष्टता, जन भागीदारी, प्रेरक कारक, प्रतिकृति या क्षैतिज तरीके से लागू की गई योजना और पर्यावरण की स्थिरता की पहल शामिल है। कार्यक्रम में लैंक्सेस इंडिया की ओर से यह पुरस्कार पीटीएसई के पूर्ण कालिक निदेशक और हेड बालाराम खोट, एचएसई की झागड़िया साइट के हेड नरेश मुडे और कार्यस्थलों पर सुरक्षा, एक्सएक्ट, जिम्मेदारी पूर्ण देखभाल और ट्रेड कॉम्प्लायंस के लिए पीटीएसई के जनरल मैनेजर भरत मीसाला ने ग्रहण किया। लैंक्सेस इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और प्रबंध निदेशक नमितेश रॉय चौधरी ने अपनी सफलता पर अपनी बात रखते हुए कहा, लैंक्सेस में सुरक्षा को हम सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। एक संस्थान के रूप में हम अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा को हर हाल में बरकरार रखने के लिए वचनबद्ध हैं।

# सीतारामजी का डोला निकाल युवाओं ने किए जय श्रीराम के जयघोष

**रामनवमी के पर्व पर शहर में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ बैंड़बाजे से निकाला जुलूस**

**रामनवमी के पर्व पर शहर भगवा झंड़ों एवं भगवा कलर के स्वागत द्वारों से अटा**

**डोला निकालने से पूर्व इंद्रदेव ने बरसा कर भगवान श्रीरामजी के चरण पखारे**



रामनवमी के पावनपर्व पर सनातन धर्म सभा द्वारा शहर में निकाला प्रभु श्रीराम एवं माता सीता का भव्य डोला।

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

**प्रत्येक** वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का पावन पर्व बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के ऐतिहासिक श्रीसीताराम मंदिर से प्रभु श्रीराम एवं माता सीता का भव्य एवं आकर्षक डोला बैंड बाजे के साथ निकाला गया।

शहर को जहां एक ओर भगवा झंडों एवं भगवा रंग के स्वागत द्वारों से सजाया गया वहीं दूसरी ओर युवाओं ने श्रीराम का जमकर जयघोष किया।

श्रीसनातन धर्म सभा, युवां सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में शहर में निकाले गए प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के डोला को शहर के मुख्य बाजार, चौपड़ा बाजार, लालकुआं चौक, सिविल लाइंस से होते हुए निकाला गया। जिसमें शहर के समस्त धर्म प्रेमी महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने पालकी में विराजमान भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मणजी के मनमोहक स्वरूप के दर्शन किए और अपने घरों से तैयार कि ए प्रसाद का भोग भगवान के समक्ष लगाया।

इसके उपरांत महिलाओं ने विधिवत रूप से पालकी के चारों तरफ परिक्रमा की और भगवान श्रीराम से मनोवांछित फल की कामना की। इसके उपरांत भगवान श्रीरामचंद्र की पालकी को श्रीसीताराम बगीची पर ले जाया गया।

इस अवसर पर शहर के मुख्य बाजार लालकुआं चौक पर युवाओं ने डांडिया खेलकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। श्रीसीताराम मंदिर पर प्रभु श्रीराम एवं माता सीता की आरती करने के बाद बैंड़ बाजे के साथ डोला श्रीसीताराम मंदिर पहुंचा। जहां पर सभी धर्मप्रेमियों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर डा वेद महेश्वरी, सतीश गर्ग, ब्रजकिशोर गोयल, सुरेश गोयल, पंडित मिट्ठन लाल, शेखर गुप्ता, शंकर शर्मा, छगन शर्मा, गिर्राज गोयल, , हर्षित सोनी सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।



## सिद्धिदात्री की पूजा के साथ रामनवमी पर्व मनाया

**पुन्हाना।** नवरात्र के समापन पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के नौ देवी के रूप में कंजिकाओं का पूजन किया। अधिकतर लोगों द्वारा दुर्गाष्टमी व महानवमी पर्व आज हीं पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के मंदिरों में माता के जयकारों के साथ लोगों ने माता के दर्शन करके अपने उपवास खोलकर कंजिकाओं को श्रद्धा भाव से भोजन कराया।

हिन्दू शास्त्रों के अनुसार जिन घरों में नवदुर्गा का पूजन होता है। उन घरों में अष्टमी और नवमी के दिन कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। उनको श्रद्धा भाव से भोजन कराकर उपहार व यथासंभव दक्षिणा दी जाती है। ऐसा करने से मां दुर्गा श्रद्धालुओं के कष्टों को दूर करती है तथा उनकी मनोकामना पूरी करती है। नवरात्र के आखिरी दिन होने पर सुबह से ही मंदिरों में महिलाओं व पुरूषों की भारी भीड़ रही। इधर नूह के बड़ौजी गांव स्थित माता मनसा मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बताते हैं कि इसमें मत्था टेकने वालो मुरादें पूरी होने के कारण अधिक मान्यता है। इसके अलावा जमालगढ़ रोड स्थित वैष्णो देवी मन्दिर व मां काली मंदिर में विशेष साज सज्जा के साथ मां दुर्गा की सुबह शाम पूजा अर्चना होती है। जिसमें पुन्हाना सहित आस-पास के गांवों व शहरों के काफी संख्या में श्रद्धालुगण भाग लेते हैं।

जमालगढ़ रोड स्थित वैष्णो देवी मंदिर, काली मां मंदिर, सीताराम बगीची, लक्ष्मीनारायण मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, नथिया देवी मंदिर, कीर्तन भवन सहित सभी मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजे हुए हैं। प्रात: के समय मंदिरों में हवन भी किया गया। नवरात्र में घरों में देवी प्रतिमा घट स्थापना की जाती है, घर घर में उत्साह का माहौल रहता है। नौ दिन तक अलग अलग देवी के रूप में घरो में पूजा की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विद्यार्थियों को दिए पुरस्कार





**मेवात।** पुलिस प्रवक्ता नूंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नूंह, वरुण सिंगला आईपीएस ने डीएवी स्कूल पुलिस लाइन नूंह में कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के परीक्षा उत्तीर्ण परिणामों की घोषणा की। जहां पर पहुंचकर डीएवी स्कूल की कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा परिणामों में पहला, दूसरा व तीसरे स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रवक्ता नूंह ने बताया कि डीएवी स्कूल पुलिस लाइन नूह में कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के परीक्षा उत्तीर्ण परिणामों की घोषणा की गई। सभी कक्षाओं के अधिकतर बच्चों ने ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त करके विद्यालय का और अध्यापकों का मान बढ़ाया। सभी कक्षाओं के अध्यापकों द्वारा रैंक होल्डर निकाले गए। जिसमें कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के के छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा परिणामों में पहला, दूसरा व तीसरे स्थान प्राप्त करने पर मेडल सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी मे ताउमूर, एलकेजी में सोहिल, यूकेजी में कनिष्का, कक्षा पहली में आवेश, दूसरी में दीक्षता, तीसरी मे अरष्हीन, चौथी में विहान ने पहला स्थान प्राप्त किया वही प्राची ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं से वेदिका, यक्षित ने प्रथम स्थान, आलिया, प्रिंस ने द्वितीय स्थान व भाविक, जोया, मोहम्मद अशद, साहिल ने तृतीय स्थान, कक्षा छठी से अयाज तहसीन ने प्रथम स्थान, रूद्र छोंकर ने द्वितीय स्थान व नैतिक कौशिक ने तृतीय स्थान, कक्षा सातवीं से अर्पित सिंह परिहार ने प्रथम स्थान, सदफ और शिफा ने द्वितीय स्थान व टिया ने तृतीय स्थान, कक्षा आठवीं से गरिमा ने प्रथम स्थान, भविष्य और आदित्य ने द्वितीय स्थान व मोहम्मद वसीम ने तृतीय स्थान वा कक्षा 9वीं से अभिमन्यु बिश्नोई ने प्रथम स्थान, सफीना तहसीन ने द्वितीय स्थान व प्रिंस सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। जो स्कूल मे छात्र-छात्राओं के माता पिता ने पहुंचकर अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम हासिल किया। साथ ही अपने बच्चो बढ़ाई को लेकर स्कूल स्टाफ को धन्यवाद किया। इनाम वितरण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवंत विश्नोई ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए भविष्य में और अधिक मेहनत करने और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए कहा और साथ ही पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला आईपीएस के दिशा निर्देश पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा 10 अप्रैल से 11वीं कक्षा शुरू की जाएगी। जिससे नूंह जिले के सभी बालक बालिकाएं लाभान्वित हो सकेंगे। वहीं डीएवी स्कूल पुलिस लाइन नूंह के प्रधानाचार्य बलवन्त बिशनाई व स्कूल स्टाफ ने वरुण सिंगला आईपीएस पुलिस अधीक्षक के स्कूल आने पर धन्यवाद दिया।

### पिनगवां बीडीपीओ कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी रहते हैं नदारद



**मेवात।** पिनगवां खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय मात्र दो कर्मचारियों के सहारे ही चलाया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पिनगवां खंड के गांवों में कराए जाने वाले विकास कार्यों में अड़चन आना एक आम बात है। बिना बीडीपीओ,एसडीओ और जेई के कार्यालय में एक अकाउंटेंट और चपरासी दो कर्मचारियों के सहारे चलाया जा रहा है। एसपीओ भी कार्यालय से नदारद रहता है। सरपंचों ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय में गांव के विकास से संबंधित कार्य कराने के लिए आते हैं, लेकिन जब कोई अधिकारी व कर्मचारी वहां नहीं मिलता तो वहां से निराश होकर वापस लौटना पड़ता है। जिससे विकास कार्य रुके हुए हैं। यूसुफ सरपंच काटपुरी, सगीर सरपंच रनियाला पटाकपुर , मौहम्मद शाद सरपंच ढाढोली कला सहित अन्य सरपंचों ने बताया कि पिनगवां को खंड तो बना दिया गया,लेकिन यहां अधिकारी मौजूद नहीं रहते। नूंह के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कुलजीत दहिया को पिनगवां खंड कार्यालय का अतिरिक्त पदभार दिया हुआ है,जो मनमाने तरीके से यहां आते है। अगर कभी-कभार आते भी हैं तो सरपंच के पहुंचने से पहले ही कार्यालय से निकल जाते हैं। जिससे खंड के गांवों का विकास रुका हुआ है। कार्यालय में एसडीओ, जेई, एसपीओ और एबीपीओ सहित अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति भी की हुई है, लेकिन कोई भी यहां बैठने को तैयार नहीं है। जब भी बीडीपीओ कार्यालय जाते हैं तो वहां केवल एक चपरासी और अकाउंटेंट ही मौजूद होते हैं। बाकी सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय से नदारद मिलते हैं। सरपंचों का आरोप है कि बीडीपीओ कुलजीत दहिया को बार-बार फोन करने पर भी वह फोन नही उठाते। वहीं पिनगवां पंचायत समिति के चेयरमैन रफीक ने बताया कि गत 27 मार्च को खुली बोली लगाकर मवेशियों की हड्डी उठाने का ठेका छूटने वाला था । लेकिन बीडीपीओ ने आने की वजह से वह रद्द करना पड़ा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी अपने मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। पिनगवां खंड में विकास कार्य नहीं होने से जनता उन्हें कोस रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि वह कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनें और क्षेत्र के रुके हुए विकास को भी गति मिल सके। साथ ही पिनगवां खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में बीडीपीओ की स्थायी नियुक्ति की जाए। जब इस बारे में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कुलजीत दहिया से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को एक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित नाबालिग के मां के बयान पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की ओर से पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक 28 मार्च 3.30 बजे के करीब उनकी 14 वर्षीय बेटी अचानक घर से लापता हो गई। छानबीन की तो पता लगा कि इखलास नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गया।

**सार्वजनिक सूचना**

हम, प्रेमवती पत्नी देवेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम असावटी, जिला पलवल ने अपने पुत्र भगत सिंह व पुत्रवधु सविता जो हमारे कहने से बाहर है, नशा व गाली गलौच के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाले व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# एसएचओ पर रेप का मामला दर्ज, गिरफ्तार

रिजवान कासिम। मेवात

**थाना** शहर नूंह एसएचओ बिजेंद्र सिंह राठी पर नूंह थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की महिला से रिश्वत लेने व ब्लैकमेल करके यौन शोषण करने के अलावा झूठे मुकदमे में फंसाने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। महिला थाना नूंह में थाना शहर नूंह एसएचओ के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने एक स्वयंसेवी संस्था से लोन देने का प्रलोभन मिला था। जिसके लिए उन्होंने फाइल फीस के नाम पर 2 लाख रुपए की ठगी की थी। उसके बाद लोन नहीं मिला तो महिला ने इसकी शिकायत गत 7 नवंबर 2022 को थाना शहर नूंह में कर दी। महिला का आरोप है की उससे मुकदमा दर्ज करने के एवज में 30 हजार रूपए की मांग की, लेकिन उसके बावजूद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया और महिला को बार-बार थाने बुलाया गया। अंतत: आरोपी ने मुकदमा दर्ज करने के एवज में पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया और धमकाते हुए कहा कि अगर शारीरिक संबंध नहीं बनाए तो उल्टा तेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दूंगा। यौन शोषण करने के बावजूद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़िता ने लोक लाज के डर से किसी को यह बात नहीं बताई, लेकिन आरोपी ने उसकी नग्न वीडियो बनाने की धमकी दी। महिला का आरोप है की एसएचओ शहर नूंह ने अश्लील वीडियो उसके मोबाइल फोन पर भेजा और धमकी देकर फिर से यौन शोषण करने के लिए बार - बार दबाव बनाता रहा। महिला का आरोप है कि एसएचओ ने कहा कि जब तक मैं चाहूंगा तुझे मेरे साथ यौन शोषण बनाने होंगे। नहीं तो तुझे किसी झूठे केस में फंसा दूंगा। पीड़िता ने कॉल रिकॉर्डिंग व आरोपी द्वारा भेजी गई अश्लील वीडियो भी शिकायत के साथ ही महिला पुलिस को दी है।



एसएचओ विजेंद्र सिंह सिटी नूंह।

## सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के प्रयास

**फरीदाबाद।** एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है, प्राइवेट स्कूलों की तरह सरकारी स्कूलों के मुखिया भी अपने स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। शिक्षा विभाग हरियाणा ने जिला शिक्षा अधिकारी व स्कूलों के सभी अध्यापकों को निर्देश जारी किए हैं कि वे गली मोहल्ले व घरों में जाकर अभिभावकों से संपर्क करके उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित करें। गत शिक्षा सत्र के जो बच्चे ड्रॉप आउट हो गए हैं। उनकी जानकारी लेकर उनसे जरूर संपर्क करें और उन्हें स्कूल में पढ़ाई कराने के लिए जरूर लाएं।

गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या काफी घट गई है क्योंकि अधिकतर बच्चे प्राइवेट स्कूलों की तरफ रुख कर रहे हैं जबकि कुछ विद्यार्थी दाखिला लेकर स्कूल आना ही छोड़ गए। जिस कारण पहली कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम हो गई है। सरकार इसी प्रयास में लगी है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली कक्षा के बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए। जिला शिक्षा अधिकारी की तरफ से सभी सरकारी स्कूलों के अध्यापको को निर्देश जारी करते हुए कहा गया है।

# जान जोखिम में डालकर काम करने को विवश हैं बिजली कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका



बिजली विभाग का कार्यालय जर्जर हालत में।



जर्जर हाल कमरे में बैठे निगम के कर्मचारी।

**तिजारा** मार्ग पर स्थित स्थानीय बिजली बोर्ड कार्यालय भवन की हालत जर्जर होने के चलते अधिकारी और कर्मचारी जान जोखिम में डालकर कार्यालय में बैठने पर विवश है। बिजली कर्मचारी और अधिकारियों का कहना है कि वह इस भवन की जर्जर हालत के बारे में उच्चाधिकारियों को लिखित में अवगत करा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं हो पाया है। जिससे मजबूरी वश इसी कार्यालय में बैठकर कार्य करना पड़ रहा है।

बिजली निगम में कार्यरत कर्मचारियों ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि बिजली कार्यालय और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भवन की जर्जर हालत को लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से अवगत करा चुके हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा विकराल समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे कभी भी भविष्य में कोई दुर्घटना घट सकती है। कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले भी बरसात के दौरान बिजली विभाग के पांच कमरों का लेंटर का प्लास्टर गिर जाने से कोई भारी क्षति जान माल की नहीं हुई लेकिन उसके बाद कर्मचारियों को अपनी जान माल की सुरक्षा सता रही है। बता दें कि शहर के तिजारा मार्ग स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का उपमंडल अधिकारी स्तर का कार्यालय बना हुआ है। जो लगभग 60 वर्ष पूर्व बनाया गया था। वर्षों पूर्व बनाए गए इस कार्यालय और इसके साथ लगती कर्मचारियों की रिहायशी कालोनी लगभग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जर्जर हो चुके बिजली विभाग के इस कार्यालय में निगम में तैनात अधिकांश और कर्मचारी अपनी ड्यूटी जान जोखिम में डालकर दे रहे हैं कर्मचारी का कहना है कि वह इस जर्जर हाल भवन के बारे में विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। किन्तु अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। गत बरसात के दौरान भी पांच कमरों का लेंटर गिर जाने के बाद कर्मचारियों तथा उनके परिजनों में दहशत का माहौल है।

> “ **विभाग** के भवन और रिहायशी कॉलोनी निश्चित ही पूरी तरह जर्जर हालत में है। जिसके बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उच्चाधिकारियों द्वारा रिहायशी कॉलोनी को खाली कराने के लिए कर्मचारियों को लैटर जारी कर दिया गया है। इसके अलावा नए भवन के लिए स्टीमेट तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा सही लोकेशन वाली जगह को किराए पर लिखकर बिजली विभाग का कार्यालय चलाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सुनील कुमार
> **एसडीओ बिजली निगम, फिरोजपुर झिरका।**

# मनरेगा भ्रष्टाचारी तीन महीने बाद भी पुलिस गिरफ्त से दूर

**तालाब में फर्जी मजदूर दिखाकर किया था नौ लाख रुपये का गबन**

**गांव बिसरू में निजी जोहड़ को सामुदायिक दिखाकर मनरेगा में कराया था 9 लाख 42 हजार का गबन**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिले** के गांव बिसरू में मनरेगा भ्रष्टाचार के मुकदमे में नामजद पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर पुलिस पूरी तरह मेहरबान है। सीएम फ्लाइंग की शिकायत पर बिसरू गांव में मनरेगा योजना के तहत हुए भ्रष्टाचार के आरोप में पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर बिछौर थाना पुलिस द्वारा मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया, लेकिन तीन माह बीत जाने बाद भी पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं पाई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा अग्रिम जमानत लगाई थी, जिसे कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया। बता दें कि गांव बिसरू में निजी जोहड़ को सामुदायिक दिखाकर मनरेगा योजना के तहत करीब 9 लाख 42 हजार का गबन करने के मामले में बिछौर थाना पुलिस ने सीएम फलाइंग रेवाड़ी की शिकायत पर बीसरू गांव की निवर्तमान सरपंच रूमशीदा, पुन्हाना के बीडीपीओ दिगम्बर सिंह, कनिष्ठ अभियंता अजमत, एबीपीओ अरशद हुसैन,एबीपीओ संजय, ग्राम सचिव जफर अब्बास, लेखाकार अरशद हुसैन एवं लेखाकार व कंप्यूटर ऑपरेटर सहाबुद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी, सरकारी धन के गबन करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

भ्रष्टाचार जैसे संगीन मुकदमे के बाद भी आरोपी पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहे हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली से शिकायतकर्ता नाराज हैं। बिसरू निवासी शेर जंग, तरुण भारद्वाज, प्रकाश और यूसुफ ने बताया कि पिछले पंचायत कार्यकाल के दौरान गांव में नीजि जमीन में एक एकड़ पर बने तालाब को पंचायती जमीन दिखाकर मनरेगा स्कीम के तहत तत्कालीन सरपंच गांव बीसरू व खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय पुन्हाना के कर्मचारियों व अधिकारियों ने मिलकर 9 लाख 42 हजार रुपये की सरकारी धनराशि का गबन किया है। मनरेगा में फर्जी मस्टर रोल चलाकर मजदूरों को केवल कागजों में काम करता दिखाया गया था। जिसकी शिकायत उन्होंने सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी को कर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा जमीन मालिक ने इस जोहड़ की जमीन पर कैनरा बैंक से 4 लाख 10 हजार का ऋण लिया हुआ है। जांच के दौरान डीआडीए नूह के अनुसार इस जमीन पर 2020-21 में सामुदायिक कार्य दिखाकर मनरेगा योजना के तहत 9 लाख 42 हजार रुपये की अदायगी की जा चुकी है। जिसके बाद पंचायत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तथा निवर्तमान सरपंच दोषी पाए गए और सीएम फ्लाइंग रेवाड़ी की टीम द्वारा बिछौर थाना पुलिस को शिकायत देकर भ्रष्टाचार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर लिया गया लेकिन तीन महीने बाद भी पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई बार आरोपियों को घर पर देखा गया है, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करना समझ से परे है।

### आरोपी सोशल मीडिया पर रहते हैं एक्टिव

**ग्रामीणों** ने यह भी बताया है कि आरोपी फेसबुक, व्हाट्सएप जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ठेकेदारों व अपने करीबियों से लगातार संपर्क में रहते हैं। अधिकारियों के कर्मचारियों से अगर किसी व्यक्ति को काम होता है तो वह आरोपियों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर उनके द्वारा बताएं गए स्थान पर पहुंचते हैं और अपना काम कर आते हैं। ग्रामीणों ने नूह पुलिस कप्तान से मांग की है कि जल्द ही सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाए।

### राजस्व रिकार्ड में जोहड़ पंचायती नहीं मिली

**सीएम** फ्लाइंग की टीम को जांच में पता चला कि रिकार्ड में जोहड़ का मालिक अय्युब निवासी बीसरू है। जिसने जोहड़ पंचायत को नहीं दी। राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में जोहड़ पंचायती नहीं मिली।

### पुलिस दे रही दबिश

**जांच** अधिकारी दीपचंद ने बताया कि पुलिस लगातार आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है सरकार

**गांव मोहना में हुआ विशाल दंगल का आयोजन**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर** वर्ष की भांति नवरात्रों के अवसर पर गांव मोहना में आयोजित अष्टमी मेला में विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन शहीद विरेंद्र सिंह स्कूल में किया गया। इस दंगल प्रतियोगिता में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, रोहतक व आसपास के गांवों के नामी-गिरामी पहलवानों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया ने शिरकत करते हुए पहलवानों के हाथ मिलवाकर दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया।

दंगल प्रतियोगिता में 81 हजार, 31 हजार तथा 21 हजार की कुश्तियां हुई, जिसमें 81 हजार की कुश्ती फतेहपुर और रोहतक के पहलवानों के बीच बराबरी पर छूटी वहीं 31 हजार की कुश्ती घोड़ी, पलवल तथा 21 हजार की मोहना ने जीती। भाजपा नेता सुरेंद्र तेवतिया ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए सुरेंद्र तेवतिया ने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति से जुड़ा पुराना खेल है, जो आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में काफी पसंद किया जाता है, उन्होंने कहा कि प्रदेश के मनोहर सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है, हरियाणा की बेहतर खेल नीति पूरे देश में अपने आप में मिसाल है, यही कारण है कि हरियाणा के खिलाड़ी देश व विदेशों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार गांव-गांव स्टेडियमों का निर्माण करवा रही है ताकि ग्रामीण अंचल में उभरती हुई प्रतिभाओं को आगे बढने् के लिए मंच मिले और वह आगे बढकर् प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने इस विशाल दंगल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए ग्राम पंचायत मोहना की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से पहलवानों को आगे बढने् का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में मंच संचालन राकेश तंवर द्वारा किया गया।

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत छिछडाना तहसील गोहाना गांव में पंचायती झोटे की पशु पालन विभाग द्वारा 35 हजार रुपए कीमत लगाई गई है। मतस्य विभाग द्वारा तालाब व सरिया वाला तालाब नया तालाब मुठ की कीमत 45 हजार रूपए तथा सरिया वाला तालाब की 30 हजार रुपए निर्धारित की गई है। ग्राम पंचायत छिछडाना की पंचायती भूमि पर खड़े वृक्षों की वन मण्डल अधिकारी सोनीपत क्षरा 202437 रूपए कीमत निर्धारित की गई है। उक्त तालाबों, पंचायती झोटे, वृक्षों की बोली करवाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया है।

| सिक्योरिटी राशि | विवरण | राशि |
| --- | --- | --- |
| 10,000 | पंचायती झोटा | 35,000 |
| 20,000 | नया तालाब | 45,000 |
| | सरिया वाला तालाब | 30,000 |
| 30,000 | शामलात भूमि पर खडे वृक्षों की बोली | 2024371 |

उक्त पंचायती झोटे, नया तालाब, सरिया वाला तालाब, पंचायती भूमि पर खड़े वृक्षों की सिक्योरिटी राशि निर्धारित की गई। इनकी बोली हेतु ग्राम पंचायत सदस्यों ने दिनांक 17-4-2023 समय प्रात: 10 बजे स्थान पंचायत सदन (सरकारी स्कूल के पास) निर्धारित की गई है, बाकि की शर्ते मौके पर बताई जाएगी। हाजिर पंचों ने निर्णय लिया कि इस बारे ग्राम चौकीदार द्वारा मुनादी करवाई जाए व इश्तहार बनवाएं जावे। प्रस्ताव की प्रति श्रीमान बी.डी.यू.पी.ओ कथूरा एवं मत्सय विभाग गोहाना को सूचनार्थ व आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है। प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास व स्वीकार है। सरपंच श्री राजेश, पंच विकास, पंच रामसेर, पंच बलवान सिंह, पंच फूलकंवार, पंच प्रियव्रत, पंच हिम्मत, पंच पिंकी, पंच रेखा, पंच सुन्दर, पंच प्रमिला।

**सरपंच ग्राम पंचायत छिछडाना तहसील गोहाना ( सोनीपत )**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## बढ़ा जनता का विश्वास

**अतीक** को सजा से जनता का कानून व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है, पर अपराध के खिलाफ अभियान को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद को मंगलवार को मिली आजन्म कारावास की सजा से निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि और मजबूत होगी। एक नेता के रूप में उन्होंने देश के सबसे बड़े राज्य में अपराध पर लगाम लगाने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। योगी आदित्यनाथ के विधानसभा में कहे ये शब्द जनता के कानों में गूंज रहे हैं कि 'माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा।' यह तथ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है कि अपराधी के रूप में अतीक अहमद का कॅरियर अब समाप्त हो गया है और इसमें कानूनी प्रक्रिया के सुचारु संचालन का सर्वाधिक योगदान है। अतीक अहमद ने रविवार को आशंका जताई थी कि उसे एक और गैंगस्टर विकास दुबे की तरह मुठभेड़ में मारा जा सकता है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से सड़क मार्ग से प्रयागराज लाया गया। अतीक अहमद व दो अन्य आरोपियों दिनेश पासी व सौलत हनीफ को 2006 में वकील उमेश पाल के अपहरण का दोषी पाया गया। उमेश पाल 2005 में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के विधायक की हत्या के प्रमुख गवाह थे। विडंबना है कि यह सजा देखने के लिए जीवित नहीं हैं क्योंकि पिछले महीने उनको अतीक के बेटे असद समेत कुछ बंदूकधारियों ने गोलियों से छलनी कर दिया था। दशकों बाद माफिया अतीक को सजा दिलाने पर प्रदेश सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी स्वाभाविक रूप से प्रसन्न है। मुख्यमंत्री तथा प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिबद्धता प्रकट की है कि प्रदेश में अपराध के खिलाफ व्यवस्थित अभियान जारी रहेगा।



अतीक अहमद की सजा पर दिवंगत उमेश पाल के परिवार की प्रतिक्रिया सरकार से जनता की उम्मीदों की प्रतीक है। अतीक की सजा का स्वागत करते हुए पाल की पत्नी व मां ने कहा कि वे गैंगस्टर से माफिया बने इस व्यक्ति के लिए फांसी की सजा चाहती थीं। उल्लेखनीय है कि 2017 के पहले प्रदेश में न्याय की कछुआ चाल तथा माफिया तत्वों की 'दबंगई' के कारण दिनदहाड़े हुए अपराधों के गवाह नहीं मिलते थे और अपराधी सबूतों के अभाव में छूट जाते थे। अतीक के मामले में भी कानून को सजा दिलाने में 17 साल लगे। अतीक को चार दशक में पहली बार सजा मिली है। ऐसी समस्याओं का स्थाई समाधान प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सुधारों में है। केन्द्र तथा प्रदेश की सत्ता में आने के बाद भाजपा इन सुधारों को गति दे रही है। एम. वीरप्पा मोईली ने दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता करते हुए 15 खंड में रिपोर्ट तैयार की थी। इसका अंतिम खंड सरकार को अप्रैल, 2009 में सौंपा गया था। समय आ गया है कि इन रिपोर्टों पर गंभीरता से गौर कर इनके प्रासांगिक हिस्सों का फौरन क्रियान्वयन किया जाए। वैसे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ महीने पहले अपराध प्रक्रिया संहिता, भारतीय दंड संहिता तथा साक्ष्य कानून में बदलते समय को देखते हुए व्यापक परिवर्तनों की दिशा में हो रहे प्रयासों की बात कही थी। ऐसे प्रयासों के साथ ही पुलिस के मनोबल को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि आम पुलिसजन भी पूरी मजबूती से अपराधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर सके। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार इस दिशा में सक्रिय है। प्रदेश में पुलिसजनों की संख्या बढ़ाने के साथ उसमें लगभग 40,000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती भी की गई है। प्रदेश में एडीजी कानून-व्यवस्था ने कहा है कि आने वाले समय में हमने हर माफिया को सजा दिलाने तथा उसे कानून के सामने एक्सपोज़ करने की प्रतिज्ञा ली है। प्रदेश सरकार व पुलिस की निरंतर जारी कार्रवाई से कानून-व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है अनेक पहलें की गई हैं और भविष्य में भी ये पहलें जारी रहनी चाहिए।

# ई-कामर्स में गेम चेंजर ओएनडीसी

### ओएनडीसी ई-कामर्स में खांचों से अलग हट कर समाधान पेश करता है। इससे खरीदारों व विक्रेताओं के शोषण पर विराम लगना सुनिश्चित होता है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



**एक** दशक से अधिक समय से भारत और दुनिया भर में ई-कामर्स की असाधारण प्रगति हुई है। भारत के खुदरा व्यापार का लगभग 6.5 प्रतिशत ई-कामर्स के माध्यम से होता है। ई-कामर्स से जीवन सुगम हुआ है क्योंकि लोगों को घर पर बैठे-बैठे एक बटन के क्लिक करने पर वस्तुयें व सुविधायें सुविधाजनक रूप से प्राप्त होती हैं। आजकल की दुनिया में चाहे रेल, बस या विमान का टिकट लेना हो, होटल या टैक्सी का आरक्षण करवाना हो अथवा आटो से यात्रा करनी हो, सभी चीजें बहुत सुविधाजनक हो गई हैं। केवल इतना ही नहीं, विभिन्न घरेलू व बिजनेस सेवायें भी आसानी से ई-कामर्स के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। आज अनेक प्रकार के बिजनेस ई-कामर्स का प्रयोग करते हैं। इनमें उपभोक्ता वस्तुयें, ई-फार्मेसी, ई-ग्रासरी, डिलीवरी, भुगतान, यात्रा, होटल बुकिंग, टैक्सी, वाहन पूलिंग, कार रेंटल, घरेलू, वित्तीय, रोजगार, वैवाहिक मैच-मेकिंग सेवायें, आदि शामिल हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ बड़ी ई-कामर्स कंपनियों का प्रभुत्व बढ़ा है जिससे परंपरागत बिजनेसों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। डेटा पर अपने एकाधिकार के चलते ये ई-कामर्स कंपनियां विभिन्न विक्रेताओं के बीच भेदभाव करती हैं तथा अपने मनपसंद विक्रेताओं को वरीयता देती हैं। इस कारण अन्य विक्रेताओं को नुकसान होता है।

हालांकि, ये कंपनियां सस्ती वस्तुयें व सेवायें देने का दावा करती हैं जो तकनीक से संभव होता है, पर ऐसा उनकी क्षमताओं के बजाय नकदी-हतोत्साहित करने वाले बिजनेस माडलों के कारण होता है। अपनी मजबूत वित्तीय शक्ति के कारण ये कंपनियां अक्सर ग्राहकों को भारी छूट देती हैं जिससे छोटे व परंपरागत दूकानदारों तथा ट्रेवल एजेंटों, आदि का बिजनेस नष्ट होता है। यदि कैब एग्रीगेटरों पर गौर करें तो पता लगेगा कि शुरुआती चरण में वे लोगों को बिना अपना पैसा खर्च किए मुफ्त यात्रा के लिए ललचाती थीं। वे ड्राइवरों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन भी देती थीं। लेकिन अब अपना बिजनेस स्थापित करने के बाद ग्राहकों को भारी भुगतान करना पड़ता है तथा ड्राइवरों की लगभग एक तिहाई कमाई एग्रीगेटर हड़प जाते हैं। एग्रीगेटर के रूप में काम करने वाली ई-कामर्स कंपनियां छोटे वेंडरों व गरीब कामगारों को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। इससे उनके सामने केवल दो विकल्प बचते हैं कि वे या तो शोषण बर्दाश्त करें या बिजनेस छोड़ दें। चाहे किराना दूकानदार हों या कपड़े व एलेक्ट्रानिक्स तथा होम फर्निशिंग शोरूम या परंपरागत ट्रेवल एजेंट, विभिन्न प्रकार के खुदरा बिजनेसों में लोगों का रोजगार ई-कामर्स कंपनियों द्वारा प्रभावित हुआ है। ये कंपनियां इसलिए ऐसा कर पाती हैं क्योंकि उनके पास उपभोक्ताओं की पसंद, खरीदने की शक्ति तथा उसके स्थान के बारे में ज्यादा सूचना उपलब्ध होती है।

इन सारी सूचनाओं के कारण वे परंपरागत बिजनेसों की तुलना में ग्राहकों तक आसानी से पहुंच जाते हैं तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से अनावश्यक लाभ की स्थिति में आ जाते हैं। कभी-कभी ई-कामर्स रोजगार समाप्त होने के कारण शोषण का माध्यम भी बन सकता है। इसके अलावा अपना मुनाफा अधिकतम करने के लिए विशाल ई-कामर्स कंपनियां दुनिया में कहीं से भी व खासकर चीन से सामान खरीदती हैं। ये विशाल ई-कामर्स कंपनियां भारतीय उत्पादों को बाजार से बाहर कर देती हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारे नौजवान केवल डिलीवरी ब्वाय बन कर रह जाते हैं। हम ई-कामर्स को रोक नहीं सकते हैं और इसकी कोई आवश्यकता भी नहीं है। यहां मुद्दा वेंडरों व उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। क्या हम ई-कामर्स कंपनियों के लालच पर लगाम लगा सकते हैं? इन सवालों का जवाब ओपेन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स-ओएनडीसी में है। इसे भारत सरकार ने अ-लाभकारी कंपनी के रूप में शुरू किया है तथा आयकर अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत इसका पंजीकरण कराया गया है।

ओएनडीसी ई-कामर्स समस्याओं के लिए एक खांचे से अलग हट कर समाधान है। खरीदार और ग्राहकों को ऐसा इंटरफेस प्रदान किया जाता है जो किसी प्रकार शोषणकारी नहीं है। इस व्यवस्था में ई-कामर्स कंपनियां डेटा पर एकाधिकार या एआई के कारण विक्रेताओं में भेदभाव नहीं कर सकती हैं। कुल मिला कर ओएनडीसी एक ऐसा चैनल होगा जिसमें ग्राहकों को आसनी से विक्रेता व सेवा प्रदाता, आदि मिल जाएंगे। इससे ई-कामर्स बाजार में एकाधिकार के बजाय विक्रेताओं व ग्राहकों के बीच प्रतियोगिता को प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

ओएनडीसी सामान्य ई-कामर्स कंपनियों की तरह प्लेटफार्म नहीं है। ई-कामर्स कंपनियां प्लेटफार्म के माध्यम से काम करती हैं। वेंडरों या सेवा प्रदाताओं को विभिन्न मंचों पर अपना पंजीकरण कराना होता है। इसके परिणामस्वरूप से प्लेटफार्म ग्राहकों और विक्रेताओं को ललचाने के लिए अपनी मजबूत वित्तीय शक्ति के कारण अनेक छूटें व प्रोत्साहन देते हैं। लेकिन बिजनेस स्थापित होने के बाद वे मुनाफे के लिए ग्राहकों व विक्रेताओं, दोनों का शोषण करते हैं। प्लेटफार्म व उपभोक्ता अ-लाभकारी ओएनडीसी के माध्यम से संपर्क में आते हैं। सामान्य ई-कामर्स में विक्रेताओं व सेवा-प्रदाताओं को प्लेटफार्म में पंजीकरण कराना होता है जिससे वे इन पर निर्भर हो जाते हैं।

इस प्रकार ग्राहकों को केवल प्लेटफार्म पर पंजीकृत विक्रेता ही दिखते हैं। ओएनडीसी विभिन्न प्लेटफार्मों से जुड़ने की सुविधा देता है। लेकिन ओएनडीसी उन सभी वेंडरों या सेवा-प्रदाताओं को सथान देता है जिनका पंजीकरण किसी भी प्लेटफार्म पर हुआ हो। इससे ओएनडीसी पर आने वाले ग्राहकों को सभी विक्रेता दिखते हैं। इस प्रकार ओएनडीसी अपारदर्शी नहीं है। यह व्यवस्था जीआईएस के माध्यम से काम करती है, इसलिए ओएनडीसी में स्थिति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इससे लाखों वेंडरों व करोड़ों ग्राहकों को सुविधा होती है। उदाहरणार्थ, यदि ग्राहक घर पर बैठ कर रेस्टोरेंट से खाने का आर्डर करता है तो ओएनडीसी पर उसके सामने सभी निकटस्थ वेंडर मौजूद होंगे। यदि वह किराने का सामान खरीदना चाहता है तो उसके निकटस्थ वेंडर को लाभ होगा। विभिन्न प्लेटफार्मों पर पंजीकृत होने के बावजूद सभी वेंडर व सेवा-प्रदाता संभावित ग्राहक तलाश सकेंगे। वेंडरों के पंजीकरण वाले ई-कामर्स प्लेटफार्म वेंडर से किए समझौते के आधार पर निर्धारित फीस ले सकेंगे। लेकिन बिजनेस आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों के बीच प्रतियोगिता से कमीशन में स्वत: गिरावट आएगी। यदि कोई प्लेटफार्म ज्यादा कमीशन लेता है तो उसकी वस्तुएं व सेवायें ज्यादा महंगी हो जाएंगी और उसे बिजनेस का नुकसान होगा। ऐसी स्थिति में हर प्लेटफार्म अपने कमीशन कम रखेगा ताकि अधिकतम बिजनेस आकर्षित कर सके। ओएनडीसी का विस्तार होने के साथ सभी प्रकार के ई-कामर्स यही कर सकते हैं। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कामर्स कंपनियों को प्लेटफार्मों के एकाधिकार से मुक्त कर स्वस्थ प्रतियोगिता प्रोत्साहित करेगा। इससे कमीशन घटने के कारण ग्राहकों के लिए पारदर्शिता के साथ वस्तुयें व सेवायें सस्ती हो जाएंगी। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कामर्स बाजार के नियम बदल सकता है।

हालांकि, ई-कामर्स कंपनियों ने ओएनडीसी व्यवस्था में शामिल होने के प्रति दिलचस्पी दिखाई है तथा कुछ प्लेटफार्मों व भुगतान कंपनियों ने ओएनडीसी में पंजीकरण भी कराया है। लेकिन ओला व उबर जैसी टैक्सी सेवाओं ने अभी पंजीकरण नहीं कराया है, हालांकि कुछ नई कामर्स मोबिलिटी कंपनियों ने ओएनडीसी में दिलचस्पी दिखाई है। हाल ही में शुरू होने के कारण ओएनडीसी में बिजनेस कम है, पर निकट भविष्य में इसमें भारी बढ़ोत्तरी की संभावना है। इससे छोटे ई-कामर्स प्लेटफार्मों को बिना विज्ञापन पर भारी खर्च किए ग्राहकों तक पहुंचने में सहायता मिलेगी।

ओएनडीसी व्यवस्था में सभी पंजीकृत विक्रेताओं को ग्राहक आसानी से देख सकेंगे क्योंकि इसका प्रोटोकाल विभिन्न ग्राहकों में मतभेद नहीं कर सकता है। महत्वपूर्ण बात है कि अब तक सरकार के सभी तकनीक-समर्थित प्रयास सफल हुए हैं। आज यूपीआई के माध्यम से आनलाइन भुगतान मुफ्त हैं। दुनिया में सभी आनलाइन लेनदेन का 40 प्रतिशत भारत में होता है। इसी प्रकार ओएनडीसी ऐसी व्यवस्था बन सकता है जिससे न केवल ग्राहकों व उपभोक्ताओं का शोषण थमेगा, बल्कि देश के जीडीपी तथा रोजगार में भी भारी वृद्धि होगी। इससे स्थानीय बिजनेसों को बहुत सुविधा मिलेगी।

# कब तक सावरकर पर मौन रह सकेंगे राहुल ?

**राहुल गांधी सावरकर के मुद्दे पर इंदिरा गांधी के रुख से सहमत क्यों नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है?**


**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



**मौ**सम कब अपना रंग बदल दे कुछ कहा नहीं जा सकता। यही बात हमारे राजनेताओं पर भी लागू होती है। सुविधा व स्वार्थ की राजनीति के वशीभूत होकर नेता आए दिन मौसम की अनिश्चितता को भी मात देते हुए अपने रंग बदलते रहते है। विश्वसनीयता के इस संकट को बढ़ाती प्रवृत्ति का ताजा उदाहरण कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं जिन्होंने आलोचना के अपने प्रिय विषय विनायक दामोदर सावरकर यानि वीर सावरकर की भविष्य में आलोचना न करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

राहुल गांधी का यू टर्न दरअसल मजबूरी में उठाया गया कदम है जिसकी जड़ में सत्ता हासिल करने की लालसा है। मानहानि के मामले में लोकसभा की सदस्यता गंवाने के बाद राहुल गांधी ने माफी मांगने की बात पर अपने चिर परिचित अंदाज में वीर सावरकर का उपहास उड़ाते हुए कहा था कि वह राहुल गांधी हैं न कि राहुल सावरकर। कांग्रेसी भले ही राहुल के इस कथन पर हर्षित होकर ताली पीटें लेकिन सावरकर पर उनके इस रुख ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी को असहज कर दिया जिसमें कांग्रेस व शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल है।

दअरसल महाराष्ट्र में और खासकर शिवसेना के लिए वीर सावरकर का दर्जा महानायक जैसा है और पहले से ही राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे उद्धव ठाकरे के लिए तो यह आत्मघाती होता कि वह उसी कांग्रेस के साथ गठबंधन में रहें जो लगातार उनके महानायक सावरकर का उपहास उड़ाती हो। उद्धव मुख्यमंत्री रहते राहुल गांधी की सावरकर पर की गई बयानबाजी पर पहले नाराजगी जाहिर कर चुके थे और राहुल गांधी काफी दिन तक इस विषय पर खामोश रहे लेकिन अब फिर से अपने प्रिय विषय पर लौट आए हैं।



शिवसेना ने राहुल गांधी के बयान पर खुलकर नाराजगी जाहिर की और सम्बन्धों में खिंचाव को संकेत देते हुए शिवसेना ने सोमवार 27 मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक से भी दूरी बना ली। नाजुक हालत को भांपते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताते हैं कि उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से साफ कहा कि अगर राहुल गांधी इसी तरह सावरकर पर हमले करते रहे तो महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी का गठबंधन खतरे में पड़ जाएगा।

जाहिर है कि दो चुनावों से लगातार शर्मनाक प्रदर्शन कर रही कांग्रेस की उम्मीदें गठबंधन पर ही टिकी हैं और ऐसे में 48 लोकसभा सीटों वाले देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य में गठबंधन को बचाने के लिए उसने राहुल गांधी को चुप रहने के लिए राजी करना ही बेहतर समझा। बुधवार को संसद भवन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी ने शिवसेना नेता संजय राउत से मुलाकात की। समझा जाता है कि इस बैठक में सोनिया गांधी के सामने राहुल गांधी ने शिवसेना को आश्वस्त किया कि वह सावरकर का उपहास उड़ाने अथवा उनकी सार्वजनिक आलोचना से गुरेज करेंगे। राहुल गांधी अगर अपने रुख पर कायम रहते हैं तो यह उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए निश्चित तौर पर राहत भरी बात होगी क्योंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना व उसकी सहयोगी भाजपा ने सावरकर के मुद्दे को लेकर उद्धव ठाकरे पर तंज कस कर उसे निरुत्तर कर रखा है। शिंदे ने तो इस मुद्दे पर राज्य में जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा कर दी है।

सावरकर को लेकर राहुल गांधी की आलोचना के कतिपय पहलू तो ऐसे हैं जो न केवल राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर सवालिया निशान लगाते हैं वरन रणनीति के स्तर पर भी नुकसानदेह ही माने जा सकते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि तत्कालीन इंदिरा गांधी ने वीर सावरकर को लिखित तौर पर भारत माता का महान सपूत बताते हुए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की और उन पर डाक टिकट भी जारी कराया। यही नहीं सावरकर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने के लिए एक वृत चित्र का भी निर्माण इंदिरा गांधी ने कराया। ऐसे में यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि बात बात पर अपने पिता या दादी की महानता व योगदान का उल्लेख करने वाले राहुल गांधी सावरकर के मुद्दे पर इंदिरा गांधी के रुख से सहमत क्यों नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है और सावरकर पर इंदिरा गांधी के विचार से उनका पोता कन्नी क्यों काटता है? कांग्रेस में ही एक वर्ग का मानना है कि राहुल गांधी पर जेएनयू की वामपंथी लॉबी का ऐसा दबाव है कि वह उन्हें जो राजनीतिक विमर्श बताता है वह उसी का अंधानुकरण करते रहते हैं। बहरहाल अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल गांधी जो समान्यतया अपनी ही धुन में रहते हैं कब तक अपनी राजनीतिक अंडरटेकिंग पर कायम रहते हैं कि वह विनायक दामोदर सावरकर पर खामोश रहेंगे। सावरकर ने अंग्रेजी शासन में वर्षों तक जेल में रहकर जो यातनाएं सहकर महानता के जिस स्तर को प्राप्त किया उसकी तारीफ तो राहुल गांधी के मुंह से कभी होने वाली नहीं। अलबत्ता सत्ता की चाह में वह अपने सिद्धांतों से समझौता करते हुए सावरकर पर मौन साध लें। यह अलग बात है कि इस मौन की आयु क्या होगी इसे सिर्फ राहुल गांधी ही जान सकते हैं।

## आप की बात

### न्याय तक पहुंच

**उच्चतम** न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय में होने वाली कार्यवाही से संबंधित दस्तावेजों को न केवल अंग्रेजी बल्कि देश की अलग-अलग भाषाओं में अनुवादित करके लोगों के लिए प्रस्तुत किए जाने का प्रस्ताव रखा है। जिससे लोगों को उच्चतम न्यायालय में चल रहे मुद्दों को समझने में न केवल सहूलियत होगी बल्कि भारत के आम नागरिकों में अपने कानूनी अधिकारों और देश में चल रही कानूनी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। उनके इस विचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मीडिया को देश में चल रही घटनाओं के बारे में जनता को यथार्थ जानकारी देनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने पद की शपथ लेने के फौरन बाद कहा था कि वे सर्वोच्च न्यायालय को जनता के अधिकार सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनाना चाहते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही तथा दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण से आम जनता तथा उन लोगों को सुविधा मिलेगी जो अंग्रेजी भाषा में दक्ष नहीं है। देखना होगा कि उनके ये प्रयास कहां तक जनता की न्याय और न्यायपालिका तक पहुंच सुनिश्चित कर सकेंगे।

\- **अवनीश गुप्ता,** आजमगढ़

### प्रेरणादायक श्रीराम

**श्रीराम** विष्णु के अवतार हैं जो मानव मात्र की भलाई के लिए मानवीय रूप में इस धरा पर अवतरित हुए। मानव अस्तित्व की कठिनाइयों तथा कष्टों का उन्होंने स्वयं वरण किया ताकि सामाजिक व नैतिक मूल्यों का संरक्षण किया जा सके तथा दुष्टों को दंड दिया जा सके। उन्होंने हमेशा वेदों और मर्यादा का पालन किया। स्वयं के सुखों से समझौता कर उन्होंने न्याय और सत्य का साथ दिया। गुणों की वजह से वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। सहनशीलता व धैर्य भगवान श्री राम का प्रमुख गुण है। हर जाति व हर वर्ग के लोगों के साथ भगवान राम ने मित्रता की। उनकी बेहतर नेतृत्व क्षमता की वजह से ही लंका जाने के लिए पत्थरों का सेतु बन पाया। जीवन में कई लोग आपको ठगेंगे, कई आपको निराश करेंगे, कई बार आप भी सम्पूर्ण परिस्थितियों पर संदेह करेंगे लेकिन इस पूरे माहौल में जब आप रुक कर पुन: श्रीराम की कथा का ध्यान करेंगे तो समाधान सामने आएंगे। रामनवमी का त्योहार हमें एक बार फिर भगवान राम की कथा से प्रेरणा लेने के साथ ही सज्जनों का साथ देने तथा दुष्टों के विनाश में लगे लोगों का सहयोग करने को प्रेरित करता है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर,** बालाघाट

### माफिया को सजा

**पिछले** कुछ दिनों से मीडिया और जनता की नज़र राजनैतिक संरक्षण प्राप्त माफिया अतीक पर टिकी हुई थी। देश और समाज इस अपराधी के हश्र की प्रतीक्षा में था। सड़क मार्ग से लाने पर भी मीडिया और जनता नज़र टिकाये रही। अब जब अतीक के आतंक को उमरकैद हुई तो लोगों का विश्वास प्रदेश सरकार पर और मजबूत हुआ। वाकई उत्तर प्रदेश सरकार इसके लिए बधाई की पात्र है साथ ही न्यायालय ने भी अपनी भूमिका जनता की आकांक्षओं के अनुरूप निभाई है। हालांकि लोगों का अनुमान कुछ और ही था और वो अनुमान गलत साबित हुआ परन्तु पटाक्षेप सही हुआ। हालांकि उमेश पाल और सुरक्षाकर्मी क़ी हत्या के अपराध में लिप्त लोगों का हश्र अभी देखना बाकी है, पर जनता का प्रदेश सरकार पर भरोसा बरकरार है। अब जरूरत इस बात की है कि जमीनी स्तर पर उभर रहे अपराधियों के खिलाफ भी त्वरित पुलिसिया कार्रवाई और उनको अदालतों से दंड देने की प्रक्रिया तेज हो क्योंकि छोटे अपराधी ही राजनीतिक शह पाकर भविष्य में माफिया बनते हैं और राजनीति का अपराधीकरण करते हैं।

**मनोज शर्मा,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के इन लोगों की खुशी में पूरा देश शामिल है! प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की उपलब्धियां काफी उत्साहित करने वाली हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



तब का शासन पर्व और त्योहारों को बैन कर देता था, आज पर्व-त्योहार उत्साह और उमंग के साथ मनाए जा रहे हैं।

**-योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री , उत्तर प्रदेश।



दीदी ने भ्रष्टाचार की कालिख से पुते लोगों को भाजपा में शामिल होने पर सफ़ेदपोश होकर बाहर निकालनेवाली जिस 'भाजपाई वॉशिंग मशीन' का डेमो दिखाया है।

**- अखिलेश यादव**
पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।

# देवी जागरण में प्लेबैक सिंगर नछत्तर गिल ने किया महामाई का गुणगान

## 'मेला मैया दा' भजन पर झूमे भक्तजन



जागरण में महामाई का गुणगान करते गायक नछत्तर गिल।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में महापर्व नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब के मशहूर गायक इंटरनेशनल टीवी आर्टिस्ट एवं प्लेबैक सिंगर नछत्तर गिल तथा सुप्रसिद्ध गायक व द वॉइस आफ इंडिया के विजेता सुमित सैनी द्वारा मां भद्रकाली के चरणों में अपनी मधुर आवाज में हाजिरी लगाई गई।

जागरण में सुप्रसिद्ध गायक नछत्तर गिल द्वारा उनके प्रसिद्ध भजन तेरियां ज्योता मां, फरियाद दातिए, भर दे झोलियां, आहो जिहे रंग, नैना नैना नाल मिला लयी, खंजर चलाए, तेरे रंग न्यार इत्यादि भजनों पर प्रस्तुति दी। नछत्तर गिल के बाद सुमित सैनी द्वारा अखियां उडीक दीया, मेला मैया दा, भोले दी बारात, अरे द्वारपालों, कमली मैया दी, रंग बरसे, लोरियां ले ले, गौरा, भद्रकाली मां पे विशेष इत्यादि भजनों की प्रस्तुति दी गई। जागरण में मंच संचालन मीना जोशी द्वारा किया गया। सहयोग देवांशु शर्मा और निकुंज शर्मा द्वारा किया गया। जागरण की समापन आरती प्रातः 5 बजे नरेश मुकेश रोहिला द्वारा, डॉ अनू पॉल शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष पं.सतपाल शर्मा ने मां कालीजी का पूजन किया और मुख्य भवन में मां भद्रकालीजी, मां लक्ष्मीजी, मां सरस्वती की ज्योति प्रज्वलित की। मां के जागरण पंडाल में विराजमान होने की प्रार्थना की। श्रीदेवीकूप पर मां के 52 लाडले परिवारों को लाल शक्ति चुनरी से सम्मानित कर उनका पूजन करवा कर मंगल कलश वितरित किए। उन्हें 52 शक्तिपीठों की प्रतीक पावन ज्योतियों के साथ स्थापित करवाया। जागरण पंडाल में सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सानिध्य में मां भद्रकालीजी का ध्यान कर मुख्य यजमान एमिल फार्मा दिल्ली से केके शर्मा, मुख्य अतिथि विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, विशिष्ट अतिथि जनरल हेल्थ सर्विस की डायरेक्टर डॉ. सोनिया त्रिखा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी, थानेसर विधायक सुभाष सुधा, नप की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा ने मंत्रोचारण के साथ ज्योति प्रज्वलित की।

### झांकियों ने किया आकर्षित

**बॉलीवुड** कोरियोग्राफर रंजना नेब द्वारा अपनी पांचवी बार हाजिरी में काली तांडव मुंडमाल की मोहक झांकी का प्रस्तुतिकरण किया गया। रंजना नेबजी द्वारा ही श्रीगणेश उत्पत्ति पर भी विशेष झांकी प्रस्तुत की गई। मध्यरात्रि में देशभक्ति की झांकी की भी प्रस्तुति रही। मुख्यातिथि स्वागत व नव दुर्गा महापूजन हुआ। जिसमें नव देवियों के स्वरूप में सजी कन्याओं का पूजन एवं अभिनंदन किया गया। विशाल भगवती जागरण के बाद रामनवमी पूजन उत्सव के उपलक्ष में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति न्यायधीश जस्टिस सीटी रवि कुमार, जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी व अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे। इस मौके पर हेम राज शर्मा, शकुंतला देवी, धर्मपाल गोयल, हाकम चौधरी, संजीव मित्तल, डॉ संजय शर्मा व डॉ वंदना शर्मा, देवेंद्र गर्ग, हितेश, आशीष, मोना, सुरभि, बलवान, ऋषि, भीम, हितेश इत्यादि भक्तजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा, अध्यक्ष नरेन्द्र वालिया, केके शर्मा, ज्ञान चंद गुप्ता, डॉ सोनिया त्रिखा ने भारत माता का पूजन करते हुए राष्ट्रगान के साथ किया। जिसके बाद तिरंगे के प्रति सम्मान दर्शाते हुए तीन रंगों के गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया।

### हिसार में ट्रॉला ने महिला को कुचला, मौत

**चंडीगढ़।** हिसार में चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-52 पर ट्रॉला ने बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक पर पीछे बैठी महिला नीचे गिर गई और टायर के नीचे आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रॉला चालक फरार हो गया, लेकिन राहगीरों ने पीछा कर उसे बाडो पट्टी टोल प्लाजा पर पकड़ लिया। उधर महिला के शव को हिसार भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर दौलतपुर गांव की महिला अपने पति के साथ हिसार आ रही थी। करीब सवा दो बजे जब वह ओम यूनिवर्सिटी के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रॉला ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

इससे बाइक सड़क पर गिर गई और ट्रक महिला को कुचलते हुए निकल गया। जिससे कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक को लेकर भाग गया, लेकिन लोगों ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में ले जाया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर घर-घर हुआ कन्या पूजन


यज्ञ में पूर्णाहुति डालते स्वामी संतोष ओंकार महाराज।

**कुरुक्षेत्र।** रामनवमी का पर्व जिला भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर घर-घर कन्या पूजन किया गया। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम में वीरवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। संघ संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज, स्वामी संतोष ओंकार महाराज और स्वामी संदीप ओंकार महाराज ने आश्रम में स्थापित भगवान राम दरबार का पूजन किया। इस दौरान भगवान राम की आरती करके सबके कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे। सभी ने भगवान राम की पूजा से पहले चेत्र नवरात्र की नवमी होने पर देवी मां के नौवें स्वरूप की भी आराधना की गई। साथ ही स्वामी संदीप ओंकार ने कन्याओं का पूजन करके भोग लगाया गया। इस दौरान भगवान राम और देवी मां के जयकारे गूंजे। इससे पहले ओंकार यज्ञ का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। यज्ञ की पूर्णाहुति स्वामी संदीप ओंकार ने डाली। स्वामी शक्तिदेव महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें ईश्वर के सभी पर्वों को उत्साह से मनाना चाहिए। नवरात्र और रामनवमी के दिन का अपना ही महत्व है। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, उनके जीवन से भी हमें अपना जीवन जीने की सीख मिलती है। जो व्यक्ति भगवान राम के जीवन का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ता है, उसे जीवन में कभी निराशा नहीं मिलती। इस अवसर पर संघ संचालक एडवोकेट पंडित शिवनारायण दीक्षित, जयनारायण दीक्षित और राजेश दहिया आदि मौजूद रहे।

### नशे को जीवन से दूर रख खेलों को जीवन में अपनाएं : डॉ. खैहरा


डॉ.जसविंदर खैहरा को स्मृति चिह्न भेंट करते कार्यक्रम आयोजक।

**कुरुक्षेत्र।** शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य व जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष डॉ. जसविंदर खैहरा ने कहा है कि युवा वर्ग को चाहिए कि नशे को अपने जीवन से दूर रख दिनचर्या में खेलों को शामिल करें। जो व्यक्ति बचपन से ही खेलों में भाग लेता है वह पूरा जीवन निरोगी काया के साथ जीता है। वे गांव गोविंदमाजरा में खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान आयोजक मंडली की तरफ से डॉ. जसविंदर खैहरा का जोरदार स्वागत किया गया। डॉ जसविंदर खैहरा ने क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में खेलों को अपनाना चाहिए। खेल खेलने से जहां व्यक्ति अनुशासन सीखता है। वही बुराइयों से भी दूर रहता है। इतना ही नहीं जो व्यक्ति बचपन से ही खेल खेलता है वह पूरा जीवन स्वस्थ जीवन जीता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि खेलते समय अनुशासन का विशेष ध्यान रखें और ईमानदारी के साथ खेलें।

### रामनवमी पर 51 कन्याओं को किया सम्मानित



कन्याओं को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट द्वारा राम नवमी के शुभ अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय थाना में 51 कन्याओं को सम्मानित कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। गांव थाना के प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल तथा सफल मंच संचालन खंड समन्वयक रमेश थाना द्वारा की गई। पवन मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा नवरात्र उत्सव के उपलक्ष में समस्त प्रांत में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन 51 महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर समानता, सम्मान के अधिकार बोध का अनुभव करवाया जा सके। इस अवसर पर सरोज शर्मा, रेनू शर्मा, अनिल कुंडू, रणधीर शर्मा, आदि सहित भारी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# क्रमिक भूख हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही


नगर निगम में क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते यूनियन पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी द्वारा 27 तारीख से चल रही क्रमिक भूख हड़ताल आज चौथे दिन में प्रवेश कर गई। धरने की अध्यक्षता इकाई के प्रधान भरत कंडेरा ने की, जबकि मंच संचालन संदीप तूर ने किया।

जिला के प्रधान राजा भाई ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 29 अक्टूबर का समझौता लागू नहीं कर रही। सरकार और संघ के बीच में जो समझौता हुआ था, सरकार ने अब तक कोई भी पत्र जारी नहीं किया। सरकार जल्द से जल्द कर्मचारियों से किए गए वादे पूरा करें।

सरकार बार-बार वादा खिलाफी कर रही है, इसलिए कर्मचारियों में बहुत भारी रोष है। इस मौके पर सब कमेटी की प्रधान कमलेश देवी, दीपक, सोनू भारद्वाज, रामपुर, बलराज, बबीता, गीता आदि साथियों ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

### कार में पति ने पत्नी को जलाया था जिंदा

**चंडीगढ़।** जींद में एक व्यक्ति ने चरित्र शक के चलते पत्नी को कार में जिंदा जला दिया। ये वारदात 17 मार्च को नेशनल हाईवे- 152-डी पर 17 मार्च को हुई थी, लेकिन इसका खुलासा अब हुआ है। पुलिस ने मृतका के पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

पता चला है कि गांव सिवाह निवासी पति जितेंद्र और पत्नी सीमा दोनों ही एक दूसरे के चरित्र पर शक करते थे। इसी को लेकर घर में कलह रहती थी। इसी साजिश के तहत पति ने पत्नी को कार में जिंदा जला दिया था। इसे हादसे का रूप दिया गया था। दोनों सालासर दर्शन करने गए थे। 17 मार्च को नेशनल हाईवे 152-डी पर सिवाह गांव निवासी जितेंद्र की गर्भवती पत्नी सीमा की कार में जिंदा जलकर मौत हो गई थी। जितेंद्र का कहना था कि वह सालासर से पत्नी के साथ दर्शन कर घर वापस लौट रहा था। उसकी गाड़ी आगे चल रहे ट्रक टकरा गई और शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से उसकी पत्नी की मौत हो गई। जबकि वह बच निकलने में कामयाब हो गया।

# नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया ग्रेजुएशन डे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


छात्रा को सम्मानित करते अध्यापकगण।

**नवयुग** सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रेजुएशन डे के रूप में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। इस दौरान बच्चों ने डिग्री की पोशाक पहन कर अपना परिणाम लिया। विद्यालय की ओर से भावी डॉक्टर, पुलिस, इंजीनियर तथा अध्यापक आदि के नाम के प्रॉप्स भी रखे, जिनमें से बच्चों ने एक को चुना और मनमोहक फोटो खिंचवाई। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ गिफ्ट्स भी दिए गए।

बच्चों के साथ अभिभावकों में भी अपने बच्चे का वार्षिक परिणाम लेने के लिए उत्साह दिखा। कक्षा आठवीं तक प्रथम पांच स्थानों पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य द्वारा रिपोर्ट कार्ड दिए गए तथा उनके साथ विद्यार्थियों की फोटो भी ली गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने बताया कि विद्यालय न सिर्फ बच्चे की शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान देता है बल्कि अतिरिक्त गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जो प्रॉप्स रखे गए हैं, वे इसी बात को दिखाते हैं कि बच्चे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं और विद्यालय तथा माता-पिता इसी बात को ध्यान में रख कर बच्चों की नींव मजबूत करें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, कॉर्डिनेटर रीतू, अध्यापिका मनजीत, पूनम, नैंसी, दीपिका, सीमा, ज्योति, सोनिया, नीतू, हरिंदर, पायल, संजीव, सुनील, हेमंत और जसमेर आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमहादेव गोशाला बाहरी ने किया रामनवमी शोभायात्रा का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


शोभायात्रा का स्वागत करते महादेव सेवा समिति के पदाधिकारी गण।

**विश्व** हिंदू परिषद द्वारा श्रीराम नवमी पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से श्री सनातन धर्म मंदिर, न्यू कॉलोनी से सन्निहित सरोवर तक निकाली गई भव्य शोभायात्रा का श्रीमहादेव गोशाला बाहरी द्वारा प्रधान सुरेंद्र गोयल के निर्देशानुसार रेलवे रोड पर भारतीय स्टेट बैंक के सामने पेट्रोल पंप के पास बड़े उत्साह और उल्लास के साथ हार्दिक स्वागत किया गया।

गोशाला की संचालक समिति महादेव सेवा समिति कुरुक्षेत्र द्वारा एक विशाल स्टॉल लगाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के लिए जलजीरा की बोतलों की व्यवस्था की गई थी। समिति द्वारा शोभायात्रा में शामिल सभी संत महात्माओं को पुष्प मालाएं पहना कर सम्मानित किया गया।

संचालक समिति द्वारा दिव्य पालकी के सामने ज्योति जला कर नारियल, चंदन, कुमकुम, फल, फूल इत्यादि से पालकी में विराजमान भगवान श्रीराम चंद्र एवं सीता माता जी का पूजन किया गया एवं भोग लगाया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जतिंदर शर्मा व मंगतराम मेहता, चेयरमैन सीपी गुप्ता, वरिष्ठ उपप्रधान सतीश शर्मा, बृज मोहन गुप्ता, वी के सिंगला, गुलशन ग्रोवर, गौशाला प्रबंधक सतबीर अत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंगत राम मेहता ने विश्व हिंदू परिषद सहित उन सभी संस्थाओं का धन्यवाद किया, जिन्होंने किसी भी रूप में इस विशाल शोभायात्रा में अपना योगदान दिया है।

एडवोकेट रविंद्र अग्रवाल ने कहा कि हिंदू समाज सदैव सहिष्णुता का परिचय देता रहा है। हम चाहते हैं कि पूरे विश्व में रामराज्य स्थापित हो।

# 18 मंजिला ज्ञान मंदिर में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर 2 को

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ वकील देंगे कानूनी परामर्श

**18** मंजिला ज्ञान मंदिर में श्रीब्रह्मपुरी क्षेत्र आश्रम ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 2 अप्रैल को किया जाएगा।

शिविर में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग दिल्ली के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्थानीय लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाएगी वहीं जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ वकील लोगों को कानूनी परामर्श देने का कार्य करेंगे। शिविर की तैयारियों को लेकर ज्ञान मंदिर में ट्रस्ट के प्रधान राजेश गोयल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निःशुल्क लगने वाले विशाल शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक के बाद जानकारी देते हुए प्रधान राजेश गोयल ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में कैंसर, कार्डियोलॉजी, इंडो क्रोनोलॉजी, न्यूरोलॉजी, मेडिसिन, बीपी और शुगर से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जाएगा। वहीं मरीजों को डॉक्टरों की वरिष्ठ टीम द्वारा परामर्श दिया जाएगा।

# हायर ने पेश की मेड इन इंडिया और मेड फॉर इंडिया नेक्स्ट जेन की टॉप लोडिंग वाशिंग मशीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### 8 एवं 9 किग्रा क्षमता की 4300 और 4600 की कीमत में उपलब्ध

**होम** एप्लायंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में एक ग्लोबल लीडर हायर ने आज भारत में अपने नए लाइन-अप एंटी-स्केलिंग टॉप लोड वाशिंग मशीन को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नई वाशिंग मशीन 8 किग्रा एवं 9 किग्रा क्षमता के साथ क्रमशः 43,000 और 46,000 की कीमत में उपलब्ध है। हायर की एंटी-स्केलिंग टेक्नोलॉजी, बायोनिक मैजिक फिल्टर तथा 3डी रोलिंग वॉश द्वारा संचालित, यह नई रेंज फैब्रिक की देखभाल करने के साथ-साथ लॉन्ड्री एक्सपीरियंस को भी काफी एफिशिएंट, सिंपल बनाने के साथ मॉडर्न लाइफस्टाइल की की जरूरतों को पूरा करती है।

भारत में लोकल मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से स्मार्ट प्रोडक्ट्स के उत्पादन पर हायर के फोकस से, इस वाशिंग मशीन सेगमेंट में तकरीबन 60 मॉडल तक लाइनअप है, जोकि हायर के पुणे और ग्रेटर नोएडा की अत्याधुनिक सुविधाओं में लोकली तरीके से मैन्युफैक्चर होते हैं। भारतीय कंज्यूमर्स के लिए हमेशा से इनोवेटिव प्रोडक्ट्स तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हायर अपनी इन दो नई वाशिंग मशीन की सीरीज के लॉन्च के साथ इस सेगमेंट में एक नये आयाम को सृजित करने जा रहा है। इन नई टॉप लोड वाशिंग मशीन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सतीश एनएस, प्रेसिडेंट, हायर एप्लायंसेज इंडिया ने कहा, ग्राहकों की संतुष्टि हमारे ग्रोथ ट्रेजेक्टरी अर्थात विकास पथ के एथोस पर निर्भर करती है और इसलिए हायर में, हम ऐसे प्रोडक्ट बनाने के लिए दृढ़-संकल्पित हैं जो ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों और बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप हों।

इसके अलावा हमारा निरंतर प्रयास भारतीय परिवारों को प्राथमिकता देना है, साथ ही प्रत्येक भारतीय के लिए लॉन्ड्री एक्सपीरियंस को बढ़ावा देने के लिए, हम कस्टमर-इन्स्पायर्ड ऑफरिंग को भी पेश करना जारी रखेंगे। हमेशा क्लीन, हर बार नए, जैसा हायर की इस टॉप-लोड वाशिंग मशीन की नई रेंज में एंटी-स्केलिंग टेक्नोलॉजी शामिल है, जिसमें वॉटर फ्लो से चलने वाली 20 स्मार्ट नैनो बॉल से ड्रम की सफाई शामिल है- जो कि 1 वॉश साइकल में 25 मिलियन बार हिट करने वाली इनर एवं आउटर टब की दीवारों पर इम्पैक्ट तथा स्क्रब पैदा करती है। हायर का एडवांस्ड इंटीग्रेटेड सोल्यूशन-3डी रोलिंग वॉश डीप क्लीनिंग को सुनिश्चित करता है।

# लंबित पड़े केसों का निपटारा जल्द करें जीएम रोडवेज: मायाराम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


बैठक में आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी।

**आल** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान मायाराम उनियाल ने कुरुक्षेत्र डिपो के कर्मचारियों को उनके मेहनत से कुरुक्षेत्र डिपो 24 डिपुओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर बधाई दी है व महाप्रबंधक से भी अपील की है कि महाप्रबंधक अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों को आदेश दे कि जो चालक परिचालकों के लंबित पड़े केसों का निपटारा जल्दी से जल्दी करें, ताकि तनाव मुक्त होकर इसी तरह कार्य करते रहे विभाग का नाम ऊंचा रहे।

मायाराम उनियाल ने यूनियन कार्यालय में बताया कि कुरुक्षेत्र डिपो के चालक परिचालक एवं कर्मशाला के कर्मचारियों की मेहनत से यह मुकाम हासिल हो पाया है। उन्होंने आशा जताई कि महाप्रबंधक अपने डिपो के कर्मचारियों को इनाम के तौर पर उनके लंबित पड़े केसों का निपटारा कराएं। इस बैठक में प्रधान नरेंद्र पंचाल, सचिव रणजीत करोड़ा, जितेंद्र शर्मा, राजेश कुमार, संदीप कुमार, भोपाल सिंह, मान सिंह, अशोक कुमार, गुरमीत सिंह, अश्वनी कुमार, गुरमेज सिंह मकैनिक आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनसीईआरटी ने परख ऐसेसमेंट को मजबूत करने के लिए ईटीएस के साथ करार किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**नेशनल** काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने स्कूली ऐसेसमेंट (मूल्यांकन) के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म परख को मजबूत करने के लिए एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस (ईटीएस) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए।

परख, जो प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और समग्र विकास के लिए ज्ञान के विश्लेषण के लिए, जाना जाता है (और अंग्रेजी में इनके पहले अक्षरों को मिलाकर) बना है, को 2020 में एनसीईआरटी द्वारा भारत भर के स्कूलों में कक्षा तीन से दस तक के छात्रों के सीखने के परिणामों का आकलन करने के लिए लॉन्च किया गया था। इस मंच का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और स्कूलों को ज्ञान और कौशल की एक व्यापक, उद्देश्यपूर्ण और विश्वसनीय तस्वीर मुहैया कराना है। एनसीईआरटी और ईटीएस के बीच का समझौता ज्ञापन विश्व स्तर पर बड़े पैमाने पर आकलन के डिजाइन, विकास और प्रशासन में ईटीएस की निपुणता को लाएगा। प्रोफेसर इंद्राणी भादुड़ी, प्रमुख - परख, एनसीईआरटी ने कहा, परख को मजबूत करने के लिए मूल्यांकन में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संगठन ईटीएस के साथ सहयोग करके हमें खुशी हो रही है। यह साझेदारी हमें मूल्यांकन डिजाइन और प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को भारत में लाने और बढ़ाने में मदद करेगी तथा परख आकलन की गुणवत्ता और प्रासंगिकता को निखारेगी।

कादरी एरिसिकन,वाइस प्रेसिडेंट, रिसर्च एंड मेजरमेंट साइंसेज, ईटीएस ने कहा, हम सभी छात्रों के लिए शैक्षिक परिणामों में सुधार के उनके मिशन का समर्थन करने के लिए एनसीईआरटी के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। परख एक आशाजनक पहल है जिसमें भारत में मूल्यांकन परिदृश्य को बदलने की क्षमता है।

# हरियाणा ब्लाइंड क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड देगा दृष्टिबाधितों के सपनों को उड़ान

## दृष्टि बाधित खिलाड़ियों के सपनों को उड़ान देने के लिए कर रहे बैठक: एएस पटवा

कहा, 28 से 30 अप्रैल तक फरीदाबाद में डे एंड नाईड दृष्टि बाधित इंटरस्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप होगी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा ब्लाइंड क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पदाधिकारी व सदस्यगण।

**हरियाणा** ब्लाइंड क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की त्रैमासिक बैठक वीरवार को शाहबाद के निजी संस्थान में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एएस पटवा, महासचिव कृष्ण कुमार मलिक, कोषाध्यक्ष सुषमा गुप्ता सहित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। इस बैठक में हरियाणा की दृष्टि बाधित मेन व वूमेन क्रिकेट टीमों के सशक्त व बेहतर उत्थान को लेकर चर्चा की गई और अपने-अपने सुझाव भी दिए। हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. एएस पटवा ने कहा कि उनकी संस्था देश व प्रदेश के दृष्टि बाधित क्रिकेट खिलाड़ियों के सपनों को नयी उड़ान देने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बोर्ड का प्रयास रहता है कि देश के अलग-अलग राज्यों में दृष्टि बाधित क्रिकेट बाधित प्रतियोगिताएं होती रहें ताकि दृष्टि बाधित खिलाड़ियों का हुनर निखरता रहे। पटवा ने कहा कि दृष्टिबाधित बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को स्पोर्टस कोटे से रोजगार भी मिला है। इसलिए उनका प्रयास है कि दृष्टिबाधित युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर किया जाए ताकि यह वर्ग भी खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवार सकें। बोर्ड के महासचिव कृष्ण कुमार मलिक ने जानकारी दी कि अब 28 से 30 अप्रैल तक फरीदाबाद में डे एंड नाईड दृष्टि बाधित इंटरस्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप करवाई जाएगी। जिसमें हरियाणा, गुजरात, पांडेचेरी व तेलंगाना की टीमें भाग लेंगी।

उन्होंने बताया कि उनका प्रयास रहेगा कि इस चैंपियनशिप में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल दृष्टि बाधित खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। वहीं बोर्ड की कोषाध्यक्ष एवं हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी की वाईस चेयरमैन सुषमा गुप्ता ने कहा कि दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट टीम का पहली बार गठन किया है और उनका प्रयास है कि मेहनत करके इस महिला क्रिकेट टीम को भी आगे लाया जाए। उन्होंने कहा कि उनका बोर्ड दृष्टि बाधित खिलाड़ियों को आत्म सम्मान दिलाने के लिए बेजोड़ कोशिश कर रहा है। इस अवसर पर संयुक्त सचिव दिनेश कुमार, राजबीर, सदस्य रवि कुमार, रूपा मलिक, जितेन्द्र मलिक, अखिलेश कुमार, नीरज भारद्वाज, जतिन्द्र कुमार सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## गायत्री चेतना केंद्र में दर्शनी द्वार का किया भूमि पूजन



**कुरुक्षेत्र।** परसराम कालोनी स्थित गायत्री चेतना केंद्र प्रवेश द्वार दर्शनी द्वार का भूमि पूजन भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने किया। इस भव्य प्रवेश द्वार पर लाखों रुपये खर्च होंगें जिसका वहन डीडी परिवार अपने निजि कोष से करेगा। रामनवमी के पावन अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रुबल शर्मा ने गायत्री चेतना केंद्र के भव्य दर्शनी द्वार का भूमि पूजन किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी की माता स्व. दर्शनी देवी की स्मृति में इस प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है जिस पर लाखों रुपये खर्च किये जाएंगे। रुबल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गायत्री मंदिर में विधिवत पूजार्चना कर दर्शनी द्वार की आधारशिला रखी। पत्रकारों से बातचीत में भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ धर्म और आस्था का अनुठा केंद्र है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के हरियाणा प्रभारी डीपी शर्मा, डा. डी कौशिक, मंजीत शर्मा, अनिल जैन, पवन गुप्ता, गोपीचन्द बाबर शर्मा, ईश्वर मेहता, गोपाल, कृष्ण मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी नहीं निपटा कुरुक्षेत्रा नर्सिंग होम और स्टाफ का विवाद

नर्सिंग होम के मालिक एवं एसएम ग्रुप ने कर्मचारियों को किया गुमराह : राजेश काउंसलर

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** नर्सिंग होम एवं एसएम ग्रुप का डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के बीच चल रहा विवाद तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने आज भी तीन महीने के पेंडिंग वेतन के भुगतान की मांग करते हुए अस्पताल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के चलते नर्सिंग होम में ओपीडी सुविधाएं व इन हाउस पेशेंट की देखरेख आज भी बाधित रही।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजेश काउंसलर ने बताया कि कुरुक्षेत्रा नर्सिंग होम के मालिक डॉ सुभाष चंद्र गर्ग एवं एसएम ग्रुप के सीईओ डॉक्टर काजी खुसरो उन्हें व प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्रा नर्सिंग होम के मालिक डॉक्टर सुभाष चंद्र गर्ग एवं एसएम ग्रुप के सीईओ डॉ काजी खुसरो ने बुधवार को उन्हें एक महीने का वेतन देने का वायदा मीडिया के माध्यम से किया था, लेकिन वीरवार शाम तक मात्र 15 नर्सिंग स्टाफ का ही एक महीने का वेतन दिया गया है, जबकि अस्पताल के लगभग 13 डॉक्टरों, 35 नर्सिंग स्टाफ, 8 हाउसकीपिंग और लगभग दो जीडीए स्टाफ को आज भी उनका वेतन नहीं मिला है। इस कारण पूरे स्टाफ में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि अस्पताल स्टाफ ने दिन रात ईमानदारी और मेहनत से अपनी ड्यूटी की है, मगर उन्हें आज अपना मेहनताना मांगने को विवश होना पड़ रहा है। राजेश ने बताया कि डॉक्टर सुभाष चंद्र गर्ग एवं डॉक्टर काजी खुसरो ने उन्हें और स्टाफ के कुछ कर्मचारियों को बातचीत के लिए बुलाया गया था, मगर बैठक बेनतीजा रही। उन्होंने बताया कि नर्सिंग होम प्रशासन उन्हें धरना प्रदर्शन समाप्त कर काम पर लौटने को मजबूर कर रहा है। राजेश काउंसलर ने बताया कि उन्होंने साफ तौर पर कह दिया है कि सर्वप्रथम सारे स्टाफ को वायदे के मुताबिक वेतन दिया जाए, तभी वे अगली बातचीत के लिए आएंगे। राजेश ने आरोप लगाया कि नर्सिंग होम प्रशासन उन्हें बहला फुसला कर धरना प्रदर्शन समाप्त करवाना चाहता हैं।

### अनस्किल्ड क्लेरिकल स्टाफ अभी भी कर रहा मरीजों का इलाज

**कुरुक्षेत्रा** नर्सिंग होम के आरएमओ डॉक्टर जयंत बतरा ने आरोप लगाया कि आज भी अस्पताल में मरीजों का इलाज अनस्किल्ड क्लेरिकल स्टाफ कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में जब उन्होंने अस्पताल के मालिक डॉक्टर सुभाष चंद्र गर्ग से बात की, तो डॉक्टर सुभाष चुप हो गए।

### अस्पताल से खिसके एसएम ग्रुप के सीईओ

**जब** इस मामले में एसएम ग्रुप के सीईओ डॉक्टर काजी खुसरो का पक्ष लेने के लिए मीडिया कर्मी कुरुक्षेत्रा नर्सिंग होम पहुंचे, तो उन्हें देख कर सीईओ डॉ काजी खुसरो अस्पताल से खिसक गए।

### क्या कहते हैं जांच अधिकारी

**जब इस** संदर्भ में जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि आज एसएम ग्रुप के सीईओ डॉक्टर काजी खुसरो को पुलिस स्टेशन में बुलाया गया था। उन्होंने आश्वस्त किया है कि कुछ कर्मचारियों का वेतन उन्होंने दे दिया है और जल्द ही सभी स्टाफ कर्मचारियों का वेतन भी दे दिया जाएगा।

### ऐसा कहते हैं पुलिस अधीक्षक

**कुरुक्षेत्रा** नर्सिंग होम में अनस्किल्ड क्लेरिकल स्टाफ द्वारा मरीजों के किए जा रहे इलाज के बारे में पूछे जाने पर जिला पुलिस अधीक्षक एसएस भौरिया ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला आया है। उन्होंने इस संदर्भ में जांच कर कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दे दिए हैं।

# सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आदेश में जल्द बनेगा आडिटोरियम: डॉ. गिल

सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार मिला प्रिंस को

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



सर्वश्रेष्ठ छात्र रहे प्रिंस को पुरस्कृत करते आदेश ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एचएस गिल।

**आदेश** ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल ने कहा कि मैडिकल छात्रों द्वारा की जाने वाले सांस्कृतिक गतिविधियों और समारोह के लिए जल्द ही आदेश में आडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। डा. गिल वार्षिक समारोह में पुरस्कार वितरण के दौरान छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे और उन्होंने छात्रों की उत्कृष्टता की सराहना भी की।

डा. गिल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शिरकत करनी चाहिए क्योंकि सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्र जहां अपने समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हैं, वहीं खेलों से छात्र शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहते हैं। वहीं पासिंग आऊट बैच 2017 के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार प्रिंस को दिया गया। वार्षिक समारोह का समापन डीजे नाईट के साथ हुआ। आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस. गिल, प्रिंसीपल डा.एन.एस. लांबा और एमडी डा. गुणतास गिल ने शिक्षा, खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में शिरकत करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। वार्षिक समारोह का समापन डीजे नाईट के साथ हुआ।

## फायर सेफ्टी के बारे में किया जागरुक



**कुरुक्षेत्र।** पिपली रोड सहित कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन गुरमेल सिंह ने खेड़ी ब्राह्मण गांव में आयोजित सात दिवसीय कैंप में वालंटियर को आग लगने के कारणों और आग को रोकने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विभिन्न कारखानों, अस्पतालों, गाड़ियों में ऐसे हादसे होते रहते हैं समय-समय पर आग से सुरक्षा संबंधित कार्यक्रम होते रहने चाहिए ताकि कोई दुर्घटना होने पर आग पर काबू पाया जा सके तथा हर क्षेत्र में नागरिक जागरुक रहें।

कैंप संयोजक डॉ राजेश दहिया, डा. सुनील नैन, शीशपाल, ज्योति ने कैप्टन गुरमेल सिंह को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

# भारतीय योग संस्थान नंगली वाली कुटिया में करवाएगा शंख प्रक्षालन 2 अप्रैल को

एजेंसी। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** योग संस्थान के कृष्ण योग जिला के तत्वावधान में रविवार 2 अप्रैल को प्रात: 5:30 से 8 बजे तक राजेंद्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया में शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई जाएगी। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि शंख प्रक्षालन एक शारीरिक शुद्धि क्रिया है। योग में शरीर की शुद्धि के लिए छह प्रकार की क्रियाएं बताई गई हैं जिन्हें षट्कर्म कहते हैं।

धौति, बस्ती (अनीमा), नेति, त्राटक, नौलि व कपालभाति आदि छह षट्कर्म हैं। शंख प्रक्षालन धौति क्रिया के अंतर्गत आता है। इसे वारिसार धौति भी कहते हैं। इसे क्रिया में शब्द का अर्थ है पेट या आंतें और प्रक्षालन का अर्थ है धोना।



भारतीय योग संस्थान के शंख प्रक्षालन कार्यक्रम में ताड़ासन करते साधक गण।

इस क्रिया से अंत: वाहिनी नली कंठ से गुदा तक शुद्ध हो जाती है।

इस प्रकार पूरे शरीर का शुद्धिकरण तथा विषैले तत्वों का निष्कासन हो जाता है। पेट, फेफड़े, नेत्र संबंधी रोग, वात पित्त कफ के रोग, गर्मी व सर्दी से होने वाले रोग, सिर दर्द इत्यादि इससे ठीक होते हैं। धूम्रपान इत्यादि की आदत भी छूट जाती है।

शंख प्रक्षालन ऋतु परिवर्तन के समय वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल तथा सितंबर-अक्टूबर के महीनों में किया जाता है।

## चार घरों से गहने और नगदी किए पार

**चंडीगढ़।** महेंद्रगढ़ के गांव सोहडी में चोरों ने 4 घरों को निशाना बनाया। चोर हजारों रुपये कैश और सोने-चांदी के जेवर चुरा कर ले गए। सतनाली थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों के निशाने पर आए सभी मकान आसपास में बने हुए हैं।

गांव सोहडी निवासी महावीर ने पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि वह सुबह 4 बजे उठा तो देखा कि कमरे के ताले टूटे हुए हैं और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है। सामान को चेक करने पर पता चला कि उसके घर से 17 हजार कैश,10 जोड़ी चांदी की पाजेब, 4 अंगूठी सोने की, 1 डोरा सोने का, 1 जोडी सोना की बाली कान के, 1 घड़ी सोने की, 8 लौंग सोने की, 14 सिक्का चांदी का, 3 जोड़ी कड़िया बच्चों के चांदी के और 6 अंगूठी चांदी की चोरी हो गई।

# एमएस मॉन्टेसरी स्कूल में हुआ चेस टूर्नामेंट का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



बच्चों को सम्मानित करने के बाद साथ खड़े अतिथिगण।

**सेक्टर-3** के एमएस मॉन्टेसरी स्कूल में चेस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। यह आयोजन प्रगति परिवार समिति के सहयोग से हुआ। चेस टूर्नामेंट में सभी ग्रुप के बच्चों ने भाग लिया। टूर्नामेंट की शुरुआत सेक्टर 3 के समाजसेवी योगेश शर्मा ने शुभकामनाएं देकर की। योगेश ने भाग लेने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बताया कि इस प्रकार टूर्नामेंट से बच्चों में निखार आता है और हमें इस प्रकार की प्रत्येक एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एईओ श्रीपाल बंधु ने जीते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया व बच्चों को प्रोत्साहित किया। समाजसेवी नरेश सैनी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता चौधरी ने बच्चों को बताया कि कोई भी हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए, यदि हम आज टूनामेंट में नहीं जीते तो कल हमारी जीत सुनिश्चित है बस जरूरत है तो हमें हौसला बनाए रखने की। प्रगति परिवार समिति के प्रधान विश्वदीप शर्मा ने इस कार्यक्रम की बागडोर संभाली। इस मौके पर एडवोकेट रविंद्र सांगवान, दिनेश शर्मा, अमित सेंट्रा, विकास, अध्यापिका मधु, कृति एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।



प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

# लॉन टेनिस प्रतियोगिता गुरु नानक खालसा कॉलेज रहा प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भगवान** परशुराम कॉलेज के प्रांगण में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लॉन टेनिस की इंटर कॉलेज की प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 4 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुनानक खालसा कॉलेज यमुनानगर तथा एसडी कॉलेज अंबाला कैंट के बीच खेला गया। जिसमें गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर ने प्रथम स्थान हासिल किया। एसडी कॉलेज अंबाला कैंट की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में एस. ए.जैन कॉलेज, अंबाला सिटी को तृतीय स्थान तथा भगवान परशुराम कॉलेज को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल ने सभी खिलाड़ियों को खेल की भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा एक विद्यार्थी के जीवन में खेलों की भूमिका का महत्व बताया।

# विधायक ने श्रीदक्षिणा काली पीठ पिहोवा में की पूजा-अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



श्रीदक्षिणा काली पीठ पिहोवा में पूजा-अर्चना करते विधायक सुभाष सुधा।

**नवरात्र** महोत्सव के अवसर पर श्रीदक्षिणा काली पीठ मॉडल टाउन में गत देर शाम थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने मां काली की पूजा अर्चना की। इसके साथ उन्होंने आकाश भैरव पक्षीराज भगवान, बाल हनुमान मंदिर व एकादश रुद्र महादेव मंदिर में माथा टेका।

पीठ के महंत बंसी पुरी महाराज ने विधायक सुभाष सुधा को नारियल एवं माता की चुनरी ओढाकर उन्हें सम्मानित किया। विधायक सुधा ने महंत बंसी पुरी से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात विधायक सुभाष सुधा ने शिवपुरी रोड स्थित गोविंदानंद आश्रम में चल रहे नवरात्र दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर कन्याओं का पूजन किया। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि नवरात्रों में की गई पूजा पाठ हवन यज्ञ एवं कन्या पूजन से जहां व्यक्ति का मन शांत रहता है, वहीं उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। जो प्राणी सच्चे मन से मां दुर्गा की पूजा करता है उसके पापों का नाश होता है। महंत बंशीपुरी महाराज ने कहा कि नवरात्रि पर्व मां दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति की पूजा का सबसे शुभ और अनोखा अवधि माना जाता है या पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से चला आ रहा है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी, सर्वेश्वरी राधे, स्वामी खटवांग पुरी, स्वामी गजराज गिरी, सरपंच विकल कुमार चौबे, नपा अध्यक्ष आशीष चक्रपाणि, सुरेंद्र पप्पु ढींगरा, रौकी शर्मा, रविकांत कौशिक, महंत दीपक प्रकाश, विपिन काहड़ा, राकेश पुरोहित, विनोद बंसल, आदित्य बहल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शाओमी इंडिया और वी ने 5जी का अनुभव प्रदान करने के लिए एक दूसरे के साथ की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / हिसार

**देश** के जाने-माने स्मार्टफोन ब्राण्ड शाओमी इंडिया ने उपभोक्ताओं को 5 जी का सहज अनुभव प्रदान करने के लिए वोडाफोन आइडिया (वी) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के चलते ऑपरेटर द्वारा सेवाओं का लॉन्च किए जाने के बाद शाओमी और रैडमी के स्मार्टफोन यूज़र्स वी 5 जी पर डेटा का बेहतर अनुभव पा सकेंगे।

शाओमी और रैडमी पोर्टफोलियो की 18 डिवाइसेज की व्यापक रेंज को वी 5जी पर सफलतापूर्वक टेस्ट किया गया है, जो अपडेट्स के बाद नेटवर्क को सपोर्ट करेंगी। वी द्वारा 5 जी नेटवर्क के कमर्शियल लॉन्च के बाद उपभोक्ताओं को अपनी प्रेफर्ड नेटवर्क सेटिंग को 4 जी से बदलकर 5 जी करना होगा।

इनेबल्ड डिवाइसेज में शाओमी 13 प्रो, रैडमी नोट 12 प्रो 5 जी, रैडमी नोट 12 प्रो प्लस 5 जी, रैडमी नोट 12 5 जी, शाओमी 12 प्रो, एमआई 11 अल्ट्रा, एमआई 11 एक्स प्रो, शाओमी 11 टी प्रो 5 जी, शाओमी 11 लाईन एनई 5 जी, रैडमी 11 प्राइम 5 जी, रैडमी के50 आई, रैडमी नोट 11 टी 5 जी, रैडमी नोट 11 प्रो 5 जी, एमआई 11 एक्स, एमआई 10, एमआई 10 टी, एमआई 10 टी प्रो और एमआई 10 आई। आने वाले कल को कनेक्टेड बनाने और भारत में 5 जी की क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए शाओमी और वी ने अनफिल्टर्ड 5 जी नेटवर्क के साथ अपने उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए एक दूसरे के साथ-हाथ मिलाया है। शाओमी इंडिया और वी ने नई दिल्ली में शाओमी और रैडमी5 जी डिवाइसेज पर नेटवर्क की व्यापक टेस्टिंग की है।

वी उपभोक्ताओं एवं उद्यमों के लिए भारत विशिष्ट 5 जी यूज़र केसेज़ के विकास हेतु टेक्नोलॉजी लीडर्स, डोमेन विशेषज्ञों, स्टार्ट-अप्स एवं डिवाइस ओईएम के साथ मिलकर काम करता रहा है। शाओमी इंडिया देश भर के उपभोक्ताओं को उचित दामों पर सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी का अनुभव प्रदान कर टेक्नोलॉजी के लोकतांत्रीकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

# विधि-विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का किया पूजन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**चांदनी** धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा मां सिद्धिदात्री को समर्पित चैत्र नवरात्रि के नवम दिवस एवं रामनवमी के पावन अवसर पर तारा नगर में सम्पूर्ण विधि-विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस साल भी चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की ओर से माता वैष्णों देवी मंदिर तारा नगर में राम नवमी दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व मंत्री कविता जैन व सीएम के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि भगवान राम सर्वगुण संपन्न थे, जिनका जीवन एक उदाहरण है। जीवन में आने वाली विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों में हमारे आचरण को निर्धारित करने के लिए उनका जीवन प्रेरणा स्त्रोत है। उनके जीवन का हर पहलू प्रेरणाओं से भरा हुआ है, जिनसे हम अपने जीवन में मार्गदर्शन हासिल कर सकते हैं।



रामनवमी पर कन्या पूजन करती माता वैष्णों देवी मंदिर तारा नगर में चांदनी।

राम नवमी पर्व पर आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इससे पूरे शहर में राममय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की और मन्नतें मांगी। चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति की प्रधान चांदनी ने कहा कि भगवान राम को आदर्श पुरुष के रूप में जाना जाता है। रामनवमी के दिन ही चैत्र नवरात्र का समापन होता है। प्राचीन मान्यता के अनुसार इस दिन व्रत रखने से उपासक की मनोकामनाएं पूर्ण होती है और मनवांछित फल भी मिलता है। इस दौरान महिला मंडली द्वारा माता का कीर्तन किया गया। पूर्व

## राजीव-कविता जैन ने मंदिर में पहुंचकर किया लोगों को संबोधित

कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रामनवमी के पर्व की बधाई देते हुए कहा की श्रेष्ठ गुण कर्म स्वभाव से युक्त जीवन जीकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने हर संबंध को खुशहाल ढंग से निभाने की प्रेरणा हमें दी इसलिए वह कश्मीर से कन्याकुमारी तक ही नहीं बल्कि सुदूर देशों में भी अगाध श्रद्धा के केंद्र है। दोनों ने रामनवमी के पर्व पर एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में शिरकत की। जिसमें श्री राम मंदिर मोहल्ला कोट, अंजनी पुत्र सेवा समिति एवं राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला मंडी की शोभायात्रा, श्रीराम शरणम् में सामूहिक विवाह, चांदनी धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा कन्या पूजन, हनुमान मंदिर पार्क सेक्टर 14 में भंडारा, शिव मंदिर नरेंद्र नगर में कन्या पूजन, इंडस्ट्रियल एरिया में रक्तदान शिविरमें भाग लिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम मानवीय मूल्यों की मर्यादा का प्रतिनिधित्व करते हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि राज्याभिषेक से अति प्रसन्न नहीं होते और वनवास के दुख का लेशमात्र भी असर नहीं होता। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में मर्यादा, आदर्श, विवेक तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम का नाम राम है। इसलिए हमें मानव जीवन को सार्थक करने के लिए श्री राम के चरित्र को अपनाना चाहिए। इस दौरान मोनी दास, डा. दर्शनलाल मल्होत्रा, राजेश कौशिक, राजू शर्मा, कांता, राजबाला, कृष्ण, मधु, नंदकिशोर, नारायण, प्रेम, कुसुम, महेन्द्र, विनोद, दीपक, मदन, तरूण आदि मौजूद रहे।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 31 मार्च, 2023



# देश में विचाराधीन कैदियों की कुल संख्या 17.64 लाख : सरकार

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा ने रास में बताया इनमें सर्वाधिक कैदी अन्य पिछड़ा वर्ग से

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** भर की जेलों में वर्ष 2017 से 2021 के बीच बंद विचाराधीन कैदियों की कुल संख्या साढ़े 17.64 लाख से अधिक है और इनमें सर्वाधिक कैदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं। हालांकि सरकार के पास यह आंकड़ें नहीं है कि इस अवधि में कितने विचाराधीन कैदियों की हिरासत में मृत्यु हुई है।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बुधवार को बताया कि वर्ष 2017 से लेकर 31 दिसंबर 2021 की स्थिति के अनुसार देश भर में विचाराधीन

**महाराष्ट्र ने 2018 से 2021 के दौरान विचाराधीन कैदियों का जातिवार आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया है**

कैदियों की कुल संख्या 17,64,788 है। उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 में विचाराधीन कैदियों की संख्या 3,08,718, वर्ष 2018 में 3,24,141, वर्ष 2019 में 3,32,916, वर्ष 2020 में 3,71,848 और वर्ष 2021 में 4,27,165 थी।

कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन



और अमी याज्ञिक की ओर से इस संबंध में पूछे गए सवालों के जवाब में मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उसे सूचित किए गए कारागार संबंधी आंकड़ों को संकलित करता है और इन्हें अपने प्रकाशन प्रिजन स्टेटिसटिक्स इंडिया में प्रकाशित करता है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में नवीनतम प्रकाशित रिपोर्ट वर्ष 2021 की है। विधाराधीन कैदियों के जातिवार आंकड़ों के बारे में पूछे जाने पर गृह राज्यमंत्री ने बताया कि कुल विधाराधीन कैदियों में 3,66,353 कैदी अनुसूचित जाति, 1,85,080 अनुसूचित जनजाति, 5,98,043 ओबीसी और 5,02,934 अन्य जातियों से हैं।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र ने 2018 से 2021 के दौरान विचाराधीन कैदियों का जातिवार आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया है। कांग्रेस सदस्यों द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान विचाराधीन कैदियों की हिरासत में मृत्यु के संबंध में आंकड़े मांगे जाने पर मिश्रा ने कहा, इस संबंध में विशिष्ट जानकारी केंद्रीयकृत रूप में उपलब्ध नहीं है।

# पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में चार पुलिस कर्मियों की मौत

**एजेंसी।** पेशावर


**तालिबान** आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार तड़के पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पुलिस वाहन को बम से निशाना बनाया, जिसमें चार पुलिस कर्मी और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आतंवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में पुलिस की मोबाइल वैन पर हमला किया, जो सदर थाने पर हमले के बाद वहां जा रही थी।

उन्होंने बताया कि हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित चार पुलिसकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस प्रमुख अख्तर हयात खान ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।



लक्की मरवत के पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कि हमला बृहस्पतिवार तड़के हुआ, जिसके बाद पुलिस और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। पुलिस ने एक बयान में बताया कि आतंकवादियों के पास उन्नत एवं भारी हथियार थे। पुलिस के अनुसार, आतंकवादी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गए।

# भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित : राजनाथ सिंह




**सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकियों की कमर टूट गई**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और भारत द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवादियों की कमर तोड़ दी है। सिंह ने यहां आयोजित एक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि चीन के साथ गतिरोध हो या पाकिस्तान का कोई नापाक इरादा भारतीय सशस्त्र बल उचित जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद जैसे मुद्दों पर विश्व का नेतृत्व किया है और इस समस्या के सफाए के लिए समर्थन जुटाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। चाहे चीन के साथ गतिरोध हो या पाकिस्तान के नापाक इरादे, जरूरत पड़ने पर, हमारे सशस्त्र बल उचित जवाब देते रहे हैं।

सिंह ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकियों की कमर तोड़ दी है। विश्व को सख्त एवं स्पष्ट संदेश गया है कि भारत के पास सामर्थ्य है और वह अपनी धरती पर (आतंकवाद के खिलाफ) हमला कर सकता है और जरूरत पड़ने पर उनकी (विदेशी) जमीन पर भी हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने जोर देकर कहा कहा कि जो देश आतंकवाद को एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, वे इस तथ्य से भलीभांति वाकिफ हैं कि भारत कभी किसी को अनावश्यक रूप से नुकसान नहीं पहुंचाता है और न ही वह किसी को छोड़ता है जो उसकी एकता, अखंडता और संप्रभुता को चोट पहुंचाने की कोशिश करता है। वह एक प्रमुख टेलीविजन मीडिया नेटवर्क द्वारा आयोजित इंडिया राइजिंग कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, यह बढ़ते भारत पर एक कॉन्क्लेव है, और, बढ़ते भारत के विचार को अलग-अलग लोगों ने अलग-अलग तरीके से वर्णित किया है। कुछ अर्थशास्त्री इसे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर देखते हैं, जबकि कुछ समाजशास्त्री इसे सामाजिक जीवन में बेहतरी बताते हैं। कुछ राजनीति वैज्ञानिक इसे देश में राजनीतिक स्थिरता और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती बताते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके विपरीत बोलने वाले भी कुछ लोग सक्रिय हैं, और उनके लिए, भारत में लोकतंत्र खत्म होता दिख रहा है लेकिन ऐसे लोग बहुत कम हैं।

सिंह ने कहा कि सुरक्षित सीमाओं और आत्मनिर्भरता के साथ मजबूत अर्थव्यवस्था और बदलती वैश्विक छवि के बीच भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे मजबूत देशों में से एक के रूप में सामने आया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में संविधान की धारा 370 हटाए जाने को सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का एक और उदाहरण बताया और कहा कि इस फैसले के कारण केंद्र शासित प्रदेश में शांति और प्रगति के एक नए युग की शुरुआत हुई है। सिंह ने कहा, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। यात्रा बिना किसी परेशानी के कश्मीर से गुजर गई।



### बोले, हम अपनी धरती पर मिसाइलें, टैंक हथियार और गोला-बारूद बना रहे हैं

**उन्होंने** कहा कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की दृष्टि को आगे बढ़ा रही है, जिनके नेतृत्व में 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया गया था। उन्होंने कहा, आज हम अपनी धरती पर मिसाइलें, टैंक, हथियार और गोला-बारूद बना रहे हैं। यह भी एक मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति का नतीजा है। सिंह ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि सुंदरता और प्राकृतिक संसाधनों से भरा वह क्षेत्र देश के दिल से अच्छी तरह से जुड़ा हो। सिंह ने कहा कि केंद्र के प्रयासों से पूर्वोत्तर क्षेत्र दिल्ली और लोगों के दिल के करीब आ गया है।

# फिलीपीन : नौका में आग लगने से 31 लोगों की मौत

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन में एक नौका में आग लगने से 31 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य अब भी लापता हैं। नौका में करीब 250 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। प्रांतीय गवर्नर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बेसिलन के गवर्नर जिम हाटामैन ने बताया कि बचाए गए लोगों में से कई आग लगने के बाद घबराकर एमवी लेडी मैरी जॉय नौका से पानी में कूद गए थे। उन्हें तट रक्षक, नौसेना, एक अन्य नौका और स्थानीय मछुआरों द्वारा समुद्र से निकाला गया। तलाश एवं बचाव अभियान बृहस्पतिवार को भी जारी है। कम से कम सात यात्री अब भी लापता हैं। गवर्नर ने बताया कि नौका एमवी लेडी मैरी जॉय तीन को बेसिलन के तट पर लाया गया। नौका में एक केबिन से 18 शव बरामद हुए। नौका के अंदर भी तलाश जारी है। हाटामैन ने कहा, इन लोगों की आग लगने के कारण नौका में ही मौत हो गई। गवर्नर ने कहा कि अभी तक की जांच में पता चला है कि नौका में अतिरिक्त यात्री सवार थे।

# केरल में 16 फीसदी ज्यादा बारिश, तापमान में 1.7 डिग्री वृद्धि के अनुमान से लोगों में डर

**वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इससे राज्य में बाढ़, भूस्खलन और तापमान में अत्यधिक वृद्धि होने की आशंका**

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** के कोट्टायम जिले के नट्टासेरी गांव में रहने वाले थंकाचन (54) अपने घर के एक छोटे से कमरे में बिखरे पड़े घरेलू सामान के ढेर में से जरूरत की चीज निकालने में परेशान हो जाते हैं। राज्य में 2018 में आई सबसे भीषण बाढ़ में थंकाचन के घर का मुख्य कमरा और रसोई घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

थंकाचन और उनकी पत्नी को सरकार के बाढ़ पुनर्वास कार्यक्रम के तहत नया आवास नहीं मिला और वे आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त इसी घर में रहकर संघर्ष कर रहे हैं। थंकाचन पर अपनी बीमार पत्नी की देखभाल की जिम्मेदारी भी है। वह कहते हैं, अगर फिर ऐसी कोई आपदा आई, तो इस घर



से दो शव मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह इस स्थिति में नहीं हैं कि बाढ़ या किसी भी अन्य चरम मौसमी घटना का प्रकोप झेलने के बारे में सोच सकें। संवेदनशील जगहों पर रहने वाले थंकाचन जैसे लोगों की चिंता और भी बढ़ सकती है, क्योंकि एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान के अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाले दिनों में राज्य में बाढ़, भूस्खलन और तापमान में अत्यधिक वृद्धि होने की आशंका है।

पदेन प्रधान सचिव और केरल राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (केएससीएसटीई) के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रोफेसर केपी सुधीर ने कहा, इस सदी के अंत तक वर्षा की कुल मात्रा या औसत वार्षिक बारिश में 16 प्रतिशत की वृद्धि होने जा रही है। सुधीर 2023 में किए गए उस अध्ययन के निष्कर्षों का जिक्र कर रहे थे, जिसे केएससीएसटीई ने जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की छठवीं आकलन रिपोर्ट के आधार पर जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन केंद्र (सीडब्ल्यूआरडीएम) और जलवायु परिवर्तन अध्ययन संस्थान (आईसीसीएस) के साथ मिलकर किया था। इस अध्ययन से संबंधित रिपोर्ट को अभी सरकार को सौंपा जाना बाकी है। अध्ययन में आने वाले समय में केरल में बारिश के दिनों में कमी के साथ वार्षिक वर्षा, वर्षा रहित दिनों, सूखे की अवधि, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि का जो अनुमान जताया गया है, उससे राज्य में मौसम और फसल के पैटर्न में काफी बदलाव आ सकता है और ये निष्कर्ष डराने वाले हैं। अध्ययन में अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 1.9 डिग्री सेल्सियस की संभावित वृद्धि का अनुमान जताया गया है।

# ललित मोदी ने दी राहुल गांधी पर ब्रिटेन में मुकदमा की धमकी

**मोदी सरनेम विवाद**

**एजेंसी।** लंदन

**भारत** में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व प्रमुख ललित मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया और मोदी सरनेम वाली टिप्पणी के लिए उन पर ब्रिटेन की अदालत में मुकदमा चलाने की धमकी दी।

ललित मोदी (59) ने अब तक किसी आरोप के लिए दोषी नहीं ठहराए जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा भगोड़ा बताने के लिए भी निशाना साधा। सिलसिलेवार ट्वीट में ललित मोदी ने खुद को इस दुनिया में सबसे बड़े खेल आयोजन के पीछे की शख्सियत बताते हुए दावा किया कि इससे 100 अरब डॉलर की कमाई हुई है। ललित ने अपने दादा-दादी की तस्वीरें पोस्ट कर कहा कि उसके परिवार ने गांधी परिवार की तुलना में भारत के लिए अधिक योगदान दिया है। ललित ने ट्वीट में कहा, मैं लगभग हर टॉम, डिक और गांधी के सहयोगियों को बार-बार यह कहते हुए देखता हूं कि मैं भगोड़ा हूं। क्यों? कैसे? और मुझे कब इसके लिए दोषी ठहराया गया।

# तमिलनाडु : समुदाय विशेष से जुड़े परिवार को सिनेमाघर में प्रवेश की अनुमति न देने पर विवाद

**एजेंसी।** चेन्नई

**तमिलनाडु** के चेन्नई शहर में बृहस्पतिवार को अनुसूचित जनजाति से ताल्लुक रखने वाले एक परिवार को वैध टिकट होने के बावजूद सिनेमाघर में कथित तौर पर प्रवेश की अनुमति न देने को लेकर विवाद हो गया। हालांकि, सिनेमाघर के प्रबंधन ने सफाई दी कि उसने सेंसर बोर्ड के नियमों का पालन करते हुए परिवार को सिनेमाघर में प्रवेश करने से रोका।

सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो प्रसारित होने के बाद इस मुद्दे ने देखते ही देखते बड़े विवाद का रूप ले लिया। ट्विटर पर कई लोगों ने सिनेमाघर के कर्मियों के व्यवहार की निंदा करते हुए सवाल किया कि क्या परिवार के सदस्यों को थिएटर में प्रवेश करने से इसलिए रोका गया, क्योंकि वे नारिकुरवर समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।

बाद में रोहिणी सिल्वर स्क्रीन्स थिएटर के प्रबंधन ने इस परिवार के सभी सदस्यों को सिनेमाघर में प्रवेश करने और सिलांबरासन टीआर अभिनीत फिल्म पाथु थला देखने की इजाजत दे दी। प्रबंधन ने कहा, एक परिवार के सदस्य पाथु थला देखने के लिए अपने बच्चों के साथ सिनेमाघर पहुंचे थे। उनके पास फिल्म का वैध टिकट था, लेकिन, जैसा कि हम जानते हैं कि सेंसर बोर्ड ने पाथु थला को यू/ए सर्टिफिकेट दे रखा है, इसलिए कानून के तहत 12 साल से कम उम्र के बच्चे इस फिल्म को नहीं देख सकते। प्रबंधन ने कहा, टिकट की जांच करने वाले हमारे कर्मियों ने परिवार को इस आधार पर सिनेमाघर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी की कि वह दो, छह, आठ और 10 साल के बच्चों के साथ आया था।

इसने कहा, हालांकि, चूंकि फिल्म देखने के लिए आए अन्य दर्शकों ने हालात को पूरी तरह से समझे बगैर इसे अलग रूप दे दिया और वहां हंगामा किया, इसके चलते वहां कानून-व्यवस्था से संबंधित कोई समस्या खड़ी होने से रोकने के लिए उक्त परिवार को सिनेमाघर में प्रवेश करने और फिल्म देखने की अनुमति दे दी गई। थिएटर प्रबंधन ने बाद में एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें उक्त परिवार के सदस्य सिनेमाघर में फिल्म का लुत्फ उठाते नजर आते हैं।

**सिनेमाघर प्रबंधन ने कहा, सेंसर बोर्ड के नियमों का पालन करते हुए परिवार को प्रवेश से रोका**




# खाड़ी से केरल तक अतिरिक्त उड़ानों की केंद्र से मंजूरी मांगी

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** सरकार ने अप्रैल में आगामी त्योहारी सीजन के दौरान खाड़ी देशों से कम आय वाले केरल के प्रवासियों की राज्य की यात्रा के लिए बुक की गई अतिरिक्त या चार्टर उड़ानों के लिए बृहस्पतिवार को केंद्र की अनुमति मांगी। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया कि नागर विमान मंत्रालय को अप्रैल के दूसरे सप्ताह से राज्य द्वारा बुक की जाने वाली अतिरिक्त या चार्टर उड़ानों के लिए मंजूरी देने का निर्देश दिया जाए।

विजयन ने पिछले दो महीने में हवाई किरायों में भारी वृद्धि की ओर भी मोदी का ध्यान आकृष्ट किया और अनुरोध किया कि केंद्र सरकार को सक्रियता के साथ हस्तक्षेप करना चाहिए और भारत-खाड़ी क्षेत्र में संचालित एयरलाइन से बातचीत शुरू करनी चाहिए ताकि वे त्योहारों और स्कूलों की छुट्टियों के समय अधिक किराया नहीं वसूलें। कहा कि विशू, ईस्टर और रमजान जैसे केरल वासियों के प्रमुख त्योहार अप्रैल के दूसरे और तीसरे सप्ताह में पड़ रहे हैं और भारत-खाड़ी क्षेत्र के बीच अधिक हवाई किराए को देखते हुए राज्य सरकार ने खाड़ी देशों में रहने वाले कम आय वर्ग वाले प्रवासियों के लिए सस्ती दर पर अतिरिक्त या चार्टर विमान संचालित करने का फैसला किया है। कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि नागर विमानन मंत्रालय को अप्रैल 2023 के दूसरे सप्ताह से केरल सरकार द्वारा बुक अतिरिक्त या चार्टर विमानों के लिए तेजी से आवश्यक मंजूरी प्रदान की जाए।

**मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने अप्रैल के दूसरे सप्ताह से उड़ानों को मंजूरी मिले**



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व पत्नी, उनके दो बच्चों को अदालत में पेश करें : हाईकोर्ट

**न्यायाधीश के समक्ष बंद कमरे में होने वाली सुनवाई में पेश होने का दिया निर्देश**

**एजेंसी।** मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पूर्व पत्नी जैनब सिद्दीकी को उनके दो छोटे बच्चों के साथ तीन अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है ताकि बच्चों की खातिर उनके मुद्दे को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने की संभावना तलाशी जा सके।

अभिनेता ने अदालत से उनकी पूर्व पत्नी को उनकी 12 साल की बेटी और सात वर्षीय बेटे की जानकारी देने के संबंध में निर्देश देने का अनुरोध करते हुए अभियुक्त की पेशी से संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की पीठ अभिनेता की इसी याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



अभिनेता ने दावा किया कि उनकी पत्नी बिना उन्हें सूचना दिए बच्चों को दुबई से भारत ले आई और इससे उनके बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है क्योंकि वे स्कूल नहीं जा रहे हैं।

पीठ ने बृहस्पतिवार को अभिनेता, उनकी पूर्व पत्नी और उनके दोनों बच्चों को तीन अप्रैल को न्यायाधीश के चैम्बर में बंद कमरे में होने वाली सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, हम बच्चों को लेकर चिंतित हैं, आइए सौहार्दपूर्ण समझौते की संभावना तलाशते हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के वकील अदनान शेख ने पीठ को बताया कि इससे पहले उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रस्तावित सहमति की शर्त भेजी गई है। शेख ने कहा, हमने प्रस्तावित सहमति की शर्तें भेजी हैं। छह दिन हो चुके हैं लेकिन हमें अब तक कोई जवाब नहीं मिला है। ऐसा नहीं लगता कि वे समझौता चाहते हैं। जैनब की ओर से पेश वकील चैतन्य पुराणकर ने हालांकि दलील दी कि वह भी मामले में समझौता करना चाहती हैं।

# रामनवमी पर दिल्ली की जहांगीरपुरी में नियमों के खिलाफ निकाला लोगों ने मार्च

## दिल्ली पुलिस ने जहांगीरपुरी में श्रीराम प्रतिमा यात्रा की अनुमति देने से कर दिया था इनकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उत्तर-पश्चिम** दिल्ली के जहांगीरपुरी में बृहस्पतिवार को राम नवमी के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने नियमों के खिलाफ मार्च निकाला। जिसके बाद इलाके में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को टालने के लिए दंगा रोधी बल को तैनात करना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दिल्ली पुलिस ने एक समूह के लोगों को राम नवमी महोत्सव के तहत जहांगीरपुरी में श्रीराम भगवान प्रतिमा यात्रा निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पिछले साल हनुमान जयंती के



उपलक्ष्य में इलाके में निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान वहां दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर पुलिस ने यह कदम उठाया था।

हालांकि, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अनुमति न दिए जाने के बावजूद समूह के लोग जहांगीरपुरी में एकत्र हुए और एक पार्क में पूजा-अर्चना की। अधिकारी ने कहा, हमने स्थानीय पुलिस और दंगा रोधी बल के साथ-साथ बाहरी बलों की चार कंपनियों को तैनात किया है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे और कोई अप्रिय घटना न हो। स्थिति नियंत्रण में है और लोग भी सहयोग कर रहे हैं।

### रमजान में पार्क में नमाज पढ़ने की नहीं दी अनुमति

**एक** अन्य अधिकारी ने बताया कि रमजान के दौरान जहांगीरपुरी में एक पार्क में नमाज अदा करने की अनुमति देने का अनुरोध भी ठुकरा दिया गया था। 16 अप्रैल 2022 को जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में आठ पुलिसकर्मी और एक स्थानीय व्यक्ति घायल हो गया था। हिंसा के बाद इलाके में कई दिनों तक तनाव व्याप्त था।

### जम्मू कश्मीर : श्रीनगर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शोभा यात्रा निकालकर रामनवमी का त्योहार मनाया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई शोभा यात्रा, पुराने शहर के जैंदर मोहल्ला से शुरू होकर हब्बाकदल, बर्बर शाह, लाल चौक, हरि सिंह हाई स्ट्रीट और जहांगीर चौक होते हुए टांकीपोरा में संपन्न हुई। शोभा यात्रा के आयोजक पवन चेतन्यदास ने बताया, हम पिछले 16 सालों से हर साल यह यात्रा और झांकी निकालते आ रहे हैं। घाटी में उथल-पुथल के कारण इसे रोक दिया गया था। उन्होंने जुलूस निकालने में सहयोग करने के लिए कश्मीरी मुसलमानों और कश्मीरी पंडितों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम कश्मीर में लोगों की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। हम चाहते हैं कि हर कोई सद्भाव से रहे क्योंकि खून खराबे से कुछ हासिल नहीं होगा।

### राष्ट्रपति ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को रामनवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से प्रभु राम के उच्च आदर्शों का अनुकरण करने एवं एक गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, राम नवमी पर सभी देशवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के चरित से त्याग व सेवा का अमूल्य संदेश मिलता है। उन्होंने कहा, सभी देशवासी, प्रभु राम के उच्च आदर्शों को आचरण में ढालें और एक गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए स्वयं को समर्पित करें।

# महाराज चार्ल्स तृतीय जर्मन संसद को करेंगे संबोधित

**बर्लिन।** ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय ने जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से मुलाकात की और अब वह जर्मनी की संसद बुंडेस्टैग को बृहस्पतिवार को संबोधित करने की तैयारी कर रहे हैं। वह ब्रिटेन के पहले शासक होंगे जो जर्मनी की संसद को संबोधित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि चार्ल्स तृतीय दोनों यूरोपीय शक्तियों के संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लक्ष्य के साथ जर्मनी की यात्रा पर हैं। चार्ल्स (74) ब्रिटेन की राजगद्दी पर आसीन होने के बाद बुधवार को पहली विदेश यात्रा पर बर्लिन पहुंचे और उनके साथ रानी कैमिला भी हैं। जर्मनी के राष्ट्र प्रमुख राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टेनमीयर और लोगों की भीड़ ने राजधानी स्थित ऐतिहासिक ब्रांडेनबर्ग गेट पर उनका स्वागत किया।

# बिल्डरों पर 26 हजार करोड़ बकाया, खाली फ्लैट

## नोएडा में 22 हजार फ्लैट बायर्स को रजिस्ट्री का इंतजार, रि-शिड्यूलमेंट स्कीम आज खत्म

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** प्राधिकरण के ग्रुप हाउसिंग का करीब 26 हजार करोड़ बिल्डरों के यहां फंसा हुआ है। ये पैसा अब तक वापस जा जाना चाहिए था लेकिन बिल्डरों ने जमा नहीं किया।

इसे वापस लाने के लिए प्राधिकरण ने बिल्डरों को कई मौके व विकल्प दिए। लेकिन इसका फायदा बिल्डरों ने नहीं लिया। नोएडा में 116 प्रोजेक्ट है। जिसमें 1 लाख 66 हजार 878 यूनिट सेंक्शन है। जिसमें से 99 हजार 39 यूनिट का ओसी जारी हो चुका है।

61 हजार 699 यूनिट की सब लीज हो चुकी है। और 22 हजार 576 का ओसी जारी हो चुका है लेकिन इनकी सब लीज नहीं हो सकी है। क्योंकि बिल्डर ने प्राधिकरण में पैसा जमा नहीं किया है। हालांकि प्राधिकरण ने दावा किया कि उनके दिए गए विकल्प के बाद 10 मार्च 2023 तक यानी एक साल में 3475 सबलीज की गई। प्राधिकरण ने बिल्डरों के लिए रि शिड्यूलमेंट स्कीम निकाली थी। इसकी आखिरी तिथि 31 मार्च है।

हालांकि हाल ही में क्रेडाई और प्राधिकरण के बीच हुई बैठक में बिल्डरों ने स्कीम को छह महीने के लिए बढ़ाने और हरियाणा की तर्ज पर ओटीएस स्कीम लाने के लिए कहा था। प्राधिकरण ने इसे मना कर दिया। अब 10 ऐसे ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट व बिल्डर चिह्नित हो गए हैं। इनकी आरसी जारी करने की प्रक्रिया भी प्राधिकरण में शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि हर प्रोजेक्ट में बकायादार बिल्डर के खिलाफ आरसी नहीं जारी होगी। अगर प्रोजेक्ट में बिल्डर के गैर बिके फ्लैट या व्यवसायिक संपत्तियां हैं तो उनको सील करवाया जाएगा। अगर जमीन खाली पड़ी हुई है तो उसे चिह्नित कर वापस कब्जे में लेगी। यह दोनों विकल्प जहां नहीं होंगे उनको आरसी की सूची में डाला जाएगा।



### डूबने की कगार पर ये 15 बिल्डर

**नोएडा** की 15 बिल्डर परियोजनाएं दिवालिया होने की प्रक्रिया चल रही है। इनके मामले एनसीएलटी में चल रहे हैं। नोएडा प्राधिकरण का भी करीब 3996.96 करोड़ रुपए फंस गए हैं। पैसे लेने के लिए प्राधिकरण सख्ती भी नहीं बरत पा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 15 में से चार ऐसी परियोजनाएं हैं जिनके कुल स्वीकृत फ्लैट में से एक की भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। रजिस्ट्री के अलावा सोसाइटी से जुड़े आईएफएमएम का पैसा समेत सभी काम आईआरपी के जरिए होंगे। इनमें सुपरटेक लिमिटेड, सेक्टर.74, अजनारा इंडिया सेक्टर.74, रेड फोर्ट जहांगीर प्रॉपर्टीज, सेक्टर.100, ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज सेक्टर-110, आईवीआरसीएल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट, सेक्टर-119, शुभकामना बुल्डटैक सेक्टर.137, लॉजिक्स सिटी सेक्टर.143, थ्री सी प्रोजेक्ट सेक्टर-168, टुडे होम्स नोएडा सेक्टर.135, सुपरटेक लिमिटेड सेक्टर.137, जीएसएस प्रोकॉन सेक्टर.143बी, ऑप्यूलेंट इंफ्राडेवलपर्स सेक्टर-168, हेसिंडा प्रोजेक्ट सेक्टर.107, लॉजिक्स इंफ्राटेक सेक्टर-143, डोसाइल बुल्डटेक सेक्टर-143 है।

### बिल्डरों पर बकाया विभिन्न मदों में

1. आम्रपाली प्रोजेक्ट पर बकाया 3580.78 करोड़ कोर्ट केस
2. यूनिटेक प्रोजेक्ट पर बकाया 9760.06 करोड़ कोर्ट केस
3. एनसीएलटी प्रोजेक्ट 15 प्रोजेक्ट पर 3996.96 करोड़
4. कंपलीट प्रोजेक्ट पर बकाया 1529.73 करोड़
5. इनकंपलीट प्रोजेक्ट पर बकाया 7140.68 करोड़

# किसी और को परीक्षा में बैठाकर बना बैंक मैनेजर , मुकदमा दर्ज

- ट्रेनिंग के दौरान बैंक को हुआ शक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**एक** युवक फर्जी तरीके से बैंक में असिस्टेंट मैनेजर के पद के लिए परीक्षा पास कर गया। वह बैंक में नौकरी के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित एक इंस्टीट्यूट में ट्रेनिंग पर आया।

ट्रेनिंग के दौरान उस पर शक हुआ तथा बैंक वालों ने इस बाबत जांच की। उन्होंने जब जांच की तो पता चला कि युवक ने अपनी जगह किसी और को बैठाकर परीक्षा पास किया था। इस बाबत आईडीबीआई बैंक के मैनेजर ने थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित आईडीबीआई बैंक के मैनेजर अमित राणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक युवक प्रिंस कुमार निवासी बिहार ने बैंक के वाराणसी और लखनऊ मैं असिस्टेंट मैनेजर के पद के लिए परीक्षा में दिया था। उसने अपनी जगह किसी और को बैठाकर परीक्षा दिलवाया तथा पास हो गया। युवक की नौकरी आईडीबीआई बैंक में लग गई। उसे ट्रेनिंग के लिए एक संस्थान में भेजा गया। वहां पर वह काफी डल दिखाई दिया। शक होने पर उसका बायोमेट्रिक आदि मैच करवायाए तब पता चला कि उसने अपनी जगह किसी और को बैठाकर परीक्षा पास किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# कोरोना के 3 नए केस मिले, 11 मरीज हुए ठीक

- एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 56 हुई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**कोविड** के मामलों में गुरुवार को थोड़ी राहत मिली है। विगत 24 घंटे में तीन नए मामले सामने आए। वहीं 11 मरीज ठीक हुए हैं। अब सक्रिय मामलों की संख्या 56 हो गई है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर जांच संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। विगत दिनों कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चार एल-1 और चार एल-2 स्तर के अस्पताल अलर्ट मोड कर दिया गया है। हालांकि जो मरीज मिल रहे है उनमें अधिकतर असिम्प्टोमेटिक है। किसी भी मरीज की स्थिति गंभीर नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल पुराना कोविड अस्पताल के तृतीय तल पर कोविड डेडिकेटेड वार्ड तैयार है। जनपद में 17 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हैं।

इनमें 11 सरकारी और 6 निजी संयंत्र हैं। विभाग के पास बड़ी संख्या में 10 लीटर के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि उपचार से बेहतर है बीमारी से बचाव। इसलिए लोगों को चाहिए कि वह कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करें। लापरवाही से समस्या बढ़ा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर जाएं तो मास्क जरूर पहनें। घर आने पर और कुछ भी खाने पीने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन पानी से धोएं। मौसम बदलने की वजह से खांसी जुकाम-बुखार की शिकायत हो जाती है।

इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस आईएलआई और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन सारी के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से परामर्श लें और कोविड की जांच कराएं। उप जिला सर्विलांस अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा अमित कुमार ने बताया कि जनपद में कोविड से निपटने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सर्विलांस सिस्टम को मजबूत किया गया है।

# राम नवमी पर महामाया देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब

- उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला व एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने मेले में व्यवस्था बनाने की कमान संभाली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**गांव** सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में नवमी पर प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मेले में बुधवार को भी अव्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालूओं का बोलबाला रहा। दो किलोमीटर तक पैदल चलकर श्रद्धालू मंदिर तक पहुंच रहे है।

मंगलवार की घटना से सबक लेते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्ट पर रहे। गांव सीकरी खुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में गुरुवार को नवमी पर भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंगलवार को हुई मंदिर परिसर में बेहोश हुई महिलाओं की घटना से सबक लेते हुए बुधवार को पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्टपर रहे। उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला व एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने मेले में व्यवस्था बनाने की कमान अपने हाथ में ले ली। इसके बाबजूद भी मंदिर परिसर में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। गुरुवार सुबह को प्रसाद चढ़ाने के लिए लाइन में लगी एक युवती अचानक बेहोश हो गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरन्त युवती को प्राथमिक उपचार दे दिया गया। अधिक भीड़ होने के कारण बुजुर्ग एदिव्यांग व बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को अधिक भीड़ होने के कारण एक बीमार व्यक्ति की मौत हो गई और छह महिला बेहोश हो गई थी। मामला सोशल मीड़िया पर वायरल हो गया। देर रात को पुलिस कमिशनर अजय मिश्रा, एडनिशल कमिशनर दिनेश कुमार एडीसीपी ग्रामीण रवि कुमार सीकरी मेले में पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस कमिशनर सुबह चार बजे तक मेले परिसर में रहे है। एसडीएम शुभांगी शुक्ला ने बताया मेला सुचारु रुप से संचालित हो रहा है। महामाया देवी मंदिर में भी प्रसाद चढ़ाने वाले श्रद्धालु आराम से आ जा रहे है। उमस होने के चलते कुछ लोगों को चक्कर आ गए। उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयां दिला दी गई। महामाया देवी मंदिर सीकरी खुर्द मुख्य पुजारी देवेन्द्र शास्त्री ने बताया नवमी के दिन गुरुवार को सुबह चार बजे से लेकर शाम तक 90 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को माता के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया है। देर रात तक भीड़ बढ़ने की सम्भावना है। अब मंदिर परिसर की व्यवस्था पूरी तरह कंट्रोल में है।

## संक्षिप्त समाचार



महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का संदेश लेकर विध्यांचल धाम से प्रारंभ हुई महिला सशक्तिकरण रैली का पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने स्वागत किया।

### निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा मे आग की दूसरी घटना सामने आई है। इसमें सेक्टर.62 में निर्माणाधीन बिल्डिंग में आग लग गई। ये आग बिल्डिंग में रखे थर्माकोल में लगी थी। आग तेजी से फैली। हालांकि मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है। हालांकि शटरिंग को नुकसान हुआ है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि रात के समय बिल्डिंग में निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान शटरिंग को वैल्डिंग करते समय चिनगारी ये पास रखे थर्माकोल पर जा गिरी। जिससे उसने आग पकड़ ली। थर्माकोल ज्वलन शील होता है ऐसे में तेजी से आग फैली। इस दौरान सभी मजदूर सुरक्षित बाहर आ चुके थे। इसकी जानकारी फायर विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची गाड़ी और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में आधे घंटे का समय लगा। हालांकि जन हानि नहीं हुई। लेकिन नुकसान कितना हुआ साइट मैनेजर इसका आकलन कर रहे है।

### कथित समाजसेवी पर कसा पुलिस ने शिकंजा

**गाजियाबाद।** अस्पताल, लैबोरेट्री और विभिन्न तरह का कारोबार करने वाले कारोबारियों की कमियां ढूंढने के बाद आरटीआई डालकर उनके साथ ब्लैकमेलिंग करने वाले एक कथित आरटीआई एक्टिविस्ट पर कमिश्नरेट पुलिस ने शिकंजा कसान शुरु कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस कथित आरटीआई एक्टिविस्ट की ब्लैकमेलिंग का ताजा मामला उस समय उजागर हुआ जब उसने पैथेलॉजी लैब के संचालक सहित दो लोगों ने तीस लाख की रंगदारी मांगी। इतना ही नहीं यह ठग रंगदारी की उगाही करने के लिये कारोबारी के पास भी चला गया। उक्त घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कथित आरटीआई एक्टिविस्ट को धर दबोचा। अधिकारी का कहना है कि पुलिस जालसाज से पूछताछ करके यह पता लगा रही है कि अब उसने कितने लोगों के साथ ब्लैकमेलिंग की है।

### अवकाश के दिन निगम ने वसूला 50 लाख का टैक्स

**गाजियाबाद।** अवकाश के दिन भी नगर निगम के सभी जोनल ऑफिस खोले गए हैं। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा का कहना है कि काफी लोग जो टैक्स जमा कराना चाहते हैं उनकी सुविधा के लिए यह कदम उठाया गया है। नगर निगम ने कल भी अवकाश के दिन सभी जोनल ऑफिसों में टैक्स जमा करने के लिए कैश काउंटर को खोला था। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि अवकाश के दिन कल कैश काउंटर पर ही सभी जोन एरिया में करीब 50 लाख से अधिक का हाउस टैक्स जमा कराया गया है। इसमें काफी लोगों ने स्वयं ही टैक्स जमा कराया है। कुछ टैक्स नगर निगम की टीम ने स्पेशल अभियान चलाकर रिकवर किया है।

### यूपी-दिल्ली बॉर्डर पर प्रजापति समाज का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** प्रजापति समाज के लोगों ने गुरुवार को दिल्ली बॉर्डर पर जमकर हंगामा किया। वे मेरठ से पदयात्रा निकालकर दिल्ली के जंतर मंतर जा रहे थे। उन्हें गाजीपुर बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद वे नाराज हो गए। उन्होंने दिल्ली बॉर्डर पर जाम लगा दिया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बाद में ये तय हुआ कि प्रदर्शनकारियों को बसों से भेजा जाएगा। उन्हें दिल्ली पुलिस की बसों में बैठाकर जंतर,मंतर के लिए रवाना किया गया, तब जाकर मामला शांत हो सका। इधर, बॉर्डर पर जाम लगने से कुछ ही देर में कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई।

# पीएफ का करोड़ों गबन करने वाला कंपनी डायरेक्टर गिरफ्तार

- आरोपियों ने 23 महीने यानी अक्टूबर 2020 से सितंबर 2022 तक का पीएफ फंड जमा नहीं कराया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**पुलिस** गिरफ्त में कंपनी का डायरेक्ट ऋषभ सिंघवी। इसी ने कामगारों का पैसा जमा नहीं कराया। जिसके चलते पीएफअस्सिटेंट कमिश्नर ने शिकायत की। कर्मचारियों के भविष्य निधि के पैसों के गबन करने के मामले में पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है।

कंपनी के कर्मचारियों की शिकायत पर पीएफ असिस्टेंट कमिश्नर ने इसके खिलाफ थाना फेज.2 पुलिस से शिकायत की थी। आरोपी की पहचान ऋषभ सिंघवी पुत्र स्व रविन्द्र कुमार हुई हैं। इसे सी.4 होजरी कंप्लैक्स के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ऋषभ नोएडा के होजरी कंप्लैक्स में इंटरनेशनल प्रिंट ओपेक लिमिटेड नाम से कंपनी संचालित कर रहा था। कंपनी में सैकड़ों की संख्या में कामगार शिफ्ट में काम करते थे। आरोपी उनका कामगारों का पैसा उनके पीएफखाते में जमा नहीं कराता था।

इस तरह कर उसने कई करोड़ रुपए का गबन किया। कामगारों ने अपने पीएफ की जानकारी विभाग से की। वहां कोई रिकार्ड नहीं मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत पीएफ ऑफिस से की। इसके बाद पीएफ असिस्टेंट कमिश्नर ने थाना फेज-2 से शिकायत की।

शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने 23 महीने यानी अक्टूबर 2020 से सितंबर 2022 तक का पीएफ फंड जमा नहीं कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी ऋषभ सिंघवी को गिरफ्तार कर लिया है।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा था अवैध बार, कोरियन नागरिक धरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**रेस्टोरेंट** की आड़ में चल रहे अवैध बार का आबकारी विभाग और पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस दौरान एक कोरियन नागरिक को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने रेस्टोरेंट्स से कई ब्रांड की बीयर और शराब बरामद की है। दरसअल, आबकारी विभाग को सूचना मिली कि बीटा 2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत ओमेक्स एनआरआई कंपलेक्स में एक कोरियन रेस्टोरेंट में अवैध रूप से बार चलाया जा रहा है। जिसके बाद आबकारी विभाग की टीम और बीटा 2 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मीमो रेस्टोरेंट पर छापेमारी की।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान पाया कि रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मौके से बियर और शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से एक कोरियन नागरिक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध बार से 2 बोतल चिमोसून बियर, 2 बोतल कोरियन बियर और 8 बोतल किंगफिशर स्ट्रिंग बरामद की।

# गाजियाबाद को 25वां पुलिस स्टेशन मिला

- धीरे-धीरे इन स्टेशनों की संख्या 40 करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** पुलिस कमिश्नरेट को एक और नया थाना मिला है। इसका नाम अंकुर विहार होगा। ये थाना, लोनी और ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के कुछ हिस्सों को काटकर बनाया गया है। अंकुर विहार थाना क्षेत्र में 72 मोहल्ले, गांव और कॉलोनियां आएंगे। इसकी सूची भी जारी कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर का दावा है कि जल्द ही नया थाना शुरू हो जाएगा। इस प्रकार गाजियाबाद में अब कुल पुलिस स्टेशनों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है।

धीरे- धीरे इन स्टेशनों की संख्या 40 करने की तैयारी है। इससे एक दिन पहले गाजियाबाद में नया सर्किल शालीमार गार्डन बनाया गया है। इस सर्किल में थाना शालीमार गार्डन और थाना टीला मोड़ को जोड़ा गया है। हालांकि अभी इस सर्किल में नए अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। दावा है कि अप्रैल माह के अंत तक ये सर्किल चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद साहिबाबाद सर्किल में अब तीन से घटकर सिर्फ दो पुलिस स्टेशन साहिबाबाद और लिंक रोड रह जाएंगे।

शालीमार गार्डन को नया सर्किल बनाने से पहले शालीमार गार्डन नाम से ही एक नया पुलिस स्टेशन भी दो दिन पहले खोला गया है।

28 मार्च की रात 12 बजे से ये थाना अस्तित्व में आ चुका है। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने बताया कि आबादी और पुलिस कमिश्नरेट के हिसाब से यहां पर 40 पुलिस स्टेशन होने चाहिए। अब यहां कुल पुलिस स्टेशनों की संख्या 25 हो चुकी है। ज्ञात हो गाजियाबाद पुलिस शहर की सुरक्षा के लिए सतर्क है।

### इंदिरापुरम में बुजुर्ग दंपति को चाकू मारे, गंभीर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में काम मांगने के बहाने घर में घुसे महिला, पुरुष ने एक बुजुर्ग दंपति को चाकू मार दिए।

इस हमले में बुजुर्ग दंपति घायल हो गए। पुलिस ने हमलावरों को लेकर आने वाले ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है, वहीं हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित कर दी गई हैं।

अभी तक लूटपाट जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। गुरुवार दोपहर ये वारदात इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अभय खंडदूएक में हुई। स्वतंत्र कुमार ने बताया, रविकांत शर्मा और उनकी पत्नी गीता शर्मा चाकू लगने से घायल हुए हैं।



सेक्टर-62 पर विपरीत दिशा में चलने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान चालान काटे गए।

# बीच सड़क पर बने एफओबी के पिलर हटाया जाएगा

- सेक्टर-52 में ट्रैफिक जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**दिल्ली** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन डीएमआरसी के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बाहर एफओबी का एक पिलर सड़क के बीच में है। इससे ट्रैफिक जाम रोड एक्सीडेंट और जाम का खतरा रहता है।

इस पिलर को हटाने का काम दो अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि पिलर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन हटाएगा। पहले एफओबी को सपोर्ट दिया जाएगा। इसके लिए यातायात डायर्वजन जारी कर दिया गया है। इसके बाद बीच सड़क पर बने पिलर को हटाया जाएगा। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया ने बताया कि डीएमआरसी ने 41 लाख का एक प्रपोजल नोएडा प्राधिकरण को दिया है। प्रपोजल के अनुसार से पैसा उनको दिया जाएगा। इसके बाद वे अपना काम शुरू कर देंगे। इस दौरान यातायात डायवर्ट किया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक विभाग ने एडवाइजरी भी जारी कर दी है। इस पिलर को लेकर नोएडा प्राधिकरण और डीएमआरसी ने एक दूसरे पर काफी आरोप प्रत्यारोप लगाए थे।

डीएमआरसी ने कहा था कि एफओबी का पिलर 5.91 मीटर ऊंचाई का है। एफओबी का निर्माण साथ वाली सड़क के अंडरपास के बनने से काफी पहले 2019 में ही पूरा कर लिया गया और तब से उपयोग में है। इसे सार्वजनिक उपयोग में लाने से पहले सभी संबद्ध सरकारी एजेंसियों से आवश्यक अप्रूवल ली गई थी।

इस फुटओवर ब्रिज का निर्माण पूरे होने तक ये पिलर सड़क के वाहन मार्ग कैरेज-वे के मध्य से दूर किनारे वाली सर्विस लेन और कैरेज.वे के बीच में था। और तब किसी तरह का ट्रैफिक व्यवधान नहीं था। बाद में, वर्ष 2021 में अंडरपास के निर्माण के बाद नोएडा प्राधिकरण ने इस कैरेज-वे के पुनर्निर्माण की वजह से अब उक्त पिलर मुख्य सड़क के बीचों बीच हो गया है जिससे ट्रैफिक बाधित होता है। फिलहाल इस पिलर को हटाने का काम शुरू होने जा रहा है। जिससे यहां से निकलने वाले यातायात को काफी राहत मिलेगी।

# गाजियाबाद की फिजा खराब करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसीपी

- मिसलगढ़ी गांव स्थित मंदिर में चोरी व मूर्ति खंडित करने का मामला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिसलगढ़ी गांव में स्थित मंदिर में हुई चोरी के बाद फिजा को खराब करने की कोशिश में लगे तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। यह कहना है एसीपी मसूरी निमीष पाटिल का।

पाटिल ने बताया कि मिसलगढ़ी गांव में स्थित मंदिर में चोरी व मूर्ति खंडित किये जाने की आपराधिक घटना को गंभीरता से लेते हुए मसूरी थाना पुलिस ने दो चोरों को मात्र कुछ घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करके उनके पास से चुराई गई पीतल की मूर्ति, बैटरा और धार्मिक पुस्तकों के अलावा अन्य सामान बरामद कर लिया था। श्री पाटिल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जहां चोरों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया, वहीं पुलिस अब यह पता करने में भी जुट गई है कि इस वारदात की आढ़ में ऐसा कौन है जो फिजा खराब करना चाहता था। इसका पता लगने पर ऐसे तत्वों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान दिपांशु जाटव व हसन उर्फ हसीन ने बताया कि वो नशा करते हैं। उन्होंने नशे के लिए पैसा जुटाने के लिए मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

रोगों से लड़ने और काम करने के दौरान खुद को शांत रखने के लिए प्रस्तुत हैं विशेषज्ञों द्वारा बताए गए कुछ तरीके

# आयुर्वेदिक कवच



**क्या** आप वो समय याद कर सकते हैं, जब आप अपने बच्चों के साथ खुशी खुशी घूमने गए थे? आपने अपने लिए कब खरीदारी की थी? क्या आप अपने सहकर्मियों के साथ बिताए काफी ब्रेक को याद करते हैं? खैर, यह बातचीत आज की वास्तविकता से कहीं दूर खड़ी नजर आती है। आयुर्वेदिक तरीकों का पालन करके व प्रतिरक्षण क्षमता विकसित करके हमें किसी वायरस से लड़ने में सहायता मिल सकती है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है आयुर्वेद

आयुर्वेद में मजबूत पाचनतंत्र किसी भी वायरस और बिमारी से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीमारी से लड़ने के लिए स्वस्थ जीवनशैली का चुनाव करना तथा आर्गेनिक उत्पादों को अपनाना महत्वपूर्ण कदम हैं। इसके अलाव, आयुर्वेद विशेषज्ञ, आचार्य मनीश द्वारा प्रस्तावित कुछ नुस्खे इस प्रकार हैं:

1जैसा कि हम सभी जानते हैं, अभी नवरात्र बीते हैं, और लोगों ने व्रत रखा था, हालांकि लोग धार्मिक कारणों से आमतौर पर ऐसा करते हैं, लेकिन सप्ताह में कम से कम एक बार व्रत रखना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इसे शरीर विषाक्तमुक्त होता है और प्रतिरक्षण तंत्र बेहतर होता है।

1व्रत के दौरान, सलाद, सब्जियां, ड्राई फ्रूट्स, बीज, नारीयल पानी व हर्बल चाय पीते हैं। यह खुराक वायरस को फैलने से रोक सकती है।

1गिलोय, हल्की, अश्वगंधा, तुलसी व आंवला जैसी आयुर्वेदिक जड़ीबूटियों का सेवन करें। यह प्रतिरक्षण सुधारने में असरकारी हैं।

1चूंकि वायरस संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से फैलता है, इसलिए उससे परहेज करें और निरंतर हाथ धोना व स्वयं को एकांत में रखना जैसे स्वच्छता दिशानिर्देशों को पालन करें यदि वायरस के कोई लक्षण नजर आते हैं।

1इन दिनों गरिष्ठ भोजन, अंडा, मांस व मछली खाने से परहेज करें।

1छींकते समय नेप्किन, टिशू पेपर का उपयोग करें और उसे उपयोग के बाद कूड़ेदान में फेकें।

1कोशिश करें कि किसी पशु के संपर्क में न आएं।

1गर्म पानी पीएं, जिसे आयुर्वेद में उष्ण जल भी कहा जाता है। यह पाचन में आसान है और शरीर से विषाक्तों को बाहर निकालता है। यह शरीर के प्रतिरक्षण को बनाए रखने में भी सहायता करता है और वायरल संक्रमणों व वायरस संबंधी लक्षण- श्वांसकारी समस्याओं से बचाता भी है।

## अपना प्रतिरक्षण मजबूत करने पर ध्यान दें

**आयुर्वेद में मजबूत पाचनतंत्र किसी भी वायरस और बिमारी से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महामारी से लड़ने के लिए स्वस्थ जीवनशैली का चुनाव करना तथा आर्गेनिक उत्पादों को अपनाना महत्वपूर्ण कदम हैं।**



आपको सिर्फ कोरोना वायरस से लड़ने के लिए प्रतिरक्षण निर्माण पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, बल्कि बैक्टीरिया व वायरसों के कारण होने वाली सभी बिमारियों से लड़ने के लिए ऐसा करने की आवश्यकता है। आचार्य मनीष कहते हैं, 'आपने देखा होगा कि अनेक लोग अक्सर बीमार पड़ते हैं या ज्यादातर खांसी का शिकार रहते हैं जबकि अन्य बिरले बीमार पड़ते हैं। यह अंतर प्रतिरक्षण तंत्र के कारण है। कमजोर प्रतिरक्षण तंत्र वाला व्यक्ति अक्सर बीमार पड़ता है।'

वह जोड़ते हैं कि तुलसी, गुडुची व हल्दी को खुराक में शामिल करने से शरीर का प्रतिरक्षण सुधारने में सहायता हो सकती है। स्वस्थ भोजन करना प्रतिरक्षण सुधारने का पहला कदम है। व्यक्ति को नियमित रूप से संतर और अंगूर जैसे साइटरस फल भी खाने चाहिए। उनमें विटामिन सी होता है जो माना जाता है कि इससे श्वेत कोशिकाओं के निर्माण में वृद्धि होती है। ब्रोकली भी शरीर का प्रतिरक्षण तंत्र बढ़ाने में सहायता करती है क्योंकि इसमें विटामिन ए, सी और ई तथा भारी मात्रा में फाइबर होता है।

आयुर्वेदाचार्य डॉ. प्रदीप चौहान, जो जीया आयुर्वेद के निर्देशक हैं, बताते हैं कि व्यक्ति को नियमित चाय पीने से बचना चाहिए। जैसा कि हम घर से काम कर रहे हैं, हमारी दिनचर्या दांव पर लगी हुई है। कार्य तनाव से निपटने के लिए, हम अपनी केफीन खुराक बढ़ा देते हैं। लेकिन यह समय है जब हम अपनी नियमित कैफीन खुराक की जगह आयुर्वेदिक चाय पीएं। कोई इसे घर पर अदरक, तुलसी पत्ती व शहद के साथ बना सकता है। ये पौष्टिक तत्व श्वांसकारी तंत्र व प्रतिरक्षण के लिए भी अच्छे हैं। न केवल यह, ये तनाव से राहत भी हासिल होती है। ब्राह्मी, अश्वगंधा, जटामानसी, शंखपुष्पी, सर्पगंधा भी तनाव घटाने में मददगार हैं।



## योग, एक अनिवार्यता

डा प्रताप कहते हैं,' योग अब जीवनशैली खुराक मात्र नहीं रह गया है, वह एक अनिवार्यता बन गया है। रोज सुबह तीस मिनट तक योग का अभ्यास करें। सुबह अपने मन को साधने से यह समूचे दिन भर तनावपूर्ण हमलों को झेलने में सक्षम रहेगा। अपने घर में एक शांत जगह चुनें, मसलन आपकी बालकनी या एक खुली खिड़की के निकट और पद्मासन, श्वासन और अन्य आसनों का अभ्यास करें।''

## आयुर्वेद को भूल गए हैं लोग

यह सबसे प्राचीन परंपरागत उपचार पद्धतियों में से एक है। इस परंपरागत प्राचीन ज्ञान में हर रोग का उपचार करने की क्षमता है। लेकिन आचार्य मनीष सवाल उठाते हैं कि लोगों ने आयुर्वेद को क्यों भुला दिया और यह क्यों महत्वपूर्ण है? खैर, संभवतया चूंकि यह धीमें असर डालती है और लोग त्वरित परिणाम चाहते हैं।

आचार्य मनीष कहते हैं, 'इस त्वरित गतिमान जीवन में लोग ऐलोपेथिक दवाइयों से जुड़े हुए हैं क्योंकि वे तेजी से नतीजे देती हैं। यह इसलिए कि यह केवल बिमारी के लक्षणों को मारती हैं। इसके विपरीत, आयुर्वेद रोग की मूल कारण पर काम करता है। हमें इस तथ्य पर ध्यान देने की जरूरत है कि आयुर्वेद के पास सभी रोगों का इलाज है। यह समय लेता है लेकिन बगैर किसी दुष्प्रभाव के उचित ढंग से बिमारियों का उपचार करता है।'

# अपनी डायट में शामिल करें ये नौ चीजें, नहीं होगी प्रोटीन की कमी

**जो लोग अंडा, मीट, मछली नहीं खाते वह इन शाकाहारी खाद्य पदार्थों को नियमित रूप से डायट में शामिल करके प्रोटीन की कमी को दूर कर सकते हैं।**

पूरे दिन काम करने के लिए शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है और इसके लिए जरूरी होता है प्रोटीन। यह सच है कि अंडे और मीट में प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि शाकाहारी लोग प्रोटीन की जरूरत को पूरा नहीं कर सकते। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अंडे और मीट के अलावा और कई ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिसमें प्रोटीन की मात्रा बहुत अधिक होती है। इन खाद्य पदार्थों को डायट में शामिल करके आप प्रोटीन की कमी को दूर कर सकते हैं।

**दलिया:** प्रोटीन से भरपूर दलिया नाश्ते का हेल्दी विकल्प है। इसमें प्रोटीन के साथ ही फाइबर, मैंगनीज, मैग्नीशियम और विटामिन बी1 भी पाया जाता है। जिससे पूरे दिन काम करने के लिए शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है।

**ब्रोकली:** विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हरी सब्जी में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही इसमें विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर और पोटैशियम होता है और कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। जिससे वजन घटाने वालों के लिए भी यह अच्छा विकल्प है।

**बादाम:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना बादाम भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं, इससे शरीर को पर्याप्त प्रोटीन मिल जाता है। इसके अलावा बादाम में फैट, विटामिन और मिनरल पर्याप्त मात्रा में होता है। रोजाना बादाम खाने से सेहत अच्छी रहती है।

**राजमा:** राजमा को शाकाहारी मीट भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। राजमा स्वाद के साथ ही सेहत से भी भरपूर होता है। राजमा को आप सब्जी, सलाद या सूप में मिलाकर खा सकते हैं। राजमा की सब्जी बहुत स्वादिष्ट बनती है।


**दाल:** दाल-चावल भारतीय भोजन का अहम हिस्सा है और यह बहुत ही सेहतमंद भी होता है। डायट विशेषज्ञों के मुताबिक, दालें शाकाहारी प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत हैं। अरहर, मूंग, मसूर, चना, उड़द सभी तरह की दालों में हाई प्रोटीन होता है, तो रोजाना दाल को अपनी डायट में ज़रूर शामिल करें।

**दूध:** कैल्शिम के साथ ही दूध प्रोटीन का भी अच्छा स्त्रोत है। यदि आप प्रोटीन की कमी से बचना चाहते हैं, तो रोजाना एक ग्लास दूध पीएं। यदि आप डायटिंग कर रहे हैं या वजन घटाना चाहते हैं तो आप सोया मिल्क का सेवन कर सकते हैं, इसमें भी प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है।

**पनीर:** दूध के अलावा दूध से बने पनीर में भी भरपूर प्रोटीन होती है और पनीर लगभग सबको पसंद आता है। आप पनीर की सब्जी, परांठा, पुलाव कुछ भी बना सकते हैं। बड़ों से लेकर बच्चों तक को इसका स्वाद बहुत भाता है, तो इसे डायट में शामिल करके आप प्रोटीन की कमी को पूरा कर सकते हैं। इसे आप सलाद में भी मिला सकते हैं।

**पालक:** विशेषज्ञों का कहना है कि पौष्टिक तत्वों से भरपूर पालक प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। पालक का सूप बनाने के अलावा आप इसकी सब्जी, दाल, पुलाव आदि भी बना सकते हैं। पालक बड़ों और बच्चों दोनों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**गेहूं का आटा:** आटे से चपाती के अलावा, परांठा, हलवा आदि कई चीज़ें बनाई जाती है। आटे में कार्बोहाइड्रेट के साथ ही प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है। इसके अलावा इसमें विटमिन-बी, जिंक, आयरन और मैग्नीशियम आदि भी पाए जाते हैं। जो लोग अंडा, मीट, मछली नहीं खाते वह इन शाकाहारी खाद्य पदार्थों को नियमित रूप से डायट में शामिल करके प्रोटीन की कमी को दूर कर सकते हैं।



# अत्यधिक स्क्रीन टाइम है खतरनाक



स्ट्रोक को रुग्णता और विकलांगता के सबसे आम व प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। ऐसा अनुमान है कि हर 40 सेकंड में कोई न कोई स्ट्रोक से पीड़ित होता है और वैश्विक स्तर पर स्ट्रोक के कारण प्रत्येक चार मिनट में एक व्यक्ति की मौत होती है। हालांकि बढ़े हुए स्क्रीन समय के कारण होने वाले प्रतिल स्वास्थ्य परिणामों से लोग परिचित हैं, मगर स्ट्रोक एक ऐसी घातक बीमारी है जिसे हाल ही में स्ट्रोक से जोड़ा गया है।

आधुनिकता के युग में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में परिवर्तन से संबंधित, दुनिया भर में डिजिटल स्क्रीन का समय बढ़ गया है। घर से काम करने वाले कई पेशेवरों के साथ-साथ ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों से, स्क्रीन टाइम में तेजी से वृद्धि हुई है। यह एक कम ज्ञात तथ्य है कि हाई स्क्रीन टाइम स्ट्रोक, मधुमेह व हृदय रोगों के जोखिम सहित सह-रोगों की अधिकता से सीधे जुड़ा हुआ है। सिफारिश से अधिक स्क्रीन टाइम का प्रत्येक घंटा स्ट्रोक में वृद्धि के जोखिम को लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ा देता है।

कई अध्ययनों में आया है कि इंटरनेट/गेमिंग की लत में दिमाग के क्षेत्रों (जहां प्रोसेसिंग होती है) में ऊतक की मात्रा में कमी या हानि होती है, प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण फ्रंटल लोब शामिल होता है, जो योजना, प्राथमिकता, आयोजन, और आवेग नियंत्रण जैसे कार्यकारी कार्यों को नियंत्रित करता है।

पहले, स्ट्रोक को बुजुर्गों (60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों) की बीमारी माना जाता था, लेकिन हाल के वर्षों में युवा आबादी में स्ट्रोक के ज्यादा हमले देखे गए हैं। एक ताजा अध्ययन में विस्तार से बताया गया है कि हाल के वर्षों में स्ट्रोक की समग्र घटनाओं में गिरावट देखी गई है, लेकिन 25 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में स्ट्रोक की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अमेरिका व अन्य विकसित देशों की तुलना में, भारत में युवा समूह में स्ट्रोक के मामलों का प्रसार बहुत अधिक है, जो लगभग दोगुना है।

हाल ही में यूएस आधारित एक अध्ययन के अनुसार, डिजिटल स्क्रीन समय जीवन प्रत्याशा के विपरीत आनुपातिक पाया गया है। अध्ययन के अनुसार, डिजिटल स्क्रीन समय के हर घंटे के लिए, जीवन प्रत्याशा 22 मिनट तक कम हो जाती है। स्क्रीन टाइम की मात्रा के प्रतिकूल परिणाम भी सामने आए, जिनमें दिल का दौरा, स्ट्रोक और कैंसर होना शामिल था।

40,000 से अधिक प्रतिभागियों वाले, यूनाइटेड किंगडम के एक बड़े पैमाने पर हुए अध्ययन ने निष्कर्ष निकाला कि जब स्क्रीन का समय दिन में दो घंटे से अधिक था, तो स्ट्रोक का जोखिम काफी अधिक था। उच्च शारीरिक गतिविधि (सात दिन के सप्ताह में प्रति दिन 1 घंटा टहलना ) ने लंबे समय तक स्क्रीन समय के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ थोड़ी सुरक्षा प्रदान की। असलियत में स्क्रीन टाइम बढ़ने से कैंसर का खतरा भी बढ़ गया है।

एक समयावधि के दौरान व्यक्ति में स्क्रीन की लत विकसित हो जाती है और इसे मनोरंजक पदार्थों की लत के समान देखा जा सकता है। युक्तिकरण (निर्णय लेने)के केंद्र और प्रेरणा व पुरस्कार के केंद्रों के बीच मस्तिष्क में एक निरंतर संतुलन होता है। समय के साथ, प्रेरणा और पुरस्कार के केंद्र का युक्तिकरण के केंद्र पर प्रभाव हावी हो जाता है, और उसी मुकाम पर लत की स्थिति विकसित हो जाती है। जब कोई गतिविधि सुखद अनुभव देती है तो मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रासायनिक पदार्थ बढ़ जाता है। समय के साथ स्क्रीन का आदी व्यक्ति अपने पसंदीदा भोजन, परिवार और छुट्टियों के समय को अब एक सुखद अनुभव के रूप में नहीं देख पाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि डोपामाइन के स्तर की सीमा जिसके परिणामस्वरूप पुरस्कृत अनुभव बढ़ जाता है। स्क्रीन के साथ लत विकसित करने में भी इसी तरह की प्रक्रिया होती है। दो घंटे से ज्यादा, डिजिटल स्क्रीन के सामने बिताया गया प्रत्येक घंटा स्ट्रोक के जोखिम को 20 प्रतिशत तक बढ़ा देता है, जो युवा आबादी में स्ट्रोक के जोखिम का एक प्रमुख योगदान कारक है।

लंबे समय तक स्क्रीन समय के प्रभावों को नकारने के लिए व्यक्ति क्या कर सकता है? शोधकर्ताओं ने पाया है कि अगर कोई स्क्रीन पर बिताए गए प्रत्येक 20 मिनट के लिए 2 से 5 मिनट की शारीरिक गतिविधि का सहारा लेता है, तो यह मधुमेह और मोटापे के विकास की संभावना को काफी कम कर देता है।जब आप बिस्तर पर जाएं तो नीली रोशनी उत्सर्जित करने वाले उपकरणों से बचें।

यह मेलाटोनिन की मात्रा को कम करता है, यह ऐसा रासायनिक पदार्थ है जो आपके मस्तिष्क को जागृत अवस्था से नींद की अवस्था में ले जाता है। रात में डिवाइस का उपयोग आपको सोने से रोकेगा और इसके कारण आपको स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाएगा। अध्ययन की सिफारिशों व निष्कर्षों ने समझाया कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को डिजिटल स्क्रीन से सख्ती से बचना चाहिए, और 16 आयु वर्ग के वयस्क को स्ट्रोक के दीर्घकालिक जोखिम को कम करने के लिए दिन में केवल दो घंटे का ही स्क्रीन टाइम बिताना चाहिए।

**एक अध्ययन के अनुसार, डिजिटल स्क्रीन समय का प्रत्येक घंटा, जीवन प्रत्याशा को 22 मिनट तक कम कर देता है।**

# समर कूलर

**अनानास का जूस :** अनानास के जूस में ढेर सारे विटामिन और मिनरल होते हैं। यह विशेष रूप से मैंगनीज, तांबा, विटामिन बी 6 और विटामिन सी से भरपूर है। ये सभी आपके शरीर के सामान्य कामकाज के लिए आवश्यक हैं। इसमें प्रचुर एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो आपके शरीर को बीमारी और क्षति से लड़ने में सहायता करते हैं। अनानास में पाए जाने वाले विविध एंजाइम ब्रोमेलैन सूजन को कम करने, पाचन में सुधार और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। मैगनीज आघात, चोटों, सर्जरी, संधिशोथ और पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण होने वाली सूजन को कम करने में सहायता कर सकता है। हालांकि, ज्यादा रस-आधारित शोध की आवश्यकता है। अध्ययनों में ब्रोमेलैन को बेहतर हृदय स्वास्थ्य के संकेतकों के साथ जोड़ा गया है।



# आईपीएल-2023 का आगाज आज

## 59 दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में दस टीमों के बीच 74 मुकाबले खेले जाएंगे

एजेंसी। नई दिल्ली



**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को होगा। टूर्नामेंट के पहले मैच में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस का मुकाबला चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स से होगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले ही मैच में दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सामने युवा कप्तान हार्दिक पांड्या होंगे। धोनी अपनी कप्तानी में चेन्नई को चार बार चैंपियन बना चुके हैं। वहीं, हार्दिक ने पहली बार ही कप्तानी करते हुए पिछले साल गुजरात को चैंपियन बनाया था। मैच से पहले उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान कई बॉलीवुड सितारे ग्लैमर का तड़का लगाएंगे। आईपीएल ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि गायक अरिजीत सिंह और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया समारोह में नजर आएंगी। टूर्नामेंट के 74 मैच 12 अलग-अलग शहरों में होंगे। आईपीएल ने इस बात की जानकारी भी दी कि 31 मार्च को शाम छह बजे से उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। उसके बाद सात बजे टॉस होगा और फिर 7:30 बजे से पहला मुकाबला खेला जाएगा।

### 12 शहरों में होंगे सभी मैच

**टूर्नामेंट** के 74 मैच 12 अलग-अलग शहरों में होंगे। आईपीएल टीमों के 10 शहरों के अलावा गुवाहाटी और धर्मशाला में भी मुकाबले होंगे। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स टीम का और धर्मशाला का स्टेडियम पंजाब का होम ग्राउंड रहेगा। आईपीएल टीमों के 10 शहर मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मोहाली और कोलकाता होंगे।

### करीब दो माह तक होंगे मुकाबले

**59** दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। हर एक टीम 14 मैच खेलेगी, सात अपने घर में और सात विपक्षी टीम के घर में। 10 टीमों के बीच लीग स्टेज के 70 मुकाबले होंगे। लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। खेल प्रेमियों की नजर भी इन पर रहेगी।

### 18 डबल हेडर होंगे

**टूर्नामेंट** में 18 डबल हेडर होंगे, यानी 18 बार एक दिन में दो मैच होंगे। इस दौरान पहला मैच दोपहर 3:30 बजे और दूसरा मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। 31 मार्च को गुजरात और चेन्नई के बीच पहले मुकाबले के बाद एक और दो अप्रैल को दो डबल हेडर होंगे। एक अप्रैल को पंजाब-कोलकाता के बीच पहला और लखनऊ-दिल्ली के बीच दूसरा मुकाबला होगा। वहीं, दो अप्रैल को सनराइजर्स-राजस्थान के बीच पहला और बेंगलुरु-मुंबई के बीच दूसरा मुकाबला होगा। आठ अप्रैल और छह मई को टूर्नामेंट की 2 सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मुकाबले होंगे



## पहली बार 12 भाषाओं में होगी आईपीएल की कमेंट्री

### भोजपुरी, पंजाबी और उड़िया भाषाएं होंगी शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

**इस बार** आईपीएल में पहली बार कमेंट्री पंजाबी, उड़िया और भोजपुरी भाषा में भी होगी। यानी अब आईपीएल पर हिंदी, इंग्लिश समेत 12 भाषाओं में कमेंट्री होंगी। वहीं स्टार स्पोर्ट्स पर हिंदी, इंग्लिश सहित नौ भाषाओं में कमेंट्री होगी। जबकि जियो सिनेमा पर 12 लैंग्वेज में प्रसारित होगा। स्टार टीवी और जियो सिनेमा पर इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, मलयालम भाषाओं में कमेंट्री होगी।



इसके अलावा जियो पर पंजाबी, उड़िया और भोजपुरी में क्रिकेट की लाइव कमेंट्री होगी। आईपीएल का 16वां सीजन शुक्रवार (आज)से शुरू हो रहा है। पहला मैच गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शाम 7.30 बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

## आईपीएल के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे हेजलवुड

### मैक्सवेल का पहले मैच में खेलना अनिश्चित

एजेंसी। नई दिल्ली



**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शुक्रवार से अहमदाबाद में शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में नहीं खेल पाएंगे।

एक रिपोर्ट के मुताबिक हेजलवुड को टी-20 टूर्नामेंट के बाद के चरण में खेलने की उम्मीद है। यह 32 वर्षीय तेज गेंदबाज पैर की चोट से उबर रहा है जिसके कारण वह भारत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हेजलवुड आईपीएल में भाग लेने का फैसला करने से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मेडिकल स्टाफ से सलाह लेंगे।

इस महीने भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के अंतिम दो एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से बाहर रहे ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का भी बेंगलुरू में दो अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह अभी तक पैर की चोट से उबर नहीं पाए हैं।

## उप कप्तानी मेरी मेहनत का इनाम

### अक्षर पटेल ने कहा

एजेंसी। नई दिल्ली



**अक्षर** पटेल दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान की अपनी नई भूमिका को लेकर रोमांचित हैं और उनका कहना है कि पिछले कुछ सत्र में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए जो कड़ी मेहनत की है यह उसका पुरस्कार है।

ऑलराउंडर अक्षर ने दिल्ली के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कहा, मेरे नजरिए से अगर आपको यह भूमिका मिली है तो इसका मतलब है कि सीनियर खिलाड़ी के रूप में आपने प्रगति की है। यह आपने टीम के लिए जो भी किया है उसके पुरस्कार की तरह हैं। मैं इस भूमिका को लेकर रोमांचित हूं। उन्होंने कहा, हमारी अधिकांश टीम पहले वाली है, पिछले तीन-चार साल से वही खिलाड़ी खेल रहे हैं। हम अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह जानते हैं और यह महत्वपूर्ण बिंदू है। दिसंबर में कार दुर्घटना में चोटिल हुए ऋषभ पंत के स्थान पर दिल्ली की टीम ने मौजूदा सत्र में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर को कप्तान नियुक्त किया है। अक्षर ने कहा कि वह नए कप्तान वार्नर का पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, डेविड प्रतिभावान खिलाड़ी है। मैं उसे ऐसा माहौल दूंगा जिसमें वह अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल कर सके। जब आप दिल्ली कैपिटल्स के शिविर से जुड़ते हैं तो यह पूरी तरह से अलग अहसास होता है। तीन-चार साल से फ्रेंचाइजी के साथ हूं और यह घर की तरह लगता है। दिल्ली की टीम अपने अभियान की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उसी के मैदान पर करेगी और फिर चार अप्रैल को अपने मैदान पर गत चैंपियन गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

## आईपीएल मेजबान के रूप में पदार्पण करेगा पूर्वोत्तर



एजेंसी। गुवाहाटी

**इंडियन** प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद से पूर्वोत्तर पहली बार इस लुभावनी टी-20 लीग के मेजबान के रूप में पदार्पण करेगा जब राजस्थान रॉयल्स के दो घरेलू मुकाबले अगले महीने यहां खेले जाएंगे।

असम क्रिकेट संघ (एसीए) स्टेडियम शुक्रवार से शुरू हो रहे आईपीएल में रॉयल्स के घरेलू स्थलों में से एक है और टीम यहां पांच अप्रैल को पंजाब किंग्स जबकि आठ अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। एसीए सचिव त्रिदिब कंवर ने पीटीआई से कहा, हमें 2020 में भी राजस्थान रॉयल्स के दो मैच आवंटित हुए थे लेकिन कोविड-19 के प्रकोप के कारण ए मुकाबले नहीं हो पाए। हमें खुशी है कि इस साल यहां दो मैच के आयोजन का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और एसीए राजस्थान रॉयल्स टीम के लगातार संपर्क में है। कंवर ने कहा, हम असम के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर के क्रिकेट प्रेमियों से आग्रह करते हैं कि वे आएं और मैच देखें। राजस्थान रॉयल्स के मुकाबलों के लिए टिकट की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गई है। जयपुर स्थित फ्रेंचाइजी ने इससे पहले एक क्रिकेट अकादमी के लिए संघ के साथ साझेदारी की थी जो अब एसीए स्टेडियम में काम कर रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के संयुक्त सचिव देवजीत सेकिया ने कहा कि बहुत सारे महत्वाकांक्षी क्रिकेटर हैं जो कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाते हैं और आईपीएल उनके लिए एक अच्छा अवसर है।

## पिस्टोरियस इस सप्ताह पेरोल पर हो सकते हैं रिहा

**केप टाउन।** पूर्व ओलंपिक धावक ऑस्कर पिस्टोरियस ने पेरोल के लिए आवेदन किया है और उम्मीद की जा रही है इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। पिस्टोरियस अपनी प्रेमिका रीवा स्टीनकैंप की 2013 में गोली मारकर हत्या करने का आरोप साबित होने के बाद 13 साल पांच महीने जेल की सजा काट रहे हैं।

वह इस घटना के 10 साल बाद जेल से रिहा हो सकते हैं। रीवा के माता-पिता बैरी और जून स्टीनकैंप ने कहा है कि वे पिस्टोरियस की रिहाई का विरोध करेंगे। बैरी ने बेटी की हत्या की 10वीं बरसी पर पिछले महीने प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा था, वह एक हत्यारा है। उसे जेल में रहना चाहिए। सुधार विभाग ने पिस्टोरियस की सुनवाई से जुड़ी जानकारी यह कहते हुए देने से इनकार कर दिया।

## डेविस कप में स्पेन की भिड़ंत सर्बिया से और क्रोएशिया से खेलेगा अमेरिका

### अल्कारेज पिछले साल स्पेन टीम का हिस्सा थे

एजेंसी। लंदन

**दुनिया** के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज और दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की डेविस कप में भिड़ंत देखने को मिल सकती है क्योंकि स्पेन और सर्बिया को इस टीम टेनिस टूर्नामेंट के ग्रुप सी में रखा गया है।

स्पेन सितंबर में वेलेंसिया में ग्रुप सी की मेजबानी करेगा जिसमें उसके और सर्बिया के अलावा चेक गणराज्य और दक्षिण कोरिया को भी रखा गया है। ग्रुप डी में अमेरिका का सामना दो बार के चैंपियन क्रोएशिया से होगा जबकि ग्रुप की दो अन्य टीम फिनलैंड और नीदरलैंड हैं। इस ग्रुप की मेजबानी क्रोएशिया करेगा लेकिन शहर और स्थल की घोषणा अभी नहीं हुई है। पिछले साल पहली बार खिताब जीतने वाले कनाडा को मेजबान इटली, स्वीडन और चिली के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप बी में मेजबान ब्रिटेन, पिछले साल के उप विजेता ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और स्विट्जरलैंड को जगह मिली है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम अंतिम आठ टूर्नामेंट में जगह बनाएंगी जो स्पेन के मलागा में नवंबर में खेला जाएगा।

स्पेन ने पिछले साल ग्रुप चरण में सर्बिया को हराया था लेकिन तब जोकोविच और स्पेन के रफेल नडाल दोनों ने ही उस मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच को पछाड़कर इस महीने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने अल्कारेज पिछले साल स्पेन टीम का हिस्सा थे लेकिन सर्बिया के खिलाफ नहीं खेले थे।

## प्रणीत को हराकर श्रीकांत मैड्रिड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



**मैड्रिड।** भारतीय खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने हमवतन बी साई प्रणीत को सीधे गेम में हराकर गुरुवार को यहां मैड्रिड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल जगह पक्की की।

विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने दूसरे दौर के मैच में 49वीं रैंकिंग के खिलाड़ी को 21-15, 21-12 से हराया। श्रीकांत के सामने हालांकि क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोतो की कड़ी चुनौती होगी। निशिमोतो को दूसरे दौर के मैच में फ्रांस के अर्नोद मर्केल ने वाकओवर दे दिया।

## आईडब्ल्यूएल के ग्रुप की घोषणा हुई

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंडियन** वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) का गुरुवार को यहां फुटबॉल हाउस में ड्रॉ हुआ जिसके बाद ग्रुप की घोषणा की गई। ड्रॉ के दौरान अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरन भी मौजूद थे। आईडब्ल्यूएल 25 अप्रैल से शुरू होगा जिसमें 16 टीम हिस्सा लेंगी जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष चार टीम क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। शीर्ष आठ टीम को साथ ही अगले सत्र के आईडब्ल्यूएल में सीधे प्रवेश मिलेगा जो अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मुकाबलों के प्रारूप में खेला जाएगा।

## क्रिस्टिया ने मियामी में सबालेंका को हराया



एजेंसी। मियामी गार्डन्स

**सोरेना** क्रिस्टिया ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन ;23पियन एरिना सबालेंका को मियामी ओपन में सीधे सेट में हराकर एक दशक में पहली बर डब्ल्यूटीए 1000 टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्रिस्टिया ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेका को 6-4, 6-4 से हराया। सबालेंका शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं जिन्हें क्रिस्टिया ने शिकस्त दी है। क्रिस्टिया ने इससे पहले इसी महीने इंडियन्स वेल्स में चौथे नंबर की खिलाड़ी कैरोलिन गार्सिया को हराया था और फिर मियामी में भी दूसरे दौर में गार्सिया को शिकस्त दी। अपने करियर में दो एकल खिताब जीतने वाली रोमानिया की दुनिया की 74वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टिया अगले दौर में पेत्रा क्वितोवा और एकाटेरिना एलेक्सांद्रोवा के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी। क्वितोवा और एलेक्सांद्रोवा के बीच मुकाबला बुधवार रात होना था लेकिन बारिश के कारण इसे गुरुवार के लिए स्थगित कर दिया गया।

शीर्ष रैंकिंग के पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज और 10वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज के बीच होने वाला मुकाबला भी स्थगित हो गया। पुरुष वर्ग में 11वें नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एमिल रूसुवोरी को 6-3, 6-। से शिकस्त दी।

## बांग्लादेश की टीम ने टी-20 सीरीज पर अपना कब्जा जमाया

### आयरलैंड को दूसरे टी-20 में 77 रन से हराया

### टी-20 इंटरनेशनल में शाकिब के सबसे ज्यादा विकेट

एजेंसी। चटगांव

**बांग्लादेश** और आयरलैंड के बीच तीन टी-20 मैच की सीरीज खेली जा रही है। पहले मुकाबला जीतने के बाद बांग्लादेश ने चटगांव में खेले गए दूसरे मुकाबले में भी आयरलैंड को हराया। टाइगर्स ने आयरलैंड को 77 रन से शिकस्त दी, साथ ही सीरीज भी जीती। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 202 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड 125 रन ही बना सकी। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला चटगांव में कल यानी शुक्रवार को खेला जाएगा।

सीरीज जीतने के साथ बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने भी नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। शाकिब इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए है। न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीच छोड़ अब उनके कुल विकेट 136 हो गए है। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में उन्होंने 5 विकेट लिए। मैच से पहले टॉस के 10 मिनट बाद ही चटगांव में बारिश होने लग गई। करीब 40 मिनट बाद बारिश रुकी और अंपायर ने 17 ओवर का मैच कराने का फैसला लिया। मैच करीब 100 मिनट बाद मैच स्टार्ट हुआ। आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश टीम के सलामी बल्लेबाज लिटन दास और रॉनी तालुकदार ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों ने साथ टीम के लिए 9.2 ओवर में 13 चौको और 5 सिक्स की मदद से कुल 124 रन जोड़े। मैच में दोनों ने बांग्लादेश के लिए फास्टेस्ट टीम फिफ्टी और फास्टेस्ट टीम हंड्रेड भी स्कोर की। रॉनी के आउट होने के बाद कप्तान शाकिब अल हसन बल्लेबाजी करने उतरे। वहीं, तौहीद ह्रिदौए ने 13 बॉल में 24 रन बनाए। बांग्लादेश ने तीन विकेट खोकर 202 रन का स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से बेन वाइट ने दो और मार्क अडायर को एक विकेट मिला।



### आयरलैंड ने छह ओवर में गंवाए छह विकेट

**आयरलैंड** की शुरुआत खराब रही। ओपनिंग करने उतरे कप्तान पॉल स्टर्लिंग पहली की बॉल पर तस्कीन अहमद का शिकार बन गए। इसके बाद टीम के विकेट गिरते ही चले गए। रॉस अडायर 6, लोर्कन टकर 5, हैरी टेक्टर 22, गेराथ डेलनि 6 और जॉर्ज डॉकरेल 2 रन बना कर पवेलियन लौटे। 6 ओवर में 43 के स्कोर पर टीम के 6 विकेट गिर गए। इसके बाद कर्टिस कैम्फर ने पारी संभालने की कोशिश की। उन्होंने 30 गेंद में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। लेकिन वे भी तस्कीन अहमद की बॉल पर आउट हो गए। इसके बाद मार्क अडायर 6, फिओन हैंड 2 रन बना कर आउट हुए। ग्रैहम ह्यूम 20 और बेन वाइट 2 रन बना कर नाबाद रहे। सिमित 17 ओवर में आयरलैंड 9 विकेट खो कर 125 रन ही बना सकी।